सूर्योदय 6:18 सूर्यास्त 6:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 17 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,207.17 |
| निफ्टी | 24,894.25 |
| सोना 1,16,866 | चांदी 1,42,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 6 अक्तूबर 2025 | 21 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 279, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### वांगचुक ने मांगी लेह हिंसा की न्यायिक जांच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक ने लेह हिंसा के दौरान हुई 4 लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने जोधपुर सेंट्रल जेल से एक पत्र लिखा है, जो रविवार को जारी किया गया। वांगचुक ने लिखा, 'जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों और गिरफ्तार लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं। 4 लोगों की मौत की जांच एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग से होनी चाहिए, जब तक ऐसा नहीं होता, मैं जेल में ही रहूंगा।' यह लेटर एडवोकेट मुस्तफा हाजी ने साझा किया है, जो लेह एपेक्स बॉडी के कानूनी सलाहकार हैं। वांगचुक को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया ड्रीमलाइनर की इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, बर्मिंघम।** अमृतसर से इंग्लैंड के बर्मिंघम जा रहे एयर इंडिया बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 की बर्मिंघम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। लैंडिंग से पहले विमान की रैम एयर टरबाइनअपने आप एक्टिव हो गई, जिसके बाद पायलट ने एहतियातन इमरजेंसी लैंडिंग की। एयर इंडिया ने बताया कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। जांच में पाया गया कि विमान के सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रोलिक सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे थे। फिलहाल विमान को ग्राउंड कर दिया गया है और उसकी दिल्ली वापसी वाली उड़ान रद्द कर दी गई है। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा गया है। दरअसल, बोइंग ड्रीमलाइनर का यही मॉडल 12 जून को अहमदाबाद में टेकऑफ के कुछ देर बाद ही क्रैश हो गया था, इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी।

### जापान में 6.0 तीव्रता के भूकंप के लगे झटके

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भारतीय संस्था- नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने एक बयान में कहा, शनिवार देर रात जापान में भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.0 मापी गई। एनसीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र 50 किमी की गहराई में रहा। रिपोर्ट के मुताबिक जापान के होन्शू में पूर्वी तट के पास भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान एक अत्यंत सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में है। यह प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायरनामक ज्वालामुखीय क्षेत्र पर मौजूद है। जापान के पास दुनिया का सबसे सघन भूकंपीय नेटवर्क है, जिसके कारण वे कई भूकंपों को रिकॉर्ड करने में सक्षम हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बाबा बालकनाथ मंदिर के विकास के लिए 65 करोड़ मंजूर -पेज 2
- बीपीएल का पुनर्निरीक्षण अंतिम चरण में पुराने प्रमाणपत्र होंगे अमान्य -पेज 5
- कामधेनु हितकारी मंच बना दुग्ध उत्पादकों की ताकत -पेज 6
- तेज हवाओं ने पंडोह में मचाया कहर, दर्जनों पेड़ धराशायी -पेज 9
- अभिभावक घर बैठे कर सकेंगे बच्चों की पढ़ाई का आकलन -पेज 12

# हिमाचल में सर्दी की आहट

## धौलाधार-रोहतांग समेत प्रदेश की चोटियों पर बर्फबारी, मैदानों में बारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने फिर करवट ले ली है। रविवार सुबह जहां कुल्लू घाटी में झमाझम बारिश हुई, वहीं लाहौल घाटी में ताजा बर्फबारी होने से तापमान में भारी गिरावट आई है। रोहतांग दर्रा, बारालाचा समेत पूरी लाहौल घाटी में ताजा बर्फबारी हुई है। कांगड़ा जिले में शनिवार रात से जारी बारिश के कारण धौलाधार की पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ है। धौलाधार की पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर से ढक गई हैं।

खराब मौसम के चलते पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। धर्मशाला में रविवार को अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा। धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। मौसम विज्ञान शिमला के अनुसार, रविवार सुबह लाहौल घाटी के रोहतांग दर्रा, बारालाचा और कोकसर इलाकों में सीजन की पहली ताजा बर्फबारी हुई। रोहतांग मार्ग पर बर्फबारी के बाद वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद हो गई है।

वहीं, राजधानी शिमला में रविवार को दिनभर बादल छाए रहे और कई बार हल्की बारिश हुई। निचले जिलों ऊना और बिलासपुर में भी रुक-रुक कर वर्षा का सिलसिला जारी रहा, जिससे तापमान सामान्य से भी नीचे चला गया है।



धौलाधर पर्वत श्रृंखला पर हुई बर्फबारी का दृश्य।

### स्पीति के ताबो में सबसे कम तापमान

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, रविवार को प्रदेश में सबसे कम तापमान स्पीति के ताबो में 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि प्रदेश में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान बिलासपुर में 20. 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कई जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने सोमवार को कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सिरमौर और लाहौल-स्पीति जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश-बर्फबारी और ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं, ऊना, हमीरपुर और किन्नौर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से 8 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम खराब बना रहेगा। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने पूर्वानुमान जताया है कि 9 अक्तूबर से पूरे हिमाचल में मौसम साफ हो जाएगा। हालांकि, अगले दो दिन तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में तेज हवाओं और बारिश से जनजीवन प्रभावित रह सकता है।

# पांगी में 8 से शुरू होगी प्राकृतिक जौ की सरकारी खरीद: मुख्यमंत्री

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ऐलान किया है कि प्रदेश सरकार 8 अक्तूबर से चंबा जिले के पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगाए गए जौ की सरकारी खरीद शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जौ के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। पांगी जैसे दुर्गम क्षेत्र में पहली बार सरकार द्वारा समर्थित इस खरीद अभियान से स्थानीय किसानों में उत्साह का माहौल है।



मुख्यमंत्री ने बताया कि कृषि विभाग ने खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पांगी घाटी के हुड़ान, सेचु, सुराल, किलाड़ और साच में पांच खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। क्षेत्र के 80 किसान इस योजना के तहत पंजीकृत हैं। इससे पहले प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती से उत्पादित 2,123 क्विंटल गेहूं की खरीद कर चुकी है, जिसे 'हिम-भोग' ब्रांड के तहत आटा और दलिया के रूप में संसाधित कर बाजार में उतारा जाएगा। किसानों को उनकी फसल के लिए 1.27 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि 4.15 लाख रुपए परिवहन सब्सिडी के रूप में दिए गए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती को नई दिशा देने के लिए सरकार विभिन्न फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर रही है। गेहूं के लिए 60 रुपए, मक्का के लिए 40 रुपए, कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए और जौ के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम का मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से उपभोक्ताओं को रसायनमुक्त उत्पाद मिलेंगे और किसानों को उनकी उपज की बेहतर कीमत प्राप्त होगी। यह अभियान हिमाचल को प्राकृतिक खेती के मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की पहल

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार ने सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र से दुग्ध प्रोत्साहन योजना और परिवहन अनुदान योजना शुरू की हैं। दुग्ध प्रोत्साहन योजना के तहत पंजीकृत दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़े किसानों को 3 रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जबकि निजी दुग्ध समितियों को दूध संग्रहण और परिवहन के लिए 3 रुपए प्रति लीटर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीणों के हाथों में सीधे पैसा पहुंचेगा और प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# अनुराग हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ की वार्षिक आम बैठक रविवार शिमला में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। राज्यभर से पहुंचे प्रतिनिधियों और सदस्यों की उपस्थिति में संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को सर्वसम्मति से हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में खेल भावना और नई ऊर्जा का उत्सव देखने को मिला।

बैठक में 17 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर को सर्वसम्मति से संघ का मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया। विधायक बलबीर वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने, जबकि राजेश भंडारी महासचिव और अमिताभ शर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी में ईश्वर रोहल, उषा बरोवालिया और नरेंद्र अत्री उपाध्यक्ष के रूप में शामिल किए गए हैं। संयुक्त सचिवों में राज कुमार निट्ठू, डॉ. राहुल पठानिया और रमेश चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और अब समय आ गया है कि इन प्रतिभाओं को सुनियोजित ढंग से अवसर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और प्रशिक्षकों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि हर जिले में खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके।

### हिमाचल को बनाएंगे खेल उत्कृष्टता का केंद्र



**अनुराग** ने कहा कि संघ की नई टीम एकजुट होकर पारदर्शी, प्रभावी और दूरदर्शी खेल प्रशासन सुनिश्चित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में हिमाचल खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। टीमवर्क, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से ही हिमाचल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल उत्कृष्टता का केंद्र बनाया जा सकता है।

## प्रदेश के अढ़ाई हजार वेटरनरी संस्थानों में दवाइयों, इंजेक्शनों और पट्टियों का टोटा

# हिमाचल में पशुओं का इलाज राम भरोसे

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हिमाचल में पशुओं का इलाज राम भरोसे हो गया है। 6 महीनों से सूबे के तमाम छोटे-बड़े अस्पतालों में दवाएं और अन्य जरूरी सामान नहीं है। करीब अढ़ाई वेटरनरी संस्थानों में किसी भी तरह की दवाइयां और इंजेक्शन नहीं हैं। इसका कारण वेटरिनरी विभाग द्वारा सप्लाई सुनिश्चित बनाने के लिए समय पर टेंडर नहीं करना है।

सूत्रों के मुताबिक, राज्य के सभी अस्पतालों को हर तीन महीनों के बाद दवाओं और अन्य चीजों की सप्लाई करने का प्रावधान है। हर जिले में एक-एक ऐसा अस्पताल है, जहां से जिलेभर के संस्थाओं को इनकी सप्लाई की जाती है, लेकिन अब क्योंकि पूरे प्रदेश में ही जब खरीद ही नहीं हुई, तो सप्लाई कौन करेगा कहां से होगी, अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। जिला स्तर के तमाम स्टोर खाली हैं। अब इस अव्यवस्था का जवाबदेह कौन है? सरकार और जवाबदेह अधिकारियों को निश्चित रूप में इस पर सोचना चाहिए और जिनकी वजह से यह सब कुछ हुआ है, उनके खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए।

अब यदि यह तमाम चीजें अस्पतालों में नहीं होंगी, तो हर महीने करोड़ों की तनख्वाह लेने वाले कर्मचारियों, डॉक्टरों और छोटे स्तर के अधिकारियों का कसूर कोई नहीं है। शिमला स्तर पर जो 'चूक' हुई है, उसी का खामियाजा पूरे प्रदेश को भुगतना पड़ रहा है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### सीएम हेल्पलाइन एंबुलेंस सेवा का भी हाल खराब

**सीएम** हेल्पलाइन एंबुलेंस सेवा 1962 का हाल भी खराब है। इसमें भी पिछले कई महीनों से पशुओं के इलाज के लिए जिन चीजों की जरूरत रहती है या लाजिमी तौर पर एंबुलेंस में होना चाहिए, वे नहीं हैं। थर्मामीटर तक भी यदि एंबुलेंस में न हो, तो फिर व्यवस्था बनाने वालों पर सवाल तो उठेंगे ही। राज्यभर में तकरीबन 42 ऐसी एंबुलेंस चल रही हैं, जिनका कंट्रोल एक निजी संस्था के हवाले है, लेकिन हर महीने इन पर भी एक से डेढ़ लाख रुपए जब कर्मचारियों की तनख्वाह और तेल पानी के खर्च का फिजूल में देना पड़ रहा हो, तो फिर इनमें जरूरी सामान क्यों उपलब्ध नहीं है? यह भी यक्ष प्रश्न है।

### जल्द शुरू होगी दवाइयों की सप्लाई : डायरेक्टर

**वेटरनरी** विभाग के डायरेक्टर संजीव धीमान का कहना है कि अस्पतालों में दवाओं की सप्लाई बहुत जल्द शुरू हो जाएगी। किन्हीं कारणों से विलंब हुआ था, लेकिन अब टेंडर हो गया है। धीमान ने कहा कि एंबुलेंस सेवा के लिए भी केंद्र से उसके 90 फीसदी हिस्से की सहमति आ गई है और इनका भी बहुत जल्दी टेंडर हो रहा है।

# कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद हिमाचल की दवा कंपनियों पर सख्ती

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मध्य प्रदेश कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत के बाद हिमाचल प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र की कई दवा कंपनियों में उत्पादन रोक दिया गया है। राज्य दवा नियंत्रक की संयुक्त टीम ने संदिग्ध सिरप की जांच के लिए सैंपल एकत्र किए हैं। जब तक रिपोर्ट नहीं आती, सिरप उत्पादन बंद रहेगा। राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर ने बताया कि छिंदवाड़ा में हुई त्रासदी के बाद हिमाचल में सख्त निगरानी शुरू कर दी गई है।

राज्य सरकार के निर्देश पर स्टेट ड्रग कंट्रोल और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की संयुक्त टीम ने बद्दी और सोलन की पांच फार्मा यूनिट्स में निरीक्षण किया है। कुल 13 सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। राज्य सरकार ने दवा कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि जब तक सैंपल रिपोर्ट नहीं आती, छह प्रकार के सिरप का उत्पादन बंद रखें।

### केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी की सख्त हिदायतें

**इस** घटना के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की है। मंत्रालय ने स्पष्ट कहा है कि दवा कंपनियां संशोधित शेड्यूल-एम के नियमों का कड़ाई से पालन करें। बच्चों में कफ सिरप के अनियंत्रित उपयोग को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मंत्रालय ने कहा कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी-जुकाम की दवाएं सामान्य तौर पर न दी जाएं और चिकित्सकीय सलाह के बिना इनका उपयोग न किया जाए।

# चैतड़ू में बहसबाजी के बाद युवक का मर्डर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चैतड़ू में दो युवकों में बहसबाजी व मारपीट में घायल एक युवक की मौत हो गई है। मारपीट में घायल युवक को उपचार हेतु धर्मशाला अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उसे टांडा अस्पताल रेफर किया गया था। वहां शनिवार रात 12 के लगभग उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम चैतड़ू में अजय और सरवन के बीच किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई, जो देखते ही देखते झगड़े में तब्दील हो गई। मारपीट के दौरान अजय कुमार पुत्र मदन लाल निवासी चैतड़ू गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी देर रात टांडा अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने सरवन कुमार निवासी चैतड़ू को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

**टांडा अस्पताल में तोड़ा दम मामला दर्ज**

# दार्जिलिंग में 7 जगह हुई लैंडस्लाइड, 20 की मौत

## सिलिगुड़ी को सिक्किम और कालिम्पोंग से जोड़ने वाला हाईवे पूरी तरह बंद

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में तेज बारिश के बाद शनिवार रात दार्जिलिंग में 7 जगह लैंडस्लाइड हो गई। अब तक 20 लोगों की मौत हुई है और कई घर टूट गए हैं। लैंडस्लाइड के बाद मिरिक-सुखियापोखरी रोड पर मलबा आने से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। वाहनों की आवाजाही और आसपास के कई इलाकों में कम्युनिकेशन टूट गया है। उधर, मिरिक में एक लोहे का पुल भी टूट गया है। भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है। तीस्ता बाजार के पास बलुखोला में पानी भर जाने से सिलिगुड़ी को सिक्किम और कालिम्पोंग से जोड़ने वाला हाईवे पूरी तरह बंद हो गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के लिए मुआवजे का ऐलान किया, लेकिन राशि और संख्या नहीं बताई। उन्होंने कहा कि 6 अक्तूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और स्थिति का जायजा लेंगी।

उधर, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दार्जिलिंग में हुई मौतों पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**पुल टूटा, घर गिरे मलबे में दबे लोग**




**हुनर** | कभी राजघरानों के पांवों की रही शान, आज अपने अस्तित्व के लिए कर रही संघर्ष

# चंबा चप्पल को जीआई टैग मिला, पर पहचान अभी अधूरी

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** कभी रियासतकाल में राजघरानों के पांवों की शान रही चंबा चप्पल, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। चमड़े की सुगंध, हाथों की मेहनत और कला की महीन कारीगरी से बनी यह 250 साल पुरानी पारंपरिक धरोहर अब गुमनामी में जा रही है। चंबा चप्पल को सितंबर 2021 में जीआई टैग तो जरूर मिला, लेकिन इसकी पहचान अभी अधूरी ही है। आजादी के बाद 1947 में, हैंडलूम कॉरपोरेशन की स्थापना के साथ रंग महल में फुटवियर उद्योग की शुरुआत हुई, लेकिन वह ज्यादा समय तक नहीं चल सका। इसके बाद कारीगरों ने अपने घर-घर में छोटी इकाइयां शुरू कर दीं, लेकिन समर्थन की कमी के चलते यह उद्योग धीरे-धीरे बिखरने लगा।

सात पीढ़ी तक इस परंपरा को जीवित रखे हुए अनिल अहीर, जो कि चंबा चप्पल एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष भी हैं, बताते हैं कि हम पिछले 20 वर्ष से चंबा चप्पल को वह पहचान दिलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसकी वह सच्ची हकदार है, लेकिन अफसोस अभी तक उसे वैसी मान्यता नहीं मिल पाई। उन्होंने कई बार प्रशासन से अनुरोध किया है कि एचपीटीडीसी होटलों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, पोस्ट ऑफिस और पर्यटन स्थलों पर चंबा चप्पल के शोकेस लगाए जाएं, ताकि पर्यटक इसे देख सकें और खरीद सकें। उनका कहना है कि जब तक प्रमोशन नहीं होगा, तब तक न खरीददार बढ़ेंगे, न कलाकारों की रोजी-रोटी चलेगी।



चंबा चप्पल बनाते कारीगर अनिल अहीर।

### राजघरानों से आमजन तक गौरवशाली सफर

**अनिल** अहीर बताते हैं कि चंबा चप्पल का दस्तावेजी इतिहास 150 साल पुराना है। रियासत काल में यह चप्पल सिर्फ राज परिवारों के लिए बनाई जाती थी। ब्रिटिश काल आने के बाद जब विदेशी लोग चंबा पहुंचे, तो उन्होंने इस कारीगरी की बारीकी को सराहा और कई डिजाइनों में नवाचार हुए। कारीगर इतने निपुण थे कि ब्रिटिश डिजाइनर भी उनके हाथों की कला देखकर दंग रह जाते थे।

अनंत ज्ञान खास खबर

### चंबा चप्पल बनाने वाले अब सिर्फ 150 कारीगर ही बचे

**चंबा** में इस चप्पल को बनाने वाले अब सिर्फ 150 कारीगर ही बचे हैं, जो अपनी परंपरा को जिंदा रखने के लिए ऋण लेकर काम कर रहे हैं। अनिल अहीर कहते हैं कि काम की कमी के कारण बिकवाली लगातार घट रही है। सरकार और प्रशासन इस पर गंभीर नहीं है। अगर यही हाल रहा तो आने वाली पीढ़ियां चंबा चप्पल का नाम सिर्फ किताबों में पढ़ेंगी।

### प्रमोशन की दरकार

**अनिल** अहीर का साफ कहना है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोशन की कमी ही चंबा चप्पल के पतन का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने दिल्ली और दक्षिण भारत तक जाकर इस कला का प्रचार किया, लेकिन सरकारी मदद के बिना यह अभियान अधूरा रह गया। हम इतिहास को अपने हाथों से मिटता देख रहे हैं। वह भावुक होकर कहते है कि अगर सरकार ने ध्यान नहीं दिया, तो चंबा चप्पल सिर्फ इतिहास की किताबों में रह जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों से 371.40 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर के अधीन पुलिस टीम द्वारा आरोपी पारस सौंधी पुत्र अजय सौंधी मकान नंबर 93, वार्ड नंबर 03 प्रतापनगर हमीरपुर व नितिन कुमार पुत्र विजय कुमार गांव टेक्टी तहसील मरहोरा जिला सारण बिहार के कब्जा से 371.40 ग्राम चरस (भांग) बरामद की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए थाना सदर जिला हमीरपुर में एनडीपीएस अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### जलाड़ी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएमसाई शिक्षण महाविद्यालय कल्लर जलाड़ी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न हुआ, जिसमें देश भर के शिक्षाविद, शोधकर्ता और उत्कृष्ट कार्यकर्ता शामिल हुए। सेमिनार का विषय था 'शैक्षणिक और मानवीय उत्कृष्टता के लिए मानवीय मूल्य।' मुख्य अतिथि आरसी शर्मा सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने बताया कि आज की तेज जीवनशैली में मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य बनाए रखना आवश्यक है। प्रतिभागियों ने बाल विकास, नैतिकता और सामाजिक समरसता पर विचार-विमर्श किया। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को केवल रोजगार के लिए तैयार करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाना शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

### पेंशनर्स की मांगों को लेकर जताई चिंता

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में रिटायर्ड एम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में दिवंगत सदस्यों बिशम्भर दत्त, प्रशोतम चंद, कमला कपिल और सुदेश शर्मा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सलाहकार बेली राम जसवाल ने की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि पेंशनर्स की लंबित मांगों जैसे अर्जित अवकाश, वेतन एरियर, कम्यूटेशन, मेडिकल बिल और ग्रेच्युटी का शीघ्र भुगतान न होने पर एसोसिएशन विरोध प्रदर्शन पर मजबूर होगी। सरकार से यह भी मांग की गई कि जनवरी 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जल्द डीए दिया जाए। पेंशनर्स की इन मांगों के निपटारे में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीएम सुक्खू व डॉ. पुष्पेंद्र का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत अमनेड के राहजोल गांव में रविवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा के सम्मान में ग्रामीणों द्वारा भव्य आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. वर्मा के स्वागत में ग्रामीणों ने पारंपरिक शॉल, टोपी और फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के सहयोग से गांव की सड़क के लिए 6 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है तथा जल स्रोतों के विद्युतिकरण का कार्य जारी है। डॉ. वर्मा ने ग्रामीण विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य, ई-टैक्सी योजना और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास हेतु प्रस्तावित लाल सौंदर्यीकरण परियोजना की भी चर्चा की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### करोट स्कूल के मेधावी बच्चे किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** उपमंडल के करोट विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह पहुंचे। विद्यालय पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्कूल को डेबोर्डिंग, सीबीएसई शिक्षा और अटल टिंकरिंग लैब जैसी सौगातें मिली हैं, जिनके लिए मुख्यमंत्री और विधायक का आभार जताया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा, जिन्हें देखकर विधायक ने 11,000 रुपए इनाम स्वरूप दिए। इस अवसर पर विधायक ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने की प्रेरणा दी और मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीण व गणमान्य उपस्थित रहे।

### हमीरपुर में ओवरसीज भर्ती ड्राइव 9 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल सरकार राज्य के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 9 अक्टूबर को हमीरपुर के सरकारी पॉलिटेक्निक में ओवरसीज भर्ती ड्राइव आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार यह ड्राइव एचपीएसईडीसी, श्रम एवं रोजगार विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा विदेश मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एजेंसी के सहयोग से होगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। पात्र अभ्यर्थियों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाएगा। भर्ती से जुड़ी जानकारी शीघ्र ही रोजगार कार्यालयों, सोशल मीडिया और एचपीएसईडीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### अगस्त माह की पेंशन न मिलने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन की हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक में पेंशनरों ने अगस्त माह की पेंशन आधे लोगों को मिलने और कुछ को न मिलने पर रोष व्यक्त किया। अध्यक्ष हुकम चंद शर्मा ने कहा कि सरकार पेंशनरों के साथ अन्याय कर रही है और उन्होंने पेंशन, एरियर, व चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 अक्टूबर को जेसीसी के बैनर तले शिमला में विशाल शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पेंशनरों ने सरकार और परिवहन प्रबंधन से उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया है। हुकम चंद शर्मा ने कहा कि यह धरना पेंशनरों के हक के लिए एक निर्णायक कदम होगा।

### चबूतरा में बताईं एससी वर्ग की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अनुसूचित जाति के कल्याण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, इस वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए अधिनियमों तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आरंभ किए गए विशेष जागरूकता अभियान के तहत रविवार को सुजानपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत चबूतरा के वार्ड नंबर-1 में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध सुरभि कला मंच सुजानपुर के लोक कलाकारों ने लोगों को गीत संगीत एवं नाटक के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई गई अनुसूचित जाति वर्ग के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया व नशे के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

### 358 विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय उच्च पाठशाला ब्राहलड़ी में आयोजित खंड स्तरीय - 14 अभ्यास खेल प्रतियोगिताओं में 358 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें 172 निजी व 186 सरकारी स्कूलों के खिलाड़ी शामिल रहे। वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो में 12-12 तथा चैस व बैडमिंटन में 5-5 छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख स्कूलों में रा.उ.पा. ब्राहलड़ी, सासन, नरेली, नाल्टी, ख्याह, झगड़याणी (गर्ल्स), अमरोह, मटाहणी, ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल, हृष्य हीरानगर, न्यू गुरुकुल पक्का भरो, त्ररू होली हर्ट धनेड, मैगनेट स्कूल हमीरपुर, लिलि लिटल नाल्टी, सवितरी पब्लिक स्कूल व ऑल माइटी पब्लिक स्कूल शामिल रहे।

### प्रयास सोसायटी ने दिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित प्रयास सोसायटी ने सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित दो जरूरतमंद परिवारों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए। सुरेन्द्र कुमार घिघड़ (हमीरपुर) की माता और मोहीं निवासी मनशो देवी पत्नी स्व. होशियार सिंह को यह सहायता दी गई। दोनों परिवारों ने दीनहित मंडल लंबलू इकाई से सहायता की अपील की थी। इकाई के प्रेस सचिव कुलदीप शास्त्री ने बताया कि मुख्यालय आवाहदेवी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह जीवन रक्षक उपकरण प्रदान किए। पीड़ित परिवारों ने अनुराग ठाकुर और प्रयास संस्था का आभार जताया। संस्था जनकल्याण और जरूरतमंदों की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है।

### विधायक ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को हिमाचल प्रदेश भाजपा कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त और प्रभावशाली बनाने के लिए पूरी निष्ठा व मेहनत से कार्य करेंगे। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे। उन्होंने साथ ही अन्य नव नियुक्त भाजपा साथियों को भी शुभकामनाएं देते हुए सभी से मिलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।

# नई मशीनों से लैस रेडक्रॉस लैब

## अब कम कीमत पर मरीज ले सकेंगे टेस्ट की सुविधा, फंड की कमी होने से बंद थे टेस्ट

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** डॉ राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्थापित रेडक्रास लैब का विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हमीरपुर की रेडक्रॉस लैब को दोबारा से शुभारंभ किया था। यह रेडक्रॉस लैब पिछले डेढ साल से बंद पड़ी थी जिससे यहां पर आने वाले मरीजों के टेस्ट नहीं हो पा रहे थे।

इसका मुख्य कारण था कि प्रदेश सरकार के पास बजट न होने के कारण नेशनल हेल्थ मिशन के तहत फंड रिलीज नहीं किया जा रहा था। जिससे रेडक्रॉस लैब द्वारा बाहर करवाए जाने वाले टेस्ट व अन्य खरीदे जाने वाले सामान की लगभग 80 लाख रुपए की देनदारियां हो गई थी। इसके अलावा मशीनों में खराबी आ जाने के कारण और नई मशीनें न होने के कारण लैब में होने वाले सभी टेस्ट बंद कर दिए थे। फंड की कमी होने के कारण यहां तक कि लैब में तैनात 7 कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी राशि उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। यही नहीं रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियां भी न के बराबर रह गई थी।

रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त हमीरपुर ने रेडक्रास सोसायटी को को फिर से चलाने के लिए जो प्रयास किए वो रंग लाने लगे है। उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी को चलाने के लिए फंड जनरेट किए और जो देनदारियां थी उनका भी भुगतान किया। वहीं रेडक्रास लैब में मशीनें या तो खराब हो चुकी थी या फिर पुरानी मशीनों से टेस्ट करने में समय लग रहा था।

उपायुक्त हमीरपुर ने रेडक्रॉस लैब में नई आधुनिक मशीनें स्थापित करवाई जिससे एक सप्ताह से इन मशीनों पर ट्रायल करने के बाद टेस्ट शुरू कर दिए हैं। बता दें कि रेडक्रॉस लैब में तीन नई मशीनें लगाई गई हैं जिनमें बायोकेमिस्ट्री जो पूरी तरह से आटोमेटिक है। इसके अलावा इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर तो सेमी आटोमेटिक है और पीटीसी आईएनआर मशीन जो सरकारी लैब में भी लगाई गई है। इसके अलावा एक और मशीन थायराइड की आने वाली है जिससे थायराइड के टेस्ट भी किए जा सकेंगे।



### पीलिया, पथरी, डेंगू, मलेरिया के होंगे टेस्ट

रेडक्रॉस लैब में विभिन्न प्रकार के टेस्ट बाजार से कम दामों में किए जा रहे हैं। यहां पर स्थापित मशीनों से हृदय से संबंधित टेस्ट, पीलिया, पथरी, डेंगू, मलेरिया के भी टेस्ट किए जा रहे हैं।

### हमीरपुर की रेडक्रॉस लैब फिर से शुरू : अमरजीत

उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी की लैब के लिए आधुनिक नई मशीनें खरीदी गई हैं। उन्होंने कहा कि अब मरीजों को यहां पर फिर से टेस्ट करवाने की सुविधाएं शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस लैब में टेस्ट करवाने के लिए बहुत कम कीमत रखी गई है जिससे मरीज आसानी से यहां पर टेस्ट करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लैब में तैनात कर्मचारियों को भी समय पर वेतन दिया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री कार्यालय ने टीईटी मामले में दिखाई तत्परता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

### शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया हिमाचल टीजीटी कला संघ का ज्ञापन

**हमीरपुर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग को लेकर हिमाचल प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ की ओर से उठाए गए मुद्दे पर अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने संज्ञान लिया है। संघ के महासचिव विजय हीर द्वारा भेजे गए ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले को शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली को भेज दिया है।

विजय हीर ने बताया कि वर्ष 2010 से पहले विभिन्न चयन आयोगों व बोर्डों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं के माध्यम से चयनित शिक्षक पहले ही पात्र माने गए थे, क्योंकि उस समय राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के पुराने नियम लागू थे और टीईटी अस्तित्व में नहीं था।


संघ का कहना है कि आरटीई अधिनियम की धारा 23 के अनुसार 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू नहीं होती। फिर भी देश के विभिन्न राज्यों में इन शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उनकी पदोन्नति, वेतनवृद्धि और सेवा सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा दर्ज ज्ञापन संख्या पीएमओपीजी /ई/2025/ 0143597 के तहत यह मामला अब स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, समग्र शिक्षा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के नोडल अधिकारी बिपिन कुमार लाडिया को सौंपा गया है। संघ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि आरटीई अधिनियम में संशोधन कर 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को स्पष्ट रूप से टीईटी से छूट दी जाए।

# बाबा बालकनाथ मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए 65 करोड़ की परियोजना मंजूर

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पर्यटन क्षेत्र को भी विशेष रूप से प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल करके इस क्षेत्र के लिए कई नई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें प्रदेश के सभी प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं की विभिन्न सुविधाओं से संबंधित ढांचागत विकास शामिल है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने उत्तर भारत के बड़े धार्मिक स्थलों में शामिल दियोटसिद्ध के बाबा बालक नाथ मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण एवं ढांचागत विकास के लिए एडीबी के सहयोग से 65 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से जहां मंदिर परिसर और इसके आस-पास के पूरे क्षेत्र का चहुमुखी विकास और सौंदर्यीकरण सुनिश्चित होगा, वहीं देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



बाबा बालकनाथ मंदिर में साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। यहां पीक सीजन में कई बार एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से कई सुविधाएं कम पड़ जाती हैं। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर और इसके आस-पास के पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐसी परियोजना स्वीकृत की है, जिससे इस धार्मिक स्थल की कायाकल्प हो जाएगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी रवि धीमान ने बताया कि 65 करोड़ रुपये की इस परियोजना में मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, इसके आस-पास के पुराने भवनों की जगह नए भवनों का निर्माण, बड़े पार्किंग स्थलों का निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान इत्यादि कार्य शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस योजना के क्रियान्वयन से बाबा बालक नाथ मंदिर और इसके आस-पास का पूरा क्षेत्र एक नए लुक में नजर आएगा। इससे जहां बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी और उनकी यात्रा सुखद एवं सुविधाजनक रहेगी, वहीं स्थानीय लोगों को भी अधिक रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत यह परियोजना निसंदेह, दियोटसिद्ध क्षेत्र के चहुमुखी विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी दियोटसिद्ध क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को हरी झंडी

# बड़सर में मुख्यमंत्री का होगा भव्य स्वागत कांग्रेस सेवादल देगा मार्च पास्ट से सलामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला कांग्रेस सेवादल की जिला स्तरीय बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष हेमराज भारद्वाज ने की। बैठक में जिले के सभी कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे। प्रमुख विषय मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के दौरे को लेकर चर्चा हुई। 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री अपने एक दिवसीय दौरे पर बड़सर आएंगे और विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल द्वारा भव्य मार्च पास्ट कर उनका स्वागत किया जाएगा। जिला कांग्रेस सेवादल ने कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिला कार्यकारी अध्यक्ष हेमराज भारद्वाज ने बताया कि आगामी 13 अक्टूबर को शिमला में स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण होगा। इस कार्यक्रम में पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व के कई नेता शामिल होंगे। इस आयोजन में प्रदेश भर से करीब 1000 सेवादल कार्यकर्ता भाग लेंगे और सेवादल की विशेष भूमिका होगी।




जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक में अध्यक्ष हेमराज भारद्वाज और अन्य पदाधिकारी मुख्यमंत्री सुखव्रिद्र सिंह सुक्खू के बड़सर दौरे की तैयारियों पर चर्चा करते हुए।

### हमीरपुर में कांग्रेस सेवादल की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने जीएसटी स्लैब में कटौती को लेकर भाजपा के जश्न पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 2017 से 2025 तक भाजपा ने जनता से भारी टैक्स वसूला, जिससे गरीब वर्ग को कड़ी मार पड़ी। कई छोटे व्यापारी बेरोजगार हुए और कई कारोबार ठप हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा को माफी मांगनी चाहिए न कि अपने गलत कामों का जश्न मनाना चाहिए। इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार ने अपने तीन साल के कार्यकाल में 7 वादे पूरे किए हैं, जिनमें ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करना भी शामिल है।

बैठक में केसीसीबी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप पठानिया, डा. पुष्पेंद्र वर्मा, शहंशाह, अंशुल शर्मा, राजीव कौशल, दलीप कुमार, सुबेदार हंस राज, सुभाष चंद्र, गोपाल कृष्ण, कैप्टन दलीप सिंह कटोच, सुशील, सुरेंद्र जरयाल, राजेश शर्मा, सुनील शर्मा, मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बड़सर के लोहारडा गांव में आपदा प्रभावित परिवारों को सेवा भारती ने पहुंचाई राहत




**अनंत ज्ञान, बड़सर**

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र के लोहारडा गांव में हाल ही की भारी बारिश के चलते तीन गरीब परिवारों के मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। प्रभावित परिवारों अजय कुमार, संजय कुमार और सपन कुमार को सेवा भारती समाजसेवी संस्था ने राहत सामग्री प्रदान की। संस्था की टीम दीपचंद के नेतृत्व में गांव पहुंची और प्रभावितों को बिस्तर, बर्तन, रसोई का सामान, तिरपाल, सौर ऊर्जा लाइट, स्कूली बैग, कॉपियां तथा अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं सौंपीं। इन परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और सभी बीपीएल श्रेणी में आते हैं। अजय कुमार अपंग होने के बावजूद मेहनत कर परिवार चला रहा है और फिलहाल अपने पड़ोसी प्रवीण कुमार के घर में शरण लिए हुए है। विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने भी एक-एक तिरपाल देकर मदद की है, जबकि पटवारी ने नुकसान का एस्टीमेट बनाकर सरकार को भेजा है।

सेवा भारती की टीम जब गांव पहुंची तो एक भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। परिवारों का कहना है कि अब तक कोई सरकारी सहायता नहीं मिली है। संस्था के पदाधिकारियों ने सरकार से अपील की है कि आपदा प्रभावित निर्धन परिवारों को तत्काल राहत दी जाए, ताकि वे दोबारा सामान्य जीवन शुरू कर सकें।

### सरकारी मदद अब तक नदारद समाजसेवियों ने जताई चिंता

# पीएचडी में शोध व यूजी-पीजी में प्रोजेक्टों में जरूरी बदलाव: सीपीयू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी दिशा में विश्वविद्यालय ने एक नया कदम उठाते हुए पीएचडी शोधार्थियों को इंडस्ट्री और कम्युनिटी आधारित समस्याओं पर शोध करने को कहा है।

इस पहल का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक समस्याओं पर कार्य करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि उनके शोध और नवाचार समाज एवं उद्योग दोनों के लिए उपयोगी साबित हों। विश्वविद्यालय ने इस पहल को केवल शोधार्थियों तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों को भी उनके कोर्स की शुरुआत से ही प्रोजेक्ट कार्य सौंपना शुरू कर दिया है। अब छात्र तीन, चार या पाँच वर्ष की पढ़ाई की पूरी अवधि के दौरान अपने प्रोजेक्ट पर कार्य कर सकेंगे। पहले यह प्रोजेक्ट कार्य सामान्यत: डिग्री के अंतिम चरण में ही दिए जाते थे।

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्रोफेसर को जो शोधार्थियों के गाइड एवं सुपरवाइजर की भूमिका भी निभाएंगे के साथ महत्वपूर्ण शोध विषयों पर चर्चा कर अन्तिम रूप दिया गया। शोधार्थियों द्वारा सामने लाई गई समस्याओं पर विचार कर उनके विभागों के प्रोफेसरों द्वारा इनके समाधान के लिए इसकी जिम्मेदारी डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डा. कुलदीप कुमार को दी। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि यह पहल शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी विभागों के प्रयास शोधार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

# पूर्व सीएम धूमल से भेंट कर लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नवनियुक्त भाजपा के जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राज कुमार ने विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और पार्टी कार्यकर्ताओं सहित पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

# हमीरपुर में पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस कर्मियों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस, अनुशासन व आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रथम जिला स्तरीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता साईं मैदान अणु स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुई। इस खेलकूद समारोह का शुभारंभ उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फिट पुलिस ही हिट पुलिस है' और यह प्रतियोगिता पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता को और सुदृढ़ बनाएगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, एएसपी राजेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जिले के सभी थाना, चौकियों और पुलिस इकाइयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुकाबले अभी जारी हैं और पुलिस कर्मियों में खासा उत्साह देखा गया।

# बधाणी पंचायत में निर्माण कार्यों को लेकर उठा घोटाले का आरोप

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

### ग्रामीणों ने आरटीआई से खोले घोटाले के दस्तावेज 15 दिन में कार्रवाई की मांग

### पंचायत प्रधान व सचिव ने आरोपों को किया खारिज जांच की चुनौती दी

**जाहू।** बधाणी पंचायत में निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। जाहू क्षेत्र के ग्रामीणों - पृथी चंद ठाकुर, मिलाप चंद, पुरुषोत्तम लाल, अश्वनी कुमार, राकेश कुमार, मनजीत सिंह व संतोष कुमार ने बीडीओ व डीपीओ हमीरपुर को शिकायत सौंपकर दोषियों को 15 दिनों के भीतर निलंबित करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि आरटीआई से प्राप्त 52 पन्नों की लोकल ऑडिट रिपोर्ट में लाखों के घोटाले और पंचायती राज अधिनियमों के उल्लंघन का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, करीब एक लाख रुपये के बिलों के साथ टेंपरिंग की गई, जिसमें 2022 की तिथि को बदलकर 2023 दिखाया गया व 200 से ज्यादा सीमेंट बैगों का गबन किया गया।

दलालड़ गांव में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए संपर्क मार्ग को पंचायत ने अपना कार्य बताकर फर्जी मस्टररोल तैयार किया और उसमें दो-दो स्थानों पर एक ही दिन की हाजरी दर्ज कर गोलमाल किया गया। पंचायत प्रधान और उपप्रधान के नाम पर लाखों के बिल जनरेट कर राशि हड़पने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, पंचायत चौकीदार की पत्नी के नाम मिठाई के 31,000 रुपये, पौधारोपण पर 72,000 रुपये और गैस सिलेंडरों पर 22,000 रुपये की अदायगी का भी उल्लेख है।

पंचायत सचिव अजय कुमार और प्रधान विनोद कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी कार्य नियमानुसार हुए हैं और जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो वे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे।

# अनुराग ठाकुर को पुन: ओलंपिक संघ अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ का अध्यक्ष दोबारा नियुक्त किए जाने पर हमीरपुर भाजपा ने उन्हें बधाई दी है। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा मिला है और उनका समर्पण युवाओं को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ठाकुर की यह पुनर्नियुक्ति राज्य के खेल विकास में उनकी अहम भूमिका को मान्यता देती है। इस अवसर पर जिला भाजपा ने यह भी बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की है, जिसमें हमीरपुर जिले से 11 सदस्य शामिल किए गए हैं। इनमें विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी, विजय अग्निहोत्री सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल नयन, प्रवेश चंदेल, हुकुम सिंह बैंस, हरीश शर्मा, देशराज शर्मा और विजय बहल शामिल हैं। राकेश ठाकुर ने विश्वास जताया कि यह टीम संगठन को और अधिक मजबूत करेगी।

# बिझड़ी के ढटवाल क्षेत्र में 9 घंटे तक बिजली गुल, उपभोक्ता हुए परेशान

### रात के तूफान ने बढ़ाई मुसीबत, तकनीकी समस्या बनी कारण

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हमीरपुर जिले की बिझड़ी तहसील के ढटवाल क्षेत्र में शनिवार रात आए हल्के तूफान और बारिश के बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। क्षेत्रवासियों को लगभग 9 घंटे तक अंधेरे में रहना पड़ा, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बताया जा रहा है कि रात करीब 4 बजे बिजली गुल हुई, जो दोपहर 1 बजे के बाद ही बहाल हो सकी।

बिजली की यह अनियमित आपूर्ति अब लोगों की सहनशक्ति से बाहर हो चुकी है। स्थानीय निवासी राजीव कुमार, पूनम शर्मा सीमा शर्मा सुरेश कुमार, दीनानाथ, देशराज, संजय कुमार, विजय कुमार, रोहित शर्मा, राकेश कुमार, राजेश कुमार, कुशल कुमारी, बीना देवी, रेखा देवी, कांता देवी व ममता कुमारी आदि ने बिजली विभाग व सरकार के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि जब 132 केवी का सब-स्टेशन बन चुका है, तब बार-बार बिजली जाना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। अधिकारी जब यह दावा करते थे कि अब बिजली की कोई समस्या नहीं आएगी, तो हर तीसरे दिन लाइट गुल क्यों होती है?

### कहने को तो सीएम का जिला, लेकिन हालात बेहाल

**हमीरपुर** जिले से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं विधायक हैं, इसके बावजूद बिजली विभाग की लचर व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि अधिकारियों को भारी भरकम वेतन और भत्ते दिए जाते हैं, लेकिन सुविधाओं की गुणवत्ता जस की तस बनी हुई है।

### तकनीकी दिक्कत का हवाला, कर्मियों की जुटी टीम

**इस** विषय में बिजली बोर्ड कोटला बिझड़ी के एसडीओ राकेश बंधन ने बताया कि देर रात आए तूफान के चलते विद्युत लाइन में तकनीकी समस्या आ गई थी। विभागीय कर्मचारी पूरी तत्परता से समस्या को हल करने में लगे थे और दोपहर 1 बजे तक सप्लाई बहाल कर दी गई।

### विकल्प नहीं मिला तो सड़कों पर उतरेंगे उपभोक्ता

**स्थानीय** लोगों ने सरकार और विभाग से मांग की है कि ढटबाल क्षेत्र में बार-बार हो रही बिजली समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो जनता विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और बिजली विभाग की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का कल से चौपाल प्रवास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 7 और 8 अक्तूबर, को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रवास के दौरान मंत्री क्षेत्र में विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे और स्थानीय जनता से संवाद भी करेंगे। प्रवक्ता के अनुसार, 7 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे रोहित ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, खद्दर के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत वह विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। समारोह के बाद शिक्षा मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। 8 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे, वह जीयूएसएसएस, नेरवा के बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह जिला स्तरीय अंडर-19 बालिका टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रमों के उपरांत मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर क्षेत्र की जनसमस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

### इंदौरा की जनता ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को रविवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री मलेंद्र राजन जी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए तीन लाख रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस योगदान के लिए विधायक मलेंद्र राजन और इंदौरा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहयोग हिमाचल की आपसी संवेदनशीलता और सेवा भावना की मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि और जनता मिलकर राहत कार्यों में सहयोग देते हैं तो यह राज्य की सामाजिक एकजुटता को और मजबूत बनाता है। इस अवसर पर विधायक राम कुमार, संजय अवस्थी और सुदर्शन बबलू भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयास प्रदेश में मानवीय संवेदना और सहयोग की भावना को नई दिशा देते हैं।

### शिमला जिले में 11 लिंक सड़कें अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले की सभी मुख्य सड़कें सुचारू हैं जबकि 11 लिंक सड़कें भूस्खलन या अन्य कारणों से अवरुद्ध पाई गई हैं। इनमें शिमला (शहरी) की सब्जी मंडी कार्ट रोड, रामपुर और कुमारसैन क्षेत्र की चार-चार सड़कें सहित चौपाल की एक लिंक रोड शामिल है। चौपाल में एक वितरण ट्रांसफार्मर बंद होने और दो पेयजल योजनाओं के प्रभावित होने की सूचना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मरम्मत और बहाली कार्य के लिए आवश्यक मशीनरी मौके पर तैनात की गई है। जिले में फिलहाल किसी मुख्य सड़क के अवरुद्ध होने की स्थिति नहीं है और बिजली व पेयजल आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

### तृप्ता स्कूल में इनहाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में इनहाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें इसका विषय नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 रहा इस उपलक्ष्य पर रिसोर्स पर्सन डॉ. आरती शर्मा बिबा पब्लिकेशन की ओर से शगुन ने शिरकत की सबसे पहले रिसोर्स पर्सन डॉ. आरती शर्मा और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने द्वीप प्रज्वलित करके प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। उसके उपरांत आए हुए रिसोर्स पर्सन डॉ. आरती शर्मा और बीबा पब्लिकेशन की ओर से शगुन और महेश को प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया रिसोर्स पर्सन डॉ. आरती शर्मा ने अध्यापकों को एन सी एफ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एनसीएफ और एनईपी के अंतर के बारे में बताते हुए उसमें कौन कौन से उद्देश्य है उनके बारे में बताया उन्होंने एनसीएफ में शिक्षा की स्टेजनजेस के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने प्रोफेशनल डेवलपमेंट ऑफ टीचर्स के बारे में भी बताया उन्होंने एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग के बारे में कहा रिसोर्स पर्सन द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधियों को करवा कर यह समझाने का प्रयास किया। उन्होंने एन सी एफ और एन ई पी के बीच अंतर बताया अंत में आए हुए रिसोर्स पर्सन डॉ आरती शर्मा और बीबा पब्लिकेशन से आए हुए शगुन और महेश का धन्यवाद किया।


## पात्र परिवारों को सुनिश्चित होगा लाभ, मजबूत तकनीक से गड़बड़ियां रुकेंगी

# ई-केवाईसी से मिलेगा पीडीएस का लाभ

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और निष्पक्ष बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाया है। अब ई-केवाईसी प्रक्रिया के तहत केवल वही परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जो पात्र हैं। सरकार ने ऐसी सशक्त तकनीकी व्यवस्था विकसित की है जिससे अपात्र या फर्जी लाभार्थी स्वतः ही सिस्टम से बाहर हो जाएंगे। यह प्रक्रिया न केवल पारदर्शिता लाएगी बल्कि राशन वितरण में होने वाली गड़बड़ियों और धोखाधड़ी पर भी पूरी तरह लगाम लगाएगी। मुख्यमंत्री सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल अब प्रदेश में सुशासन और तकनीकी दक्षता का प्रतीक बन गई है।

जानकारी के अनुसार ई-केवाईसी के माध्यम से आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ा गया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ वास्तविक पात्र परिवारों तक ही पहुंचे। पहले जहां अपात्र लाभार्थियों द्वारा सब्सिडी युक्त अनाज का गलत उपयोग होता था, अब यह पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। प्रदेश में मई, 2022 से शुरू हुई इस प्रक्रिया ने अब तक लाखों परिवारों को राहत दी है और अनाज वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाया है। प्रदेश के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा जुलाई, 2023 में विकसित किए गए ई-केवाईसी एप्लिकेशन ने लाभार्थियों के लिए प्रक्रिया को अत्यंत सरल बना दिया।



**डिजिटल सुशासन की दिशा में हिमाचल की बड़ी उपलब्धि**

अब उचित मूल्य की दुकानों पर फिंगरप्रिंट के जरिए पहचान सत्यापन संभव है। शुरुआत में जहां 60 प्रतिशत लाभार्थियों ने इस प्रक्रिया को अपनाया था, वहीं जुलाई, 2024 तक यह संख्या 77 प्रतिशत तक पहुंच गई। तकनीक ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ाया बल्कि वितरण प्रणाली को भ्रष्टाचार-मुक्त करने की दिशा में मजबूत कदम साबित हुआ। पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चेहरे की पहचान आधारित ई-केवाईसी सुविधा शुरू की।

इस सुविधा से लाभार्थियों को अब उचित मूल्य की दुकानों तक जाने की आवश्यकता नहीं रही। वे घर बैठे मोबाइल ऐप से अपनी पहचान सत्यापित कर सकते हैं। परिणामस्वरूप मार्च, 2025 तक ई-केवाईसी प्रक्रिया 97 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है, जो डिजिटल सुशासन की दिशा में हिमाचल की बड़ी उपलब्धि है।

### अभियान दूरदर्शी नेतृत्व और पारदर्शी शासन का प्रतीक

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि 'सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचे।' ई-केवाईसी की सफलता इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। इस पहल ने न केवल फर्जीवाड़े को समाप्त किया है बल्कि आम नागरिकों का विश्वास भी मजबूत किया है। उनके मुताबिक अब हिमाचल प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली तकनीकी पारदर्शिता, सुशासन और जनहित के संतुलित संगम का आदर्श उदाहरण बन चुकी है। इस प्रणाली से अब पात्र लोगों को लाभ प्राप्त हो जाएगा और फर्जीवाड़े को समाप्त किया जाएगा।

## वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह बनेगा ऐतिहासिक अवसर: विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह समारोह 13 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा और इसका आयोजन प्रदेश सरकार द्वारा राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के सभी सदस्यों को आगंतुकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि इस ऐतिहासिक क्षण में किसी को भी असुविधा न हो।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की भावनाओं को देखते हुए वीरभद्र सिंह की प्रतिमा को रिज मैदान पर स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि इस समारोह में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राजीव शुक्ला, रजनी पाटिल, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित कैबिनेट के सभी मंत्री, विधायक और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दलगत सीमाओं से परे होगा और वीरभद्र सिंह के सहयोगियों व समर्थकों के साथ-साथ विपक्ष के नेताओं को भी विशेष आमंत्रण भेजा जाएगा।

### एकजुटता और विकास की प्रतीक रहेगी प्रतिमा

**फाउंडेशन** की बैठक में समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बताया गया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा और लोगों को सुबह 9 बजे तक सभा स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया गया है। विधायक एवं फाउंडेशन के उपाध्यक्ष हरीश जनारथा ने कहा कि सभी सदस्यों को सौंपी गई जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाना होगा। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह न केवल राजनीति के बल्कि जनसेवा और प्रेमभाव के प्रतीक थे।

## घनाहट्टी के पास एचआरटीसी बस की ब्रेक फेल, 34 सवारियों की बची जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला से धर्मशाला के लिए निकली एचआरटीसी की एक बस रविवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते बच गई। घनाहट्टी के पास बस के ब्रेक अचानक फेल हो गए, लेकिन चालक की सूझबूझ से सभी 34 सवारियां सुरक्षित रहीं।



बस आईएसबीटी शिमला से सुबह 9:40 बजे धर्मशाला के लिए रवाना हुई थी। करीब एक घंटे बाद जब यह बस घनाहट्टी पहुंची, तो अचानक ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस को सड़क के किनारे मोड़कर रोका, जिससे बस गहरी खाई में गिरने से बच गई। बस में बैठे यात्रियों में कुछ क्षण के लिए दहशत का माहौल पैदा हो गया, लेकिन जब वाहन रुक गया तो सभी ने राहत की सांस ली। बस के चालक ने बताया कि जैसे ही उसे ब्रेक में दिक्कत महसूस हुई, उसने तुरंत गियर डाउन कर बस की रफ्तार नियंत्रित करने की कोशिश की। उसकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। सभी सवारियों को बाद में दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए भेजा गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

## श्री वाल्मीकि मंदिर से निकाली गई सांझ फेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कृष्णानगर स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर में रविवार को भगवान वाल्मीकि के 1214वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ सांझ फेरी निकाली गई। यह फेरी शाम साढ़े चार बजे मंदिर परिसर से शुरू होकर लालपानी और फिर रामनगर तक पहुंची।

रास्ते में भक्तों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर जयघोष करते हुए श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनाया। महिलाओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन किए, जबकि भक्तों ने विभिन्न स्थानों पर खाने-पीने के स्टॉल और लंगर लगाए। नकुल और विजय ने सुंदर भजनों से वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया। इस सांझ फेरी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान वाल्मीकि के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त की।

## सीटू जिला सम्मेलन में 49 सदस्यीय कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला की अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न सीटू जिला कमेटी शिमला के दो दिवसीय जिला सम्मेलन में 49 सदस्यीय नई जिला कमेटी का गठन किया गया। कुलदीप डोगरा को अध्यक्ष, अमित कुमार को महासचिव, बालक राम को कोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि अजय दुलटा, सुनील मेहता, वीरेंद्र लाल, दिनेश मेहता, शांति देवी और प्रताप चौहान उपाध्यक्ष बनाए गए।

सम्मेलन को सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा और महासचिव अमित कुमार ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के माध्यम से श्रम कानूनों को खत्म कर रही है जिससे 70 प्रतिशत उद्योग और 74 प्रतिशत मजदूर इसके दायरे से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने न्यूनतम वेतन



सीटू जिला सम्मेलन में नई जिला कमेटी का गठन करते हुए उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

26,000 तय करने, योजना कर्मियों, आउटसोर्स, ठेका और अस्थायी कर्मियों को नियमित करने, मनरेगा मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू करने और श्रमिक कल्याण बोर्ड से आर्थिक लाभ सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

नेताओं ने कहा कि ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग, महंगाई और निजीकरण के खिलाफ सीटू का संघर्ष जारी रहेगा। सरकार की पूंजीपति परस्त नीतियों से बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है, जिससे मजदूर वर्ग की स्थिति बदतर हो रही है। सीटू ने आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, आशा कर्मियों, औद्योगिक मजदूरों और निर्माण श्रमिकों के नियमितीकरण, ओपीएस बहाली, मनरेगा में 200 कार्य दिवस और 600 दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट संघर्ष ही हक पाने का एकमात्र रास्ता है।

## कांग्रेस पार्टी खुद वोट डकैती की प्रतीक : बिहारी लाल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर होने वाली पद यात्राओं के आयोजन के लिए समिति गठित की है, जिसके संयोजक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा होंगे। समिति में प्रदेश सचिव तिलक राज, अमित ठाकुर और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनी शुक्ला सदस्य रहेंगे।




इस अवसर पर बिहारी लाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो पार्टी दूसरों पर वोट चोरी के आरोप लगाती है, वही वोट डकैती की प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और उनकी पत्नी कोटा नीलिमा के पास दो-दो वोटर कार्ड होना कांग्रेस की फरेबी राजनीति का उदाहरण है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास फर्जीवाड़े से भरा रहा है। सोनिया गांधी का नाम इटली की नागरिक होते हुए भी मतदाता सूची में दर्ज हुआ था।

## नशे से मुक्त पीढ़ी ही मजबूत राज्य की पहचान : अनिरुद्ध सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि नशा आज समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है और युवा पीढ़ी को दिशा से भटका रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी ही देश का भविष्य होती है, इसलिए आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को नशे से दूर रखकर उन्हें बेहतर शिक्षा और संस्कार प्रदान करें।



सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, ढली में वार्षिक दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर अभियान चलाना होगा। राज्य सरकार इस दिशा में सख्ती से काम कर रही है और कानून में सुधार कर नशे के कारोबार पर शिकंजा कसा गया है। मंत्री ने कहा कि सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी अभिभावकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चे जब स्कूल और घर दोनों जगह सही वातावरण पाते हैं, तभी वे समाज के अच्छे नागरिक बन पाते हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित नाटक और नृत्य प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। उनके अभिनय ने यह संदेश दिया कि सच्ची आज़ादी तभी संभव है जब समाज नशे और बुराइयों से मुक्त हो।

### आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर कदम

**अनिरुद्ध** सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिनके उत्पाद 'हिम ईरा' ब्रांड के तहत देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर ग्रेस दावा मेरी ने कहा कि शिक्षा बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और हमारा प्रयास है कि हर बच्चा ज्ञान के साथ अच्छे मूल्यों का भी वाहक बने।

# बीपीएल सूची का पुनर्निरीक्षण अंतिम चरण में, पुराने प्रमाणपत्र होंगे अमान्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की नई सूची तैयार करने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। ग्रामीण विकास विभाग अनुसार 15 अक्तूबर तक सूची का पुनर्निरीक्षण पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद जिन परिवारों के नाम सूची से हटेंगे, उनके बीपीएल प्रमाण पत्र स्वतः अमान्य हो जाएंगे।

यानी बीपीएल प्रमाण पत्र अब केवल तब तक मान्य रहेंगे जब तक लाभार्थी का नाम गरीबी रेखा सूची में शामिल है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि नाम कटने के बाद यदि कोई परिवार इस प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी लाभ लेता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने बीपीएल परिवारों को योजनाओं से वंचित न होने देने के उद्देश्य से अस्थायी तौर पर छह महीने के प्रमाण पत्र जारी किए थे। यह व्यवस्था इस साल अप्रैल से शुरू हुई थी, ताकि नई सूची बनने तक पात्र परिवार योजनाओं का लाभ ले सकें। अब 15 अक्तूबर के बाद यह अंतरिम प्रमाणपत्र स्वतः समाप्त हो जाएंगे।

**15 अक्तूबर तक पूरी होगी नई सूची की प्रक्रिया**

**छह महीने के लिए जारी हुए थे अंतरिम प्रमाणपत्र**

नई सूची में जिन परिवारों का चयन दोबारा होगा, उन्हें नए प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे, जिससे वे फिर से सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। ग्रामीण विकास विभाग ने सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी योजना के तहत लाभ देने से पहले लाभार्थी के प्रमाण पत्र का ऑनलाइन सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

यदि ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार किसी व्यक्ति का नाम बीपीएल सूची से हट चुका है, तो प्रमाणपत्र तुरंत अमान्य माना जाएगा। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सूची से नाम कटने के बाद भी बीपीएल प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### अंतिम चरण में आंकड़ों का मिलान जारी

**प्रदेशभर** में बीपीएल परिवारों की संख्या में इस बार बदलाव की संभावना है। वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2,65,357 परिवार बीपीएल सूची में दर्ज हैं, जबकि केंद्र ने हिमाचल के लिए 2,82,370 परिवारों का कोटा निर्धारित किया है। अधिकारियों के मुताबिक, फील्ड स्तर पर जांच के बाद वास्तविक पात्र परिवारों की सूची इसी महीने के अंत तक अंतिम रूप से जारी कर दी जाएगी।

## बलग स्कूल के खिलाड़ियों ने जूडो में जीते पांच गोल्ड व एक सिल्वर मेडल



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलग के विजेता खिलाड़ी मेडल के साथ समूह में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलग के खिलाड़ियों ने अंडर-19 जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर शिमला जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

रामपुर बुशहर में हाल ही में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में बलग स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, कुराश प्रतियोगिता में भी स्कूल ने एक गोल्ड और दो सिल्वर मेडल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा ने बताया कि जूडो में जतिन, आर्यन,

**कुराश में भी एक गोल्ड व दो सिल्वर मेडल जीते**

**छह खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित**

सुदर्शन, सुरेश और आर्यन पांडे तथा कुराश में संजीव का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल और क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। प्रधानाचार्य ने डीपीई सुरेंद्र ठाकुर, खिलाड़ियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

## तैयारी

## स्थायी आमंत्रित समिति में नड्डा, जयराम, प्रेम कुमार धूमल शामिल

# डॉ. बिंदल ने बनाई 129 सदस्यीय कार्यसमिति

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की घोषणा की। कुल 129 सदस्यीय कार्यसमिति में 24 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 105 कार्यसमिति सदस्य शामिल किए गए हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि यह टीम संगठन को सशक्त बनाने के साथ आगामी चुनावों की दिशा भी तय करेगी।

स्थायी आमंत्रित सदस्यों में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश, सुरेश भारद्वाज, महेश्वर सिंह, सतपाल सिंह सत्ती, सुरेश कश्यप, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, सांसद कंगना रनौत, इंदु गोस्वामी, हर्ष महाजन, पूर्व सांसद वीरेन्द्र कश्यप, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अनिल शर्मा, रविन्द्र सिंह, सरवीण चौधरी, गोविंद ठाकुर, सुखराम चौधरी, बिक्रम ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष हंसराज, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल और राजेन्द्र गर्ग शामिल हैं।

**राष्ट्रीय व प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य का दर्जा**

घोषित कार्यसमिति में भाजपा ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों और वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। जिसमें बतौर सदस्यों में विधायक सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, जेआर कटवाल, इंद्र सिंह गांधी, सुरेंद्र शौरी, रीना कश्यप, प्रकाश राणा, डॉ. जनक राज, रणवीर सिंह निक्का, लोकेन्द्र कुमार, दीपराज कपूर, पूर्ण चंद ठाकुर, दलीप ठाकुर, विजय मनकोटिया, पवन नय्यर, अर्जुन सिंह, जिया लाल, विनोद चंदेल, विक्रम जरयाल, गोविन्द शर्मा, केप्टन रंजीत सिंह, विजय अग्निहोत्री, रीता धीमान, मुलखराज प्रेमी, रविन्द्र धीमान और लखविंदर राणा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। भाजपा ने इस बार संगठन में महिला नेताओं और युवाओं को भी विशेष प्राथमिकता दी है। अरूण मेहरा, डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी, परमजीत सिंह पम्मी, विशाल नैहरिया, संजय सूद, देवेन्द्र भुट्टो, चैतन्य शर्मा, होशियार सिंह, रवि ठाकुर, विशाल चौहान, चेतन बरागटा, रजत ठाकुर, धनेश्वरी ठाकुर, वीरेन्द्र चौधरी, जय सिंह, रणवीर सिंह, आशुतोष वैद्य, विजय परमार, संजय गुलेरिया, नरोतम ठाकुर, नारायण सिंह, अजय राणा, रवि मेहता, कौल नेगी, शशिबाला, मीरा आनंद, वंदना गुलेरिया, नीलम सरैक, नीना शर्मा, शीला देवी, गायत्री कपूर, अचल पठानिया और धन्तो देवी जैसी महिलाएं भी कार्यसमिति में शामिल हैं।

### अनुभव और संगठनात्मक संतुलन पर फोकस

**प्रदेश** कार्यसमिति में अनुभवी नेताओं से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक का समावेश किया गया है। सदस्यों में प्रवेश चंदेल, जगजीत सिंह मनकोटिया, डॉ. रामपाल सैनी, हरदयाल सिंह चंदेल, बलवीर बग्गा, ओ.पी. गांधी, गुलजारी लाल, पितांबर ठाकुर, धर्मपाल ठाकुर, राज सिंह ठाकुर, आदित्य विक्रम सेन, प्रदीप शर्मा, बृजलाल ठाकुर, दौलत राम, कमल नयन, इंदु वर्मा, संजीव शर्मा, राजेन्द्र ठाकुर, मोहम्मद राजवली, अनिल ढकोग, ओमप्रकाश चौधरी, विनय चौधरी, बिलाल अहमद, रमेश राणा, ब्रिगेडियर कुशाल चंद, सरदार बलजीत सिंह नागरा, राहुल सोलंकी, प्रदीप सूद, हुकम सिंह बैंस, शोभा डडवाल, संजीव चौहान, जवाहर शर्मा, दर्शन सैनी और हरीश ठाकुर भी शामिल हैं।

## दिल्ली के रोहित ने जीती जुन्गा की बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

क्योंथल क्षेत्र का पारंपरिक और जिला स्तरीय दशहरा मेला जुन्गा में बड़ी धूमधाम और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। मेले के अंतिम दिन कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताएं लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।



जुन्गा दशहरा मेले में प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

कुश्ती में सीआरपीएफ दिल्ली में सेवारत पहलवान रोहित-1 ने फाइनल मुकाबले में हरियाणा के रोहित को हराकर बड़ी माली अपने नाम की।

विजेता को 31 हजार जबकि उपविजेता को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह छोटी माली मरयोग के बीर सिंह ने घुमारवीं के सोनू को हराकर जीती। इस वर्ग में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 10 हजार रुपए का इनाम मिला। कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें मानपुरा-1 ने फाइनल में मानपुरा-2 को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। कबड्डी में विजेता टीम को 31 हजार और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए का इनाम दिया गया।

मेले के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत भड़ेच के प्रधान मदन मोहन ठाकुर मुख्यातिथि रहे। तहसीलदार और मेला अधिकारी नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक हेमंत शर्मा, वर्षा ठाकुर, केशव शर्मा, राजेंद्र वर्मा और विजय मोक्टा ने एक से बढ़कर एक पहाड़ी और फिल्मी गीत प्रस्तुत किए, जिन पर दर्शक झूम उठे। इस अवसर पर एडीएम शिमला पंकज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

दिन के समय स्थानीय कलाकारों, महिला मंडलों और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेंद्र ठाकुर, क्योंथल सांस्कृतिक समिति के महासचिव पंकज सेन, स्थानीय प्रधान बंसी लाल कश्यप, कानूनगो अरविंद कुमार, अधीक्षक चेत सिंह ठाकुर, पटवारी सुरेश ठाकुर और समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिमला में साइकिलिंग चैलेंज चैंपियनशिप का हुआ आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के मालरोड पर रविवार को साइकिलिंग चैलेंज चैंपियनशिप का भव्य आयोजन हुआ। सीएम के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने इस प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल युवाओं में खेल भावना को बढ़ाती हैं, बल्कि फिटनेस के प्रति जागरूकता भी लाती हैं। सुबह की ठंडी हवा में जब साइकिल सवारों का जत्था शहर की सड़कों पर निकला तो दर्शक तालियों की गूंज से उनका स्वागत करते नजर आए।

**आयोजन में स्कूली छात्रों और पर्यटकों ने लिया हिस्सा**

कार्यक्रम के दौरान नरेश चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है और यहां साहसिक खेलों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने देश-विदेश के सैलानियों से हिमाचल आने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन हिमाचल को साइकिलिंग, ट्रैकिंग और एडवेंचर टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। आयोजन में स्थानीय लोगों, स्कूली छात्रों और पर्यटकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


# येलो

# स्वास्थ्य, आजीविका की अमूल्य जड़ी-बूटी





**हिमाचल की वादियों और मैदानी क्षेत्रों में वर्षा ऋतु के दौरान एक साधारण-सी दिखने वाली वनस्पति अक्सर खेतों, रास्तों के किनारे और खाली पड़ी जमीन पर सहज ही उग आती है। यह है सेन्ना टोरा (Senna tora/ Cassia tora), जिसे स्थानीय भाषा में रेली या येलो कहा जाता है। देखने में यह साधारण खरपतवार प्रतीत होती है, परंतु इसके औषधीय एवं पोषक गुण इतने महत्वपूर्ण हैं कि इसे 'लोक स्वास्थ्य की सस्ती औषधि' कहा जा सकता है। प्रदेशभर में 1550 मीटर तक की ऊंचाई तक सहज ही उगने वाली येलो अपने बीजों से बनने वाली चटनी के लिए मशहूर है। हिमाचल प्रदेश और आसपास के पहाड़ी इलाकों में येलो की चटनी पारंपरिक स्वाद का हिस्सा है, जिसे लोग बड़े चाव से खाते हैं। देश के कई हिस्सों में तो येलो के बीजों को भूनकर कॉफी के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन हिमाचल में यह परंपरा उतनी लोकप्रिय नहीं है। यहां लोग इसे मुख्य रूप से चटनी के रूप में ही प्रयोग करते हैं।**



## परिचय और पहचान

**येलो** एक वार्षिक शाकीय पौधा है। इसकी पत्तियों के आधार में छोटी-छोटी ग्रंथियां होती हैं जो नेक्टर स्रावित करती हैं, इसी कारण इस पौधे पर अक्सर चींटियां रहती हैं। इसके अलावा इसमें लगने वाले छोटे-छोटे पीले फूल तथा फलियों में बंद बीज इसकी पहचान हैं। यह विशेषकर बंजर भूमि में उगती है और वर्षा के बाद भूमि को हरा-भरा कर देती है। स्थानीय लोग इसकी पत्तियों, बीजों और जड़ों का सदियों से अलग-अलग उपयोग करते आए हैं। येलो की एक अनोखी विशेषता यह है कि इसके बीज 25 वर्षों तक अंकुरण की क्षमता बनाए रखते हैं।

## औषधीय गुण

पारंपरिक चिकित्सा में येलो का लंबा इतिहास है। इसकी पत्तियों का उपयोग त्वचा रोग, खुजली, फोड़े-फुंसी और सूजन कम करने के लिए किया जाता है। स्थानीय लोग इसके बीज नेत्र ज्योति (आंखों की रोशनी) को बढ़ाने और यकृत संबंधी रोगों में लाभकारी माने जाते हैं, जबकि जड़ें हल्के रेचक और रक्तशोधक गुणों के कारण जड़ों का प्रयोग भी लोक औषधि में किया जाता है। येलो के औषधीय गुण एवं उपयोग इस प्रकार हैं।




| भाग | उपयोग | लाभ |
|---|---|---|
| बीज | चटनी, कॉफी विकल्प आयुर्वेदिक दवा | आंखों की रोशनी बढ़ाते हैं, वजन घटाने में सहायक, यकृत की गर्मी शांत, पाचन सुधारते हैं, गुर्दे की पथरी में लाभकारी, सिरदर्द में उपयोगी, गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत, त्वचा रोगों (एक्ज़िमा, सोरायसिस) में सहायक |
| पत्तियां | सब्जी, पेस्ट | त्वचा रोग, खुजली, फोड़े-फुंसी और सूजन में लाभकारी, कीड़े के काटने व एलर्जी में राहत |
| जड़ें | काढ़ा / चूर्ण | रक्त शोधक, हल्का रेचक, बुखार में सहायक, पेट के कीड़ों में उपयोगी |
| फली | पाचन उपयोग | कब्ज दूर करने में सहायक, आंतों की सफाई में लाभकारी |
| पशु आहार | बीज चूर्ण | प्रोटीनयुक्त चारा, दूध उत्पादन में सहायक, पशुओं की त्वचा व बालों की चमक बनाए रखने में सहायक |

## स्वाद, सेहत और आजीविका का खजाना

**येलो** के बीजों से बनाने वाली चटनी स्वाद और सेहत दोनों का अद्भुत संगम है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में इसकी कोमल पत्तियों को उबालकर सब्जी के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। यह शरीर को ठंडक पहुंचाने और पाचन शक्ति सुधारने में सहायक मानी जाती है। बीजों को उत्तराखंड जैसे पडोसी राज्यों में कॉफी के रूप में उपयोग किया जाता है। हिमाचल में यह चटनी के रूप में खूब पसंद की जाती है, यह यहां की सीजनल डेलीकेसी मानी जाती है ।

| पोषक तत्व | मात्रा (प्रति 100 ग्राम) |
|---|---|
| ऊर्जा | 9 320-350 kcal |
| कार्बोहाइड्रेट | 55-60 ग्राम |
| प्रोटीन | 15-18 ग्राम |
| वसा | 6-8 ग्राम |
| रेशा | 8-10 ग्राम |
| राख | 6-7 ग्राम |
| कैल्शियम | 150-180 मिलीग्राम |
| फॉस्फोरस | 250-300 मिलीग्राम |
| आयरन | 5-7 मिलीग्राम |
| मैग्नीशियम | 160-200 मिलीग्राम |
| पोटैशियम | 1200-1400 मिलीग्राम |
| सोडियम | 40-60 मिलीग्राम |
| विटामिन | मात्रा (प्रति 100 ग्राम) |
| विटामिन ए | 20-30 द्बद |
| विटामिन सी | 2-4 मिलीग्राम |
| विटामिन ई | 1-1.5 मिलीग्राम |
| विटामिन बी1 | 0.2-0.3 मिलीग्राम |
| विटामिन बी2 | 0.1-0.2 मिलीग्राम |
| विटामिन बी3 | 1.5-2.0 मिलीग्राम |
| विटामिन बी6 | 0.3-0.4 मिलीग्राम |

## चटनी बनाने की विधि...

**सामग्री :** येलो के सूखे बीज 1 किलो, गलगल (पहाड़ी नींबू) का रस 500 मिली, गुड़ 250 ग्राम, खजूर 150 ग्राम, सरसों का तेल 3-4 चमच, मेथी के बीज 3 चमच, जीरा 1 चमच, हल्दी पाउडर 1 चमच, लाल मिर्च 10-12 और नमक स्वादानुसार।

### विधि...

✻ सूखे बीज भूनकर पीस लें। ✻ इस पाउडर को हल्दी के साथ सरसों के तेल में हल्का भूनें। ✻ -अब इसमें गलगल का रस, गुड़ और खजूर डालकर 20-30 मिनट तक पकाएं। ✻ -अलग से मेथी, जीरा और लाल मिर्च भूनकर पाउडर बनाएं और मिश्रण में मिला दें। ✻ -मिश्रण को दो सप्ताह तक रहने दें, स्वादिष्ट चटनी तैयार है। ✻ -यह चटनी लंबे समय तक (2-3 साल) सुरक्षित रखी जा सकती है।

**आजीविका का खजाना :** पिछले कुछ वर्षों से येलो की प्राकृतिक आबदी में भारी कमी देखने को मिली ही, इसलिए कुछ ग्रामीण महिलाओं ने इसकी खेती करना प्रारंभ कर दी है, जो सतत विकास के लिए बेहतरीन प्रयास और एक जरुरी कदम है। मंडी के चौहटा बाजार में रममा जी खेतों में उगाई हुई येलो को पूरा साल बेचती हैं। उनके अनुसार येलो के बीजों की मांग साल भर बनी रहती है और 1 किलो येलो के बीज 200 रुपए किलो के हिसाब बिकते हैं। वहीं सेरी मंच पर कुछ महिलाएं हिम्नालिनी शर्मा, विद्या ठाकुर आदि इसकी चटनी 400 से 500 रुपए तक बेचती हैं। इस तरह येलो इन महिलाओं के लिए आय का अतिरिक्त जरिया है और देश बार से हिमाचल आने वाले पर्यटकों के लिए स्थानीय पाक कला के स्वादिष्ट व्यंजनों का अनुभव करने का अवसर। लेकिन येलो को बड़े स्तर पर खरपतवार की जगह पर एक खाद्य एवं औषधीय पौधे के रूप में पहचान दिलाने की अभी भी आवश्यकता है, क्योंकि इसके बीज 25 साल तक अंकुरण क्षमता बनाए रखते हैं, इसलिए यह दीर्घकालिक सतत खेती के लिए एक आदर्श विकल्प है। येलो के बीज औषधि कंपनियों के लिए कच्चा माल प्रदान कर सकते हैं। वहीं, स्थानीय स्व-सहायता समूहों द्वारा पत्तियों और बीजों का प्रसंस्करण कर मूल्य संवर्धन से बड़े स्तर पर आय अर्जित की जा सकती है।



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

**सततता और संरक्षण : येलो** भले ही आम नजरों में साधारण लगे, परंतु वास्तव में यह हमारे परंपरागत ज्ञान और प्राकृतिक धरोहर का अनमोल हिस्सा है। अब समय आ गया है कि हम इस अमूल्य पौधे को फिर से पहचानें, उसके औषधीय और आर्थिक महत्व को समझें और इसे आधुनिक जीवनशैली का अंग बनाएं। आज जब आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं, तो ऐसी स्थानीय जड़ी-बूटियां हमें प्राकृतिक और सस्ते समाधान प्रदान करती हैं।


# स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं बीमारियों से छुटकारा पाएं

**मानसिक स्वास्थ्य पर दें ध्यान और स्वास्थ्य जांच करवाएं**



-डॉ. बीडी ठाकुर, वरिष्ठ चिकित्सक, बिलासपुर

**वर्तमान** समय में स्वास्थ्य और जीवनशैली की चुनौतियों को देखते हुए डॉक्टर आम आदमी को कई महत्वपूर्ण सुझाव दे रहे हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बीडी ठाकुर के अनुसार, बदलते जीवनशैली और बढ़ते प्रदूषण के दौर में केवल बीमारियों का इलाज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए व्यक्ति को अपने दैनिक व्यवहार, खान-पान, मानसिक स्वास्थ्य और व्यायाम पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ. ठाकुर ने सबसे महत्वपूर्ण पहलू संतुलित आहार बताया। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के भोजन में ताजे फल, सब्जियां, दलहन, अनाज और कम वसा वाले पदार्थ शामिल किए जाने चाहिए। फास्ट फूड, प्रोसेस्ड और चीनी से भरपूर भोजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं और इससे मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने लोगों को चेतावनी दी कि बच्चों और किशोरों में अस्वस्थ भोजन की आदतें जीवनभर की बीमारियों की नींव रख सकती हैं।



## व्यायाम को बनाएं जीवन का हिस्सा



नियमित शारीरिक गतिविधि और व्यायाम को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सलाह दी गई। प्रतिदिन कम से कम 30-45 मिनट पैदल चलना, योग, हल्का दौड़ना या अन्य व्यायाम करना हृदय रोग, मोटापा और मानसिक तनाव से बचाव करता है। डॉ. ठाकुर ने कहा कि आधुनिक जीवन में मानसिक तनाव और अवसाद भी स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं, इसलिए ध्यान, प्राणायाम और पर्याप्त नींद अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ. ठाकुर ने नियमित स्वास्थ्य जांच पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल और हृदय संबंधी परीक्षण समय पर कराना जीवन को सुरक्षित और रोगमुक्त बनाए रखता है।

## संतुलित आहार, पर्याप्त नींद जरूरी


**धूम्रपान,** तंबाकू, शराब और अन्य नशों से पूरी तरह बचना भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों और किशोरों के सही पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। कोविड-19 और अन्य संक्रमणों के बाद प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना भी आम आदमी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम सबसे कारगर उपाय हैं। डॉ. ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। स्वयं स्वस्थ रहकर व्यक्ति अपने परिवार और समाज को भी रोगमुक्त और सकुशल रख सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे डॉक्टर की सलाह गंभीरता से लें, जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव करें, समय पर स्वास्थ्य जांच कराएं और अपने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर निरंतर ध्यान दें। उन्होंने अंत में कहा कि यदि लोग इन सरल लेकिन प्रभावी उपायों को अपनाएं, तो वह न केवल रोगमुक्त रह सकते हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए एक स्वस्थ और सक्रिय योगदानकर्ता बन सकते हैं।

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर

# नाखूनों का भंगुर होना



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)



***नाखून हमारे स्वास्थ्य का एक दर्पण होते हैं। ये न केवल हमारे हाथ-पैरों की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि शरीर में होने वाले पोषण की कमी, रोगों और जीवनशैली की गुणवत्ता को भी दर्शाते हैं। अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि उनके नाखून बहुत जल्दी टूट जाते हैं, फट जाते हैं या परतदार (layers) हो जाते हैं। इसे चिकित्सीय भाषा में Brittle Nails (भंगुर नाखून) कहा जाता है। यह समस्या पुरुषों और महिलाओं दोनों में देखी जाती है, लेकिन महिलाओं में यह अधिक आम है।***

## नाखूनों के भंगुर होने के कारण

1. **पोषण की कमी :** आयरन, कैल्शियम, बायोटिन, प्रोटीन और विटामिन बी12 की कमी से नाखून कमजोर हो जाते हैं।
2. **अत्यधिक पानी और डिटर्जेंट का संपर्कः** बार-बार हाथ धोना, बर्तन धोना या केमिकल का प्रयोग नाखूनों की नमी को कम करता है।
3. **थायरॉइड रोग :** हाइपोथायरॉइडिज्म और हाइपरथायरॉइडिज्म दोनों स्थितियों में नाखून आसानी से टूट सकते हैं।
4. **फंगल संक्रमण :** नाखूनों में फंगस लगने से वे पीले, मोटे और भंगुर हो जाते हैं।
5. **उम्र का प्रभाव :** बढ़ती उम्र के साथ नाखूनों की लचक और मजबूती घटती है।
6. **अन्य रोग :** सोरायसिस, एनीमिया, मधुमेह और त्वचा संबंधी रोगों से भी नाखून प्रभावित हो सकते हैं।
7. **जीवनशैली :** नेलपॉलिश, नेलपॉलिश रिमूवर का अधिक प्रयोग, धूम्रपान, असंतुलित आहार भी इसके कारण हो सकते हैं।

## भंगुर नाखूनों के लक्षण

✻ नाखून बार-बार टूटना या फटना।
✻ नाखूनों में परतें बन जाना।
✻ नाखून का रंग फीका या पीला होना।
✻ नाखूनों का असामान्य रूप से पतला हो जाना।
✻ नाखूनों में दरारें आना।
✻ नाखूनों पर सफेद धब्बे या रेखाएं दिखना।

## बचाव और घरेलू उपाय

✻ संतुलित आहार लें जिसमें हरी सब्जियां, फल, दालें, दूध और सूखे मेवे शामिल हों।
✻ नाखूनों को लंबे समय तक पानी या केमिकल के संपर्क से बचाएं।
✻ नाखूनों पर नेलपॉलिश और रिमूवर का अत्यधिक प्रयोग न करें।
✻ नाखूनों को मॉइस्चराइज करने के लिए नारियल तेल या बादाम तेल की मालिश करें।
✻ पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।
✻ प्रोटीन, बायोटिन और कैल्शियम युक्त भोजन करें।

## भंगुर नाखूनों का होम्योपैथिक उपचार

***होम्योपैथी में नाखूनों के भंगुर होने का उपचार रोगी की संपूर्ण प्रकृति (constitution) और कारण के आधार पर किया जाता है।***

**1. Silicea**
नाखून बहुत भंगुर और आसानी से टूट जाते हैं। नाखूनों में परतें बनना, असामान्य वृद्धि होना। लंबे समय से पोषण की कमी वाले मरीजों में उपयोगी।

**2. Calcarea Phosphorica**
नाखून कमजोर, मुलायम और आसानी से टूट जाते हैं। बच्चों और युवाओं में कैल्शियम की कमी के कारण लाभदायक।

**3. Graphites**
नाखून मोटे, टूटने वाले और असामान्य रूप से विकृत। नाखूनों के पास त्वचा में दरारें और फंगल संक्रमण की प्रवृत्ति।

**4. Thuja Occidentalis**
नाखूनों में फंगल इन्फेक्शन, पीलेपन और विकृति में उपयोगी।

**5. Arsenicum Album**
नाखूनों का भंगुर होना और रंग बदल जाना। एनीमिया या क्रॉनिक रोगियों के लिए लाभदायक।

**6. Calcarea Carbonica**
मोटे, सफेद धब्बेदार और कमजोर नाखून। अधिक पसीना आने वाले और ठंडे स्वभाव के लोगों में असरदार।

**7. Antimonium Crudum**
नाखून मोटे, विकृत और भंगुर। नाखूनों के पास त्वचा में दर्द और सूजन।

भंगुर नाखून केवल सौंदर्य की समस्या नहीं है, बल्कि यह शरीर में छिपी हुई किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। होम्योपैथी में इसके लिए सुरक्षित और प्रभावी उपचार उपलब्ध है। सही दवा रोगी की प्रकृति और लक्षणों को देखकर होम्योपैथिक चिकित्सक द्वारा ही दी जानी चाहिए।

# गर्भावस्था में रखें अपना और शिशु का ध्यान

**नवजात** शिशु के स्वस्थ विकास के लिए मां का सेहतमंद रहना बहुत आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, प्रसव के बाद शुरुआती दिनों में हर 10 में से 3 से अधिक महिलाओं और शिशुओं को पर्याप्त देखभाल नहीं मिल पाती है। गर्भावस्था के दौरान मां के शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य और पोषण का शिशु के विकास एवं स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यही वजह है कि गर्भावस्था के दौरान मां को उचित देखभाल और पोषण देना, उनके मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना तथा प्रसव के बाद उनकी देखभाल करना बहुत जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान मां को मिलने वाले पोषण और उनकी मानसिक सेहत का शिशु के दीर्घकालिक विकास और स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। मां के अच्छे पोषण, वजन प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य और क्रोनिक बीमारियों की स्थिति से शिशु के वजन, प्रतिरक्षा प्रणाली और संपूर्ण स्वास्थ्य का निर्धारण होता है।


## पौष्टिक आहार जरूरी

**गर्भावस्था** के दौरान अल्प-पोषण या कुपोषण के कारण जन्म के समय कम वजन, समय पूर्व जन्म या विकास संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। दूसरी तरफ अत्यधिक वजन या खराब पोषण के कारण डायबिटीज और उच्च रक्तचाप का जोखिम बढ़ सकता है, जिससे प्रसव में मुश्किल उत्पन्न हो सकती हैं और शिशु के स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है। स्वस्थ मां एक स्वस्थ बच्चे को जन्म देती है, इसलिए गर्भावस्था के दौरान मां की सेहत को दुरुस्त रखने के लिए उनके आहार में निम्नलिखित पोषक तत्व शामिल होने चाहिए।

**मानसिक सेहत की सुध जरूरी :** डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मां का मानसिक स्वास्थ्य नवजात शिशु की सेहत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गर्भावस्था के दौरान अवसाद और चिंता के कारण समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन और नवजात शिशु के साथ लगाव में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। क्रोनिक तनाव के कारण कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ता है। गर्भावस्था के दौरान मां को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए सपोर्ट समूहों, थेरेपी, तनाव कम करने की तकनीकों, जैसे योगा और माइंडफुलनेस का सहारा लिया जा सकता है।

**नवजात शिशु के स्वस्थ विकास के लिए मां का सेहतमंद रहना जरूरी**





डॉ. एनके गुप्ता।

✦ **फॉलिक एसिडः** इससे न्यूरल ट्यूब के विकारों को रोकने में मदद मिलती है और मस्तिष्क का स्वस्थ विकास होता है।
✦ **आयरनः** यह एनीमिया को रोकने और शिशु को ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए जरूरी है।
✦ **कैल्शियम :** शिशु की हड्डियों के लिए आवश्यक है।

## गलत आदतों से रहें दूर

मां की जीवनशैली का शिशु के स्वास्थ्य पर सीधा असर होता है। गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान बिलकुल भी नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान से समय पूर्व जन्म, जन्म के समय कम वजन होने और सांस संबंधी समस्याओं का जोखिम काफी बढ़ जाता है। वहीं, प्रेग्नेंसी के दौरान शराब का सेवन करने से फीटल अल्कोहल सिंड्रोम हो सकता है। इससे गर्भ में पल रहे शिशु की वृद्धि बहुत धीमे होती है, चेहरे में विकृतियां आ सकती हैं और मानसिक विकार हो सकते हैं।

## मां की खराब सेहत का भ्रूण पर असर

**कुपोषण,** एनीमिया, जेस्टेशनल डायबिटीज और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के कारण भी समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन और विकास की धीमी गति जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं का शिशु के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और विकास पर गहरा असर होता है। मां को पूरा पोषण न मिलने के कारण कुपोषण होता है, जिसकी वजह से हर साल समय से पहले जन्म लेने वाले कई बच्चों की मौत हो जाती है। गर्भावस्था के दौरान महिला के आहार की शिशु के पहले 1000 दिनों के जीवन में अहम भूमिका है। गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी से उच्च रक्तचाप, समय पूर्व लेबर, सर्जिकल डिलीवरी और पोस्टपार्टम हैमरेज का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

**फिटनेस पर भी खास ध्यान दें :** पूरी गर्भावस्था के दौरान शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और नियमित रूप से व्यायाम आदि करने से नींद अच्छी आती है, चिंता कम होती है और सेहत अच्छी रहती है। जो महिलाएं गर्भधारण से पहले नियमित रूप से कोई खास व्यायाम आदि करती हैं, वो गर्भावस्था के दौरान भी व्यायाम कर सकती हैं। ऐसा करते वक्त अपने शरीर का ध्यान रखना आवश्यक होता है। अगर व्यायाम करते वक्त आपको कोई असुविधा महसूस हो रही है, तो गतिविधि को धीमा किया जा सकता है।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन।

## न्यूज ब्रीफ

### सेजल चौधरी का नवोदय में हुआ चयन



**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल दरकाटी की छात्रा सेजल चौधरी ने जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाकर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। सेजल का चयन आठवीं कक्षा में हुआ है, जो उनकी लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। सेजल ने इस सफलता का श्रेय अध्यापकों व माता-पिता को दिया। सेजल की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक भूपिंदर सिंह, मुख्य अध्यापिका रीता और पूरे स्टाफ ने बधाई दी है।

### अक्षय मिस्टर और शिक्षा को मिस फ्रेशर चुना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में अक्षय कुमार को मिस्टर फ्रेशर, शिक्षा को मिस फ्रेशर, अंशिका को मिस चार्मिंग और साहिल को मिस्टर हैंडसम का खिताब दिया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में उत्साह और एकता की भावना को प्रबल किया।

### 370 खिलाड़ियों ने दिखाया प्रतिभा का दमखम

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालकरूपी में खेल प्रतियोगिताओं के लिए आयोजित द्वि-दिवसीय ट्रायल संपन्न हो गया। इसमें कुल 370 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 4 अक्तूबर को लड़कों के ट्रायल में 20 विद्यालयों के स्टाफ और 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। अगले दिन लड़कियों के ट्रायल में 12 विद्यालयों की स्टाफ और 170 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। ट्रायल में वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन खेलों में प्रतिभाओं ने अपनी क्षमता और तकनीक का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनकर्ताओं ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार ने टीम को बधाई दी।

### मिड-डे-मील वर्कर्स नौ को निकालेंगे रैली

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** मिड-डे मिल वर्कर्स का एक दिवसीय ट्रेनिंग कैंप रविवार को कलोहा में संपन्न हुआ है। इस दौरान मानदेय न मिलने पर मिड-डे मील वर्कर्स ने कहा कि हमें पहले 4500 रुपए मिलते थे। अब इसमें कटौती कर 3500 रुपए कर दिया गया है, उसका भुगतान भी दो माह बाद किया जा रहा है। वर्कर्स ने कहा कि हमें परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि समय पर वेतन भुगतान न होने पर 9 अक्तूबर को रक्कड़ में रोष रैली निकाली जाएगी।

### संजय चौहान ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने पनियाली व आसपास की पंचायतों का दौरा किया और की समस्याओं को सुना। ग्राम पंचायतों के प्रधान और पंचायतों के प्रतिनिधियों ने सरकार की कार्यशैली पर संतोष जताया और प्रदेश सरकार के साथ सदैव खड़े रहने का भरोसा दिया। संजय सिंह ने कहा कि यह उनके और सरकार के लिए गर्व की है कि जनता निसंकोच अपनी समस्याएं लेकर आगे आते हैं और समाधान पाकर गौरवान्वित महसूस करते हैं।

### रोटरी क्लब ने सम्मानित किए पांच शिक्षक



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर रोटरी क्लब शाहपुर की ओर से आयोजित समारोह में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष सत्येंद्र गौतम ने बताया कि सम्मान स्वरूप शिक्षकों को फूलमाला, शॉल, टोपी और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखिका व पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्ररेखा डढवाल ने शिक्षण क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से संवाद को समाधान बताया। इस अवसर पर डॉ. सतीश ठाकुर, सुदर्शन रैना, तृप्ता जम्वाल, रवींद्र डोगरा और सुमना कुमारी को सम्मानित किया गया। कॉलेज के एमडी रोटेरियन गंदर्भ सिंह पठानिया व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### डाडासीबा में तूफान से 5 घंटे से बंद रही बिजली

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र में रविवार को बारिश और तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तूफान से 33 केवी लाइन गांव डेई पुखर पर पेड़ों की शाखाएं गिरने से पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और लगभग 5 घंटे तक अंधकार छाया रहा। बिजली गुल होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, इंटरनेट व मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित हुआ। बिजली बोर्ड डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि तूफान के कारण 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है, ताकि जल्द से जल्द बिजली बहाल की जा सके।

### विजयदशमी के आध्यात्मिक महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के समीप घरोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में खंड स्तरीय विजयदशमी उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि कैप्टन ईश्वर सिंह थापा ने संघ को समाज को दिशा देने वाला सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बताया। उत्सव में स्वयंसेवकों ने घोष के साथ पथ संचलन किया, जिसका स्थानीय लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. रंजीत कुमार ने संघ की स्थापना, संगठन की शक्ति और विजयदशमी के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पंच परिवर्तन और शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला संघ चालक प्रदीप कुमार व विभाग कार्यवाह सुशील कुमार सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### टिकरी महादेव मंदिर परिसर में की सफाई

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई थुरल स्कूल की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं, प्राचीन मंदिर टिकरी महादेव परिसर की साफ-सफाई की गई। प्रवक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिंद्रावन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना खंड समन्वय रजनीश अवस्थी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम अधिकारी सिकंदर मिन्हास एवं पूजा शर्मा द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं स्वयंसेवियों के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया।

## क्लस्टर सिस्टम का नहीं थम रहा विरोध, एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजे ज्ञापन

# प्राथमिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**कहा- अधिसूचना वापस न हुई तो उग्र आंदोलन की बनाएंगे रणनीति**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से क्लस्टर सिस्टम का लगातार विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संघ की जिला कांगड़ा इकाई के आह्वान पर जिले में विभिन्न उपमंडल स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर क्लस्टर सिस्टम संबंधी सरकारी अधिसूचना का विरोध किया गया।

23 सितंबर, 2025 को जारी अधिसूचना के दिशा निर्देशों में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपल को दे दिया गया है, जो कि प्राथमिक शिक्षकों के हितों के साथ कुठाराघात है। वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा का अलग ढांचा कार्य कर रहा है और प्राथमिक शिक्षा के प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन के लिए अलग क्लस्टर कार्य कर रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने पूरी प्रणाली को प्रिंसिपल के अधीन करने से समस्त कार्य केंद्रीयकृत हो जाएंगे और एक ही स्थान पर सारा बोझ पड़ जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आएगी। इस अधिसूचना के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों से पदोन्नत होने वाले मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के प्रशासनिक शक्तियां व कार्य क्षेत्र सीमित रह जाएगा और भविष्य में यह पद निरर्थक हो जाएंगे। उपरोक्त अधिसूचना के जारी दिशा निर्देशों में विरोधाभास की स्थिति है और प्राथमिक शिक्षकों को दो-दो प्रशासनिक इकाइयों के अधीन किया जा रहा है। इससे प्राथमिक शिक्षा को भविष्य में बहुत नुकसान होने वाला है। यह जारी अधिसूचना एक निदेशालय गठन के बाद राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के साथ 43 दिन के लंबे संघर्ष के उपरांत शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा किए गए वादों के भी विपरीत है। साथ ही एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को क्लस्टर सिस्टम संबंधी जारी अधिसूचना को वापस लेने क लिए ज्ञापन भेजे गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा इस अधिसूचना को वापस नहीं लिया जाता है, तो आगामी उग्र आंदोलन के रूपरेखा तैयार की जाएगी।



जिले में विभिन्न उपमंडल स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर क्लस्टर सिस्टम का विरोध किया गया।

### भवारना, धीरा व थुरल भी रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड भवारना, धीरा और थुरल और डरोह के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को धीरा में रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय में प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन 23 सितंबर, 2025 को जारी नई क्लस्टर प्रणाली अधिसूचना को वापस लेने की मांग को लेकर दिया गया। खंड प्रधान कुलदीप सिंह, हरीश कुमार और महेंद्र जम्वाल ने बताया कि पूर्व में 13 फरवरी, 2024 को संशोधित अधिसूचना में प्राथमिक शिक्षा का प्रशासनिक नियंत्रण मुख्य शिक्षक व बीईईओ के अधीन रखा गया था, लेकिन नई अधिसूचना में यह अधिकार पुनः प्रिंसिपल को दे दिए गए हैं। संघ ने इसे प्राथमिक शिक्षकों के हितों के विरुद्ध बताया।

## क्लस्टर सिस्टम के खिलाफ भड़के शिक्षक, निकाली विरोध रैली

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ रक्कड़ और खुंडिया ने संयुक्त रूप से उपमंडल कार्यालय ज्वालामुखी के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन और रोष रैली का आयोजन किया। वहीं, डाडासीबा में भी विरोध जताया गया।

**शिक्षा विभाग की नीतियों को एकतरफा और शिक्षक विरोधी बताया**

शिक्षकों ने शिक्षा विभाग की नीतियों को एकतरफा और शिक्षक विरोधी बताते हुए अधिसूचना को तुरंत रद्द करने की मांग की। ज्ञात रहे कि 23 सितंबर को शिक्षा निदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर प्राथमिक शिक्षा को क्लस्टर सिस्टम के तहत प्रधानाचार्यों के अधीन करने का निर्णय लिया था। संघ नेताओं ने कहा कि क्लस्टर सिस्टम से न केवल प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया प्रभावित होगी, बल्कि खंड स्तर के अधिकारियों की शक्तियां भी समाप्त हो जाएंगी। संघ के अनुसार यह व्यवस्था प्राथमिक शिक्षा की स्वायत्तता और गुणवत्ता पर सीधा हमला है। प्राथमिक शिक्षक संघ के खंड प्रधान संजीव कुमार शर्मा, महासचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष मदन जीत, जिला सलाहकार मनोज शर्मा, खुंडिया खंड प्रधान भीम सिंह, महासचिव संजीव कुमार और कोषाध्यक्ष रीटू राम ने शांतिपूर्ण रैली का नेतृत्व किया। संघ नेताओं ने कहा कि अगर सरकार ने क्लस्टर सिस्टम की अधिसूचना को तुरंत वापस नहीं लिया, तो पहले जिला स्तर पर और फिर राज्य स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## कांगड़ा जिले में बनेंगे सर्वाधिक आठ राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूलः रोहित

### बोले- 40 करोड़ होंगे खर्च, 14.17 करोड़ की धनराशि हो चुकी है स्वीकृत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से कांगड़ा जिले में सर्वाधिक राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। 40 करोड़ की लागत के इन स्कूलों के लिए 14.17 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। यह बात शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही।

उन्होंने 1.50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार खेल मैदान, 17 लाख की लागत से निर्मित जूलॉजी प्रयोगशाला का लोकार्पण किया और 5 करोड़ से निर्मित होने वाले कन्या छात्रावास और 20 लाख की लागत से तैयार होने वाले बॉक्सिंग रिंग का भी शिलान्यास किया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 50.65 लाख की लागत से निर्मित साइंस ब्लॉक और इतनी ही लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय भगोटला के नव निर्मित भवन को लोकार्पित किया। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 करोड़ के कार्य जारी हैं, जो जल्द ही लोकार्पित किए जाएंगे। कॉलेज प्रशासन की ओर से रखी गई विभिन्न मांगों पीजी कोर्स शुरू करने, बहुद्देश्यीय सभागार निर्मित करने सहित अन्य करीब आधा दर्जन मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। कॉलेज प्रशासन ने मंत्री को सम्मानित किया और विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करने के लिए आभार जताया।



पालमपुर कॉलेज, बंदला और भगोटला स्कूल में शिलान्यास और उद्घाटन किए।

**महिला मंडलों को 10-10 हजार रुपए की राशि देने की घोषणाः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यालय की टायलेट्स निर्माण की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित महिला मंडलों को 10-10 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। विधायक आशीष बुटेल ने पालमुपर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग से संबंधित करीब 8 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पित करने और शिलान्यास करने के लिए आभार जताया।

### केंद्र सरकार कर रही प्रदेश से सौतेला व्यवहारः पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। रविवार को प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के लिए 3 प्रतिशत शुद्ध उधार सीमा का मापदंड रखा है, पर लगता है कि केंद्र को यह एहसास नहीं है कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे और पहाड़ी राज्य की जरूरतें मैदानी राज्यों से अलग हैं। एक ही तराजू से सबको तोलने की नीति, हिमाचल जैसे पहाड़ी और कठिन भूगौलिक परिस्थितियों वाले राज्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान जो वर्ष 2021-22 में 10,249 करोड़ रुपए था, अब घटकर मात्र 3,257 करोड़ रुपए रह गया है। हिमाचल सरकार ने अपने स्तर पर पूरी मेहनत की है और अपनी आय में से 9.05 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की है, लेकिन केंद्र से मिलने वाले ट्रांसफर और अनुदान मात्र 3.99 प्रतिशत की दर से बढ़े हैं जो प्रदेश की आवश्यकताओं के लिए कम है।

### स्प्रिंग डेल स्कूल के शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नूरपुर के वाटिका होटल एंड रिजॉर्ट में आयोजित 'अकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी आभार 2025' में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल तथा अध्यापिकाएं नीलम कटोच और पूजा देवी को सम्मानित किया गया। जीएनए यूनिवर्सिटी फगवाड़ा की ओर से आयोजित इस समारोह में शिक्षकों के समर्पण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण विधियों और विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान को सराहा गया। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे सम्मान समाज में शिक्षा के महत्व को और मजबूती प्रदान करते हैं।

### कजलोट में धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कजलोट में आयोजित वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय साहित्य के महान रचयिता थे, जिनके जीवन से यह सीख मिलती है कि गलतियों के बावजूद सुधार संभव है। कठिन तप और साधना से आत्मज्ञान प्राप्त कर उन्होंने समाज को मानवता, नैतिकता और धर्म का मार्ग दिखाया। उनके लेखन से यह सिद्ध होता है कि कला और साहित्य समाज को जागरूक कर सकते हैं। पठानिया ने सभी से महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में एससी कमिशन सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा भी उपस्थित रहे।

### धर्मगुरु ने दी बिशप डेम सारा मुल्लाली को बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने लंदन की वर्तमान बिशप डेम सारा मुल्लाली को कैंटरबरी की अगली आर्कबिशप नियुक्त किए जाने पर पत्र लिखकर बधाई दी है। धर्मगुरु ने पत्र में लिखा कि आज दुनिया कई मुश्किलों का सामना कर रही है। यह ऐसा समय है जब बुनियादी मानवीय मूल्यों को चुनौती दी जा रही है। मेरा मानना है कि धार्मिक नेताओं के रूप में हमारी विशेष जिम्मेदारी है कि हम उन्हें फिर से जनता के ध्यान में लाएं। धर्मगुरु ने कहा कि मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि आप एंग्लिकन चर्च की पहली महिला नेता होंगी। जैसा कि आप जानते ही होंगे, इस बात के वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि करुणा के मामले में महिलाएं दूसरों की भावनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। इसलिए मेरा दृढ़ विश्वास है कि अगर हमारी ज्यादा नेता महिलाएं होतीं, तो दुनिया एक ज्यादा समझदार और शांतिपूर्ण जगह होती।

### पालमपुर अस्पताल के 200 कर्मी होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सिविल अस्पताल पालमपुर ने कायाकल्प योजना के तहत जुलाई माह में प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वच्छता और सेवा का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। इस उपलब्धि के पीछे अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत रही है। अब अस्पताल प्रशासन 6 अक्तूबर को विला केमेलिया में आयोजित समारोह में लगभग 200 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करेगा। स्वच्छता को प्रमुख मापदंड मानते हुए विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों का योगदान रेखांकित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक आशीष बुटेल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### मैक्लोडगंज में भूस्खलन, सड़क पर पहुंचा मलबा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** रविवार को सुबह के समय हुई मूसलाधार बारिश से पर्यटन नगरी में एक बार फिर से भूस्खलन हुआ। इसके चलते मलबा सड़क पर आ गया और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, सुबह मैक्लोडगंज बस स्टैंड के पास भूस्खलन हुआ, जिसके चलते मिट्टी व पत्थर सड़क पर आ गिरे। गनीमत यह रही कि जब मलबा सड़क पर गिरा, उस समय कोई भी वाहन से नहीं गुजर रहा था, अन्यथा हादसा हो सकता था। गौरतलब है कि बरसात के दौरान धर्मशाला-मैक्लोडगंज मार्ग पर कई जगहों पर भूस्खलन हुआ था। जमीन धंसने के चलते जहां धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया खड़ा डंडा मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं, धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंड मार्ग भी जगह-जगह से टूटा हुआ है।

## गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज की सहायता के लिए आगे आए पराशर

### मरीज के लिए मशीन खरीद कर पहुंचाई टांडा मेडिकल कॉलेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**जसवां**-परागपुर क्षेत्र में कैप्टन संजय पराशर ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए बणी गांव के मरीज जगदीश राम को नया जीवनदान देने का प्रयास किया है। जगदीश राम फेफड़ों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनका इलाज टांडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। कुछ दिन पहले अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और सांस लेने में दिक्कत बढ़ गई तो डॉक्टरों ने बताया कि मरीज के लिए तुरंत बाइ-पैप मशीन की जरूरत है, लेकिन अस्पताल में वह उपलब्ध नहीं थी।



कैप्टन संजय पराशर।

**मरीज को थी बाइ-पैप मशीन की जरूरत**

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए इतनी महंगी मशीन खरीद पाना असंभव था। ऐसे में मरीज की रिश्तेदार वीना देवी ने समाजसेवी कैप्टन संजय पराशर से मदद की गुहार लगाई। पराशर ने बिना एक पल गंवाए तुरंत बाइ-पैप मशीन अपने निजी खर्च पर खरीदी और टांडा मेडिकल कॉलेज पहुंचा दी। इस मशीन की बाजार में कीमत 60 हजार रुपए से अधिक है। मशीन लगने के बाद मरीज की हालत में सुधार आया और परिवार ने राहत की सांस ली है।

कैप्टन संजय पराशर का यह किसी व्यक्ति की मदद के साथ समाज में मानवता की जीवंत मिसाल है। संजय पराशर पहले भी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बड़ी भूमिका निभा चुके हैं। कैप्टन संजय पराशर का कहना था कि अपने क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति का दुख नहीं देख सकते। वहीं, बणी पंचायत के निवासी राजेंद्र और बहादुर सिंह ने बताया कि संजय पराशर इंसानियत की सच्ची परिभाषा हैं। पराशर क्षेत्र की जनता की वह उम्मीद हैं, जो हर कठिनाई के बीच यह यकीन दिलाती है कि मानवता अब भी जिंदा है।

### टीएमसी के सर्जरी विभाग ने रचा इतिहास

## पित्त की पत्थरी का रोबोटिक सर्जरी से किया सफल इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा के सर्जरी विभाग ने इतिहास रच दिया है। टांडा में पित्त की पत्थरी का रोबोटिक सर्जरी से सफल इलाज किया गया है, जिसमें सर्जरी विभाग के डॉ. मोहिंद्र राणा की मुख्य भूमिका रही, जिन्होंने एम्स दिल्ली से रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ऑपरेशन के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा के दिशा-निर्देशों में एचओडी डॉ. संजीव शर्मा, एनेस्थेसिया विभाग की डॉ. वर्षा और डॉ. आर्यन, ओटीए शबनम और नर्स नेहा की टीम ने बेहतरीन सहयोग दिया। यह सफल सर्जरी एक महिला मरीज पर की गई, जो विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के लदबाड़ा की रहने वाली है। अब वह दो दिन अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगी। इसके बाद उन्हें स्वस्थ होकर घर भेजा जाएगा। एचओडी डॉ. संजीव शर्मा ने रोबोटिक सर्जरी के कई लाभ बताए, जिनमें कम दर्द, जल्दी रिकवरी और न्यूनतम जटिलताएं शामिल हैं। टीएमसी प्रशासन ने दावा किया कि प्रदेश में अब तक केवल आईजीएमसी शिमला का यूरोलॉजी विभाग ही रोबोटिक सर्जरी कर रहा है। टीएमसी में बीते माह पहली रोबोटिक सर्जरी निजी अस्पताल के विशेषज्ञ की मदद से हुई थी। शनिवार को टीएमसी के सर्जरी विभाग ने पहली बार बिना किसी बाहरी सहयोग के पूरी तरह से अपने दम पर यह जटिल ऑपरेशन किया।

## जसूर सिनेमाघर के पास कार खाई में गिरी, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर पुलिस थाना के तहत जसूर तलवाड़ा सड़क जसूर सिनेमाघर के समीप एक कार शनिवार रात को गहरी खाई में लुढ़क गई। इस हादसे में सवार चालक अनूप पुत्र हरी सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अनूप जसूर रेलवे फाटक के समीप पुरानी सब्जी मंडी मार्किट में मिट्टी के बर्तनों की दुकान करता था। शनिवार की रात करीब आठ बजे वह अपनी दुकान बंद कर कार नंबर एचपी 46-0590 में अपने घर वापस जा रहा था, लेकिन वह अपने घर नहीं पहुंचा, तो उसके परिवार वालों ने उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन उनकी बात नहीं हो पाई। रविवार की सुबह मछली भवन गांव के लोगों ने देखा कि एक लाल रंग की कार गहरी खाई में गिरी पड़ी है, जिसकी सूचना उन्होंने उसके परिजनों को दी। इस हादसे में कमनाला निवासी अनूप की मौत हो चुकी थी, स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नूरपुर के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बच्चों को छोड़ गया है। अनूप के पिता काफी समय से बीमार चल रहे हैं। परिवार का भरण पोषण उसकी कमाई से चलता था। डीएसपी नूरपुर चंद्र पाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## धौलाधार पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात मौसम कूल-कूल, घाटी में सर्दी ने दी दस्तक



**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** कांगड़ा घाटी में रविवार को हुई बारिश के साथ धौलाधार पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ है। इसके साथ घाटी में सर्दियों का आगाज हो गया है। सुबह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तेज बारिश व हवाओं से मौसम कूल-कूल हो गया है। सुबह के समय शाम का अहसास करवाने के बाद मेघ जमकर बरसे। कई जगहों पर पेड़ आदि गिरने की भी सूचनाएं हैं। धौलाधार पहाड़ियों पर इससे पहले भी हल्का हिमपात हुआ था, लेकिन रविवार को हुए हिमपात से पहाड़ियां सफेद नजर आ रही हैं। अक्तूबर माह में हुए हिमपात को सर्दियों के समय पूर्व आगाज का भी संकेत माना जा रहा है। रविवार सुबह बारिश के चलते मैक्लोडगंज, धर्मशाला सहित जिले के कई क्षेत्रों में ठंडक महसूस होने के चलते लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। अक्तूबर माह में हुए हिमपात को पर्यटन सीजन के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। धौलाधार पहाड़ियों पर हिमपात को देखकर पर्यटन उद्यमियों के चेहरे भी खिल गए हैं।

### सुक्खू सरकार केंद्र का पैसा खर्च करने में नाकामः संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। केंद्र सरकार लगातार हिमाचल के लिए उदारता दिखा रही है, लेकिन सुक्खू सरकार उस पैसे को खर्च करने की बजाय लौटाने में लगी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र ने 954 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन सरकार उस राशि का आधा भी खर्च नहीं कर पाई। अब 2025-26 के लिए 1050 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति दी गई है, लेकिन सुक्खू सरकार की कारगुजारी देखकर यह साफ है कि यह बजट भी धरा का धरा रह जाएगा। संजय ने कहा कि हाल ही में प्रदेश दौरे पर आए देश के स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मातृ शिशु सुरक्षा योजना के लिए 123 करोड़ रुपए दिए और मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि केंद्र का पैसा जनता के भले के लिए खर्च करें।

## नाबार्ड योजना के तहत ध्वाला पंचायत की चार सड़कें स्वीकृत : कमलेश

### गुग्गा जाहरवीर मंदिर में शेड निर्माण को 2 लाख रुपए देने की घोषणा की

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने रविवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र की ध्वाला पंचायत के अंतर्गत स्थित गुग्गा जाहरवीर मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने स्थानीय जनता से रू-ब-रू होकर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। कमलेश ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ध्वाला पंचायत के विकास कार्यों के लिए 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है और शेष बची राशि भी अतिशीघ्र स्वीकृत कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि ध्वाला पंचायत की 4 सड़कें नाबार्ड योजना के तहत स्वीकृत हो चुकी हैं, जिसके लिए 10 लाख रुपए का बजट भी स्वीकृत हो चुका है। ध्वाला पंचायत में 50000 लीटर क्षमता वाले पानी के टैंक की स्वीकृति भी हो चुकी है, जिससे लोगों की पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। इसी तरह देहरा में कंबाइंड ऑफिस बिल्डिंग के निर्माण कार्य को भी अतिशीघ्र आरंभ किया जाएगा। उन्होंने गुग्गा मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि विधायक निधि से देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को अवगत करवाया कि प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वाला पंचायत में कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पंचायत में प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से रहने के लिए किराए का प्रावधान भी किया है, जिससे कोई भी परिवार बेघर न रहे। विधायक ने रजनी देवी की पुत्री के विवाह के लिए शगुन स्वरूप आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इससे पूर्व उन्होंने गुग्गा जाहरवीर मंदिर में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की।



ध्वाला पंचायत में जनता को संबोधित करती विधायक कमलेश ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### डुडीयां गांव में आज लगेगा मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** प्रयास संस्था के संयोजक राम कृष्ण ने बताया कि सोमवार को डुडीयां गांव में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। इसके अलावा सात अक्तूबर को पंचायत डुडीया के गांव ढोलगा, 8 को पंचायत कोसरियां के गांव कोठी में, 9 को ग्राम पंचायत कलोल के गांव बकैन, 11 को नगर पंचायत तलाई में संस्था की ओर से मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंप में डॉक्टर की ओर से निशुल्क चिकित्सा एवं निशुल्क दवाइयों के साथ-साथ निशुल्क टेस्ट भी किए जाएंगे।

### युवाओं ने की पौराणिक कुंड की यात्रा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दसलेहड़ा पंचायत के युवाओं अजय शर्मा, रजनीश, राजकुमार, अनिल कुमार और सक्षम ने रुक्मणी कुंड की यात्रा की। उन्होंने औहर पंचायत के भजवाणी गांव में रहने वाली 80 वर्षीय पुजारिन सत्या देवी से इस कुंड से जुड़ी पौराणिक गाथा और लोक आस्थाओं को भी समझा। पुजारिन सत्या देवी के अनुसार, यह कुंड एक संस्कारी बहू रुक्मणी के त्याग और बलिदान का प्रतीक है। अजय शर्मा उपप्रधान दसलेहड़ा ने बताया कि रुक्मणी कुंड का स्वच्छ और ठंडा जल, मानो आत्मा को शांति देता है। यहां का वातावरण, रुक्मणी के बलिदान की कथा सुनकर और भी दिव्य हो जाता है। रुक्मणी कुंड सिर्फ पानी का स्रोत नहीं है, यह संस्कृति, परंपरा, महिला शक्ति और आस्था का प्रतीक है। यह एक ऐसा स्थल है, जहां हर एक बूंद में एक कथा बसती है, और हर श्रद्धालु की आंखों में श्रद्धा की चमक दिखाई देती है।

### शाहतलाई में 8 को शुरू होगी श्री बाल रामलीला

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** श्री बाल रामलीला कमेटी की बैठक रविवार को श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ तपोस्थली मंदिर तलाई के प्रांगण में हुई, जिसमें 38वां रामलीला मंचन 8 अक्तूबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया। कमेटी प्रधान पवन कौशल ने बताया कि तपोस्थली मंदिर प्रांगण में निर्माण कार्य के चलते पुडे सामान के कारण 8 अक्तूबर से विधिवत पूजन के साथ शुभारंभ होगा। बैठक के दौरान मुख्य निर्देशक हरबंस लाल शर्मा, निर्देशक नंदलाल शर्मा, उप प्रधान राकेश शर्मा, स्टेज संचालक महेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष देशराज शर्मा, सचिव सुरेश पंडित व राजकुमार कौशल, मेकअप डायरेक्टर सरवन पंडित, कार्यकारिणी सदस्य अंकुश सोनी, रोहित ठाकुर, अमित कुमार, देशराज पुजारी, सरवन कुमार, राजेश ऋषि व अर्श बनियाल इत्यादि गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

### हनुमान मंदिर में कल्याण कला मंच की संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक 'कला-कलम' संगोष्ठी हनुमान टिल्ला, दनोह स्थित काले बाबा कुटिया में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रत्न चंद निर्झर रहे, जबकि अध्यक्षता सुरेंद्र मिन्हास और सह-अध्यक्षता अमर नाथ धीमान ने की। संचालन सुशील पुंडीर परिंदा ने किया। इस अवसर पर मां सरस्वती और काले बाबा की वंदना की गई। भराड़ी के लेखक रूप शर्मा के कृतित्व पर चर्चा की गई तथा स्व. राज कुमार शर्मा को काले बाबा कला श्री सम्मान 2025 से मरणोपरांत सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 25 से अधिक साहित्यकारों व कलाकारों ने भाग लिया।

### युद्ध सक्षम व तकनीक दक्ष बल बनेगा सीआईएसएफ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सीआईएसएफ ने खुद को युद्ध-सक्षम, तकनीक-दक्ष और भविष्य के लिए तैयार बनाने के लिए अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और मानकों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। कोलडैम यूनिट के डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने बताया कि राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी हैदराबाद में महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी, आईपीएस की अध्यक्षता में वार्षिक प्रशिक्षण सम्मेलन-2025 में इन सुधारों को अंतिम रूप दिया गया। अब सीआईएसएफ में 'वन फोर्स वन आउटडोर स्टैंडर्ड' नीति लागू होगी, जिसके तहत सभी कर्मियों को एनएसजी जैसी विशिष्ट इकाइयों के कठोर शारीरिक और युद्ध मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा। नए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 26 बाधाओं वाला बैटल ऑब्स्टेकल कोर्स, 21 किमी हाफ मैराथन, और आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण शामिल किया गया है। इसके अलावा, बल को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए ड्रोन-रोधी प्रणालियों, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरणों और एकीकृत कमान केंद्रों का अभ्यास भी कराया जाएगा। सीआईएसएफ कर्मियों को आपदा, आग और चिकित्सा आपात स्थितियों में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, हर साल 15,000 रिक्रूट तैयार करने की क्षमता बढ़ाई जाएगी और राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी को 5-स्टार मान्यता दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। महानिदेशक भट्टी के अनुसार, ये सुधार सीआईएसएफ को एक भविष्य के लिए सक्षम और विश्वस्तरीय बल बनाएंगे।

# कामधेनु हितकारी मंच बना दुग्ध उत्पादकों की ताकत

## पांच हजार से अधिक सदस्य संस्था से जुड़े, मिठाई बनाने व विपणन में भी रखा कदम

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य से शुरू हुआ कामधेनु हितकारी मंच आज किसानों की उम्मीद का केंद्र बन गया है। संस्था के साथ वर्तमान में 5000 से अधिक सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं, जो प्रतिदिन दूध की खरीद, बिक्री और वितरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

यह संस्था न केवल दूध उत्पादन तक सीमित है, बल्कि अब इसने मिठाइयों के निर्माण और विपणन में भी कदम रखा है। बिलासपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित कामधेनु की उत्पादन इकाई में शुद्ध दूध से



नमहोल की राजधानी में स्थित कामधेनु हितकारी मंच का रेस्टोरेंट। फाइल फोटो

तैयार विभिन्न दुग्ध मिठाइयां बनाई जाती हैं, जिनकी मांग स्थानीय बाजारों में लगातार बढ़ रही है। इस कदम से संस्था ने न केवल उत्पादकों की आय बढ़ाई है, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराए हैं। संस्था की पहल से कई पंचायतों के किसान अब नियमित रूप से दूध आपूर्ति कर स्थिर आमदनी पा रहे हैं। मंच समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर पशुपालन, दुग्ध प्रसंस्करण और उत्पाद गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देता है। ग्रामीण इलाकों में यह संस्था अब भरोसे का पर्याय बन चुकी है। किसान सीधे मंच से जुड़कर पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अपनी आय प्राप्त कर रहे हैं। संस्था के महासचिव जीतराम कौंडल ने बताया कि कामधेनु मंच अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्यों को भुगतान और सूचना सेवाएं उपलब्ध कराने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी महीनों में संस्था एक नया मिनी मिल्क प्लांट स्थापित करेगी, जिससे दूध संग्रहण क्षमता बढ़ेगी और आसपास की पंचायतों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### सीएम ने भी की सराहना

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 'कामधेनु हितकारी मंच जैसी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दूध उत्पादकों को संगठित कर आत्मनिर्भर बनाना एक प्रेरक पहल है। सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, मूल्य स्थिरता और परिवहन सुविधा सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव सहयोग देगी।'

# बिलासपुर में 17 को हकों के लिए प्रदर्शन करेंगे पेंशनर्स : चेतराम




17 अक्तूबर को एकजुट होकर प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**प्रदेश** पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक चेतराम वर्मा ने बताया कि हिमाचल के विभिन्न विभागों, बोर्डों और कॉर्पोरेट सेक्टर के सभी पेंशनर्स ने एकजुट होकर 17 अक्तूबर को जिला बिलासपुर के शहीदी पार्क में जोरदार धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। यह निर्णय 4 सितंबर को समिति की राज्य स्तरीय बैठक में लिया गया था।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन में हिमाचल पथ परिवहन, बिजली बोर्ड, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सहित लगभग 17 एसोसिएशनों के पदाधिकारी व सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने सभी खंडों और इकाइयों के प्रधानों से अपील की कि वे संगठित होकर संघर्षरत पेंशनर्स के अधिकारों की वास्तविक लड़ाई लड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि कई पेंशनर्स अपने अधिकारों की प्रतीक्षा करते हुए इस दुनिया से चले गए, जो हमारी सामूहिक निष्क्रियता का परिणाम है। कुछ गुटबाज लोग संघर्ष को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु अब जिले के पेंशनर्स जागरूक हैं और गुमराह नहीं होंगे। उन्होंने सभी से 17 अक्तूबर को एकजुट होकर प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

# स्वारघाट में प्राथमिक शिक्षक संघ ने निकाली रोष रैली

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

**नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर को जारी नई क्लस्टर प्रणाली की अधिसूचना के विरोध में रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वारघाट में रोष रैली निकाली। सैकड़ों शिक्षकों ने उपमंडल कार्यालय श्री नयना देवी जी तक नारेबाजी करते हुए मार्च किया और अधिसूचना को प्राथमिक शिक्षा व शिक्षकों के हितों के खिलाफ बताया। संघ का कहना है कि अधिसूचना के तहत प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण प्रिंसिपल को सौंपना वर्ष 1984 से चले आ रहे प्राथमिक शिक्षा के स्वतंत्र ढांचे के साथ कुठाराघात है। इससे मुख्य शिक्षकों और बीआरसी की प्रशासनिक शक्तियां सीमित हो जाएंगी और शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। रैली की अध्यक्षता जिला प्रधान रमेश शर्मा, खंड प्रधान अनिल शर्मा व राजेंद्र चौधरी ने की। महिला विंग की अध्यक्षा निर्मला शर्मा सहित लगभग 1000 शिक्षक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भेजा और स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने प्राथमिक शिक्षकों की मांगों को अनसुना किया, तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर उग्र रूप धारण करेगा।

**बोले- अधिसूचना वापस नहीं ली तो होगा उग्र आंदोलन**

## नई क्लस्टर प्रणाली का विरोध, उपमंडलीय अधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**प्रदेश** की नई क्लस्टर प्रणाली के विरोध में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर की खंड कार्यकारिणी और शिक्षा खंड के लगभग सभी प्राथमिक शिक्षकों ने अध्यक्ष होशियार सिंह ठाकुर और नरेश राणा की अध्यक्षता में दकड़ी चौक से उपमंडल कार्यालय घुमारवीं तक रोष रैली निकाल कर धरना-प्रदर्शन किया।

वहीं, उपमंडलीय अधिकारी (नागरिक) घुमारवीं के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन प्रेषित किया और शिक्षा विभाग की ओर से 23 सितंबर को नई क्लस्टर प्रणाली पर जारी अधिसूचना को वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेताया कि इस अधिसूचना को जल्द वापस नहीं लिया गया तो प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश व्यापी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिलेभर में प्राथमिक शिक्षकों ने घुमारवीं, सदर, झंडूता, स्वारघाट में उपमंडलीय अधिकारी के




दकड़ी चौक से उपमंडल कार्यालय घुमारवीं तक रोष रैली निकाल कर धरना-प्रदर्शन किया।

माध्यम से सीएम को मांग पत्र सौंपा। गौर रहे कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने 23 सितंबर को नई क्लस्टर प्रणाली पर अधिसूचना जारी की, जिससे प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण प्रिंसिपल को दे दिया गया है। इससे पहले 29 नवंबर 2023 को जारी अधिसूचना के बाद प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध किया था, जिसके बाद 13 फरवरी 2024 को संशोधित अधिसूचना जारी की गई थी। उस संशोधित व्यवस्था के तहत क्लस्टर सिस्टम को रिसोर्स शेयरिंग तक सीमित रखा गया था और नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक प्रशासनिक नियंत्रण मुख्य शिक्षक, केंद्रीय मुख्य शिक्षक और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पास ही था। हालांकि, नई अधिसूचना में यह बदलाव प्राथमिक शिक्षकों के हितों के खिलाफ है। 1984 से अलग ढांचे में संचालित प्राथमिक शिक्षा ने हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान दिलाया है, जो प्राथमिक शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है, न कि प्रिंसिपल का। नए व्यवस्था से समस्त कार्य केंद्रीयकृत होकर प्रिंसिपल पर बोझ बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। इसके अलावा, मुख्य शिक्षक, केंद्रीय मुख्य शिक्षक और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पदों का महत्व कम हो जाएगा। प्राथमिक शिक्षक संघ का कहना है कि यह अधिसूचना 43 दिन तक चले संघर्ष और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के वादों के विपरीत है, जो प्राथमिक शिक्षकों के साथ वादा खिलाफी है। इससे प्राथमिक शिक्षा को भविष्य में बड़ा नुकसान होगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश शर्मा, राज्य सचिव राकेश पटियाल, रफी मोहम्मद, खूब सिंह ठाकुर, राजीव शांडिल, नरेंद्र कुमार, बाबूलाल, जावेद इकबाल, जसवंत धीमान, प्रवीण कुमार, बीना देवी, सीमा देवी, मीनाक्षी, नीलम, निशा, अंजलि, मीनाक्षी शर्मा, अनिता कुमारी, संजीव कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, केशव नंदपाल और शिक्षा खंड घुमारवीं प्रथम एवं द्वितीय के सभी अध्यापक साथी उपस्थित रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में अनामिका ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

**बिलासपुर** पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मार्कंड के सौजन्य से किशोर स्वास्थ्य दिवस प्रधानाचार्य चंद्रशेखर व प्रिंसिपल ललिता की अध्यक्षता में मनाया गया।

हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत देश के सभी किशोरों को उनके स्वास्थ्य और सेहत के बारे में जागरूक करना है। किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में 10 से 19 वर्ष तक की आयु के किशोरों के रूप में परिभाषित किया गया है। इस अवसर पर 11 विद्यार्थियों की ओर से भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में अनामिका ने पहला, किंजल दूसरा, ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार के रूप में रजिस्टर और बाल पैन दिया गया। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा देवी ने बच्चों का हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की।



बिलासपुर पब्लिक स्कूल में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

## अखिल भारतीय किसान सभा का राज्य सम्मेलन संपन्न

# किसानों की मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित




अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सम्मेलन में किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

अखिल भारतीय किसान सभा का राज्य सम्मेलन बिलासपुर जिले के टोबा कौलां वाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड बलदेव सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में 2023 की आपदा में हुए 12000 करोड़ व हाल ही में हुए 5000 करोड़ रुपए के नुकसान के बावजूद विशेष राहत पैकेज न देना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह राजनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। किसान सभा ने केंद्र से मांग की कि हिमाचल को आपदा राहत के लिए विशेष पैकेज तुरंत जारी किया जाए, वन भूमि पर बने मकानों को नियमित किया जाए, फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जानवरों के लिए 10,000 रुपए प्रति बीघा मुआवजा दिया जाए, खैर को कृषि उत्पाद घोषित कर उसका समर्थन मूल्य तय किया जाए तथा अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

### प्रदेश कार्यकारिणी की गठित

हिमाचल किसान सभा में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी किया। इसमें पूर्व विधायक के के कौशल को अध्यक्ष, भाग सिंह बिलासपुर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यशपाल सोलन को उपाध्यक्ष, बलजीत सिंह कांगड़ा को उपाध्यक्ष, नरेश घई सोलन को महामंत्री, गुमान सिंह चौहान शिमला को सह सचिव, हरदेव सिंह मंडी को संगठन सचिव, नानक चंद सोलन को प्रेस सचिव तथा ऊना के करनैल सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में किशन सिंह ठाकुर, दिलीप सिंह, करमचंद, राम लोक, रतन लाल, अनूप पराशर, सुखदेव, ओमप्रकाश मेघ सिंह, बलबीर सिंह, केवल दास तथा रणजीत सिंह को लिया गया है।

# बिना प्रोमोशन रिटायर हो रहे प्रवक्ताओं को दिवाली पर तोहफे की आस: अवनीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ बिलासपुर ने सरकार से मांग की है कि दीपावली से पूर्व टीजीटी से मुख्याध्यापक एवं प्रवक्ता (स्कूल न्यू) के रिक्त पदों पर पदोन्नति दी जाए। जिला प्रधान अवनीश कुमार, मुख्य संरक्षक अशोक मिश्रा, वरिष्ठ उपप्रधान रवि शर्मा, महासचिव संजीव बंसल सहित समस्त विज्ञान अध्यापकों ने प्रेस बयान में कहा कि मुख्य अध्यापक पद पर लगभग दो वर्षों से पदोन्नति नहीं हुई है, जिससे 25 से 28 वर्षों की सेवा देने वाले शिक्षक बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो अत्यंत खेदजनक है।

उन्होंने कहा कि एक अध्यापक अपने सेवाकाल में न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करता है, बल्कि सरकार द्वारा सौंपे गए अन्य दायित्व भी कुशलता से निभाता है। ऐसे में उसे समय पर पदोन्नति मिलना उसका अधिकार है। परंतु दुर्भाग्यवश वर्षों तक पदोन्नति की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव व निदेशक स्कूली शिक्षा से आग्रह किया है कि दिवाली से पूर्व पदोन्नति सूची जारी कर विज्ञान अध्यापकों को राहत प्रदान की जाए। इससे न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव



हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

**राजकीय** हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला, बिलासपुर में एलुमनाई मीट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संकाय समन्वयक रवि कुमार, निशांत चंदेल एवं मानिक डोगरा की ओर से किया गया। इस अवसर पर लगभग 64 पूर्व छात्र-छात्राएं ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से उपस्थित रहे। एलुमनाई ने अपने अनुभव साझा किए और कॉलेज की शिक्षा तथा वातावरण को अपने करियर की सफलता का आधार बताया। मीट के दौरान मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लंच का आयोजन किया गया।

पूर्व छात्रों ने कॉलेज से पुनः जुड़ने पर खुशी व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम का समापन कार्यवाहक निदेशक डॉ. महेश ने किया। उन्होंने सभी एलुमनाई का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पूर्व छात्र संस्थान की पहचान और गौरव हैं। ऐसे आयोजन न केवल पुराने संबंधों को मजबूत करते हैं बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देते हैं।

# प्रदेश में मातृ-शिशु अस्पतालों की अपग्रेडेशन के लिए 123.27 करोड़ रुपए मंजूर होने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 123.27 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नड्डा जब भी हिमाचल आते हैं, प्रदेश को कोई न कोई बड़ी सौगात जरूर मिलती है। इस बार बिलासपुर के मातृ-शिशु अस्पताल को 4.47 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे माताओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा के प्रयासों से बिलासपुर को एम्स जैसा विश्वस्तरीय संस्थान मिला है, जो प्रदेश ही नहीं, पड़ोसी राज्यों को भी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। लोगों का विश्वास इस स्वास्थ्य संस्थान पर लगातार बढ़ रहा है। एम्सआरआई, सीटी स्कैन, पीईटी स्कैन व डायलिसिस से लेकर किडनी ट्रांसप्लांट जैसी कई सुविधाएं पहले से मिल रही हैं। जल्द ही एम्स में बोन मैरो ट्रांसप्लांट और रोबोटिक सर्जरी की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक अहम कदम है। अब प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि स्वीकृत राशि को समयबद्ध ढंग से उपयोग में लाकर जनता को शीघ्र लाभ पहुंचाए।

# डियारा सेक्टर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भक्त भावविभोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

डियारा सेक्टर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक पंडित भास्करानंद शर्मा ने अलौकिक तरीके से भगवान शिव पार्वती विवाह के बारे में श्रद्धालुओं को बताया। भगवान शिव की बारात और विवाह के मधुर क्षणों को भव्य तरीके से दर्शाया गया।




उन्होंने कहा कि पार्वती की तरफ से कई उच्च कुलों के राजा-महाराजा और शाही रिश्तेदार इस शादी में शामिल हुए, लेकिन शिव की ओर से कोई रिश्तेदार नहीं था, क्योंकि वे किसी भी परिवार से संबंधित नहीं थे। भगवान शिव के साथ हर प्रकार के प्राणी बारात में आए, जिसें देवी, देवताओं के अलावा राक्षस, किन्नर, गंधर्व, सर्प यहां तक की कीड़े-मकोड़े भी आए। एकता, प्रेम और समरसता का पर्याय बनी यह बारात कई मायनों में अलौकिक थी। पर्वत राज ने अपने कुल की वंशावली के बारे में बताया और शिव से उनकी वंशावली के बारे में पूछा तो शिव मौन होकर शून्य रहे। काफी समय तक इसी बात को लेकर सभा में चर्चा होती रही कि आखिर शिव की ओर से इनके परिवार खानदान के बारे कोई क्यों नहीं बोल रहा।

फिर नारद मुनि ने बताया कि भगवान स्वयंभू हैं। इनका आगे पीछे कोई नहीं है। इनके माता-पिता ही नहीं हैं। इनकी कोई विरासत नहीं है। इनका कोई गोत्र नहीं है। इसके पास कुछ नहीं है। इनके पास अपने खुद के अलावा कुछ नहीं है। पंडित भास्करानंद शर्मा ने बताया कि यह सुन पूरी सभा चकरा गई। पर्वत राज यह सुनकर हैरान रह गए, कि वे अपनी पुत्री का हाथ कैसे ऐसे व्यक्ति के हाथों दे सकते हैं, जिसका कोई वंश ही न हो। ऊपर से बारात में आए संगी-साथी देख समस्त जनता भयभीत थी। फिर माता पार्वती के कहने पर शिव में सारा माया को समेटा तथा नारद ने बताया कि यही समस्त ब्रह्मांड है। भगवान विष्णु और ब्रह्मा भी इन्हीं के द्वारा है, फिर कहीं दुल्हन के पिता संतुष्ट हुए। ब्रह्मा ने पुरोहित का कार्यभार संभाला और विष्णु पार्वती के भाई बने तथा यह विवाह संपन्न हुआ। कथा समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

# झरेड़ी गांव के लोगों को जल्द मुहैया होगा सड़क सुविधा: विवेक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत बेहना ब्राह्मण पंचायत के झरेड़ी गांव के लोगों को जल्द ही सड़क सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष समस्या को रखा जाएगा, ताकि लोगों की समस्या का समाधान हो सके। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बैहना ब्राह्मण के झरेड़ी गांव में लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने सड़क की समस्या रखी। लोगों ने कहा कि आज तक सड़क सुविधा नहीं मिल पाई है, जिसके चलते कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विवेक ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री के समक्ष इस समस्या को रखकर इसे हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भी सड़कों के विस्तारीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आम जनता को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने को लेकर दूध, गेहूं, मक्की के साथ हल्दी का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। प्राकृतिक गेहूं 60 रुपए प्रति किलोग्राम, प्राकृतिक हल्दी 90 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्की 40 रुपए प्रति किलोग्राम, गाय का दूध 51 व भैंस के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 61 रुपए प्रतिलीटर निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से लिए गए इन निर्णय का लाभ ग्रामीण स्तर के लोगों को मिला है। किसानों को इसका लाभ मिला है। एक ओर जहां दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित होने के चलते पशुपालकों को लाभ मिला है।

# भगेड़ में विश्व शिक्षक दिवस पर बच्चों को बांटी नोटबुक



भगेड़ में विश्व शिक्षक दिवस के दौरान बच्चों को बांटी गई नोटबुक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**भगेड़** में विश्व शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यापक लकेश चंदेल द्वारा प्रगति समाज सेवा समिति में उपस्थित बच्चों को निशुल्क नोटबुक वितरित की गईं और बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों के साथ लगभग एक घंटे तक शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई।

लकेश चंदेल ने कहा कि आज वह समय आ गया है कि प्रत्येक शिक्षक को युवा पीढ़ी को सुधारकर उनके भविष्य को संवारना होगा। इस उपलक्ष्य पर प्रगति समाजसेवा समिति के अध्यक्ष व समाज सेवक सुनील कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने अध्यापक लकेश चंदेल द्वारा प्रगति समाज सेवा समिति भगेड़ में गरीब मजदूरों के बच्चों को शिक्षक दिवस पर नोटबुक भेंट करने तथा करियर काउंसिलिंग करने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस समारोह में लगभग 25 बच्चे उपस्थित रहे। सुनील शर्मा बच्चों को प्रतिदिन योगा, नशा मुक्ति दौड़ इत्यादि कार्यक्रम गौशाला में प्रतिदिन करवाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### घटी जीएसटी दरें, व्यापारियों ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने क्षेत्र के बाजारों का दौरा कर स्थानीय व्यापारियों और आमजन से जीएसटी दरों में कटौती पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कदम से व्यवसाय को नई गति मिलेगी और महंगाई में राहत मिलेगी। व्यापारियों ने केंद्र सरकार के इस फैसले का खुले दिल से स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने इसे छोटे व मध्यम व्यापार के लिए त्योहार जैसा तोहफा बताया। विधायक ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा जनता और व्यापारिक हितों की रक्षा में तत्पर रही है और आगे भी आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ऐसे निर्णय जारी रहेंगे।

### शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी यशवंत खन्ना से प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज भेंट की। दूनी चंद शर्मा और लेख राज शर्मा के नेतृत्व में आए इस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को शिक्षकों की लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा। यशवंत खन्ना ने शिक्षकों की समस्याओं को जायज ठहराते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था की मजबूती में शिक्षक वर्ग की अहम भूमिका होती है और सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की आवाज़ सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि शिक्षक समुदाय की वाजिब मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

### दस दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस के उपलक्ष्य में दस दिवसीय सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशा निवारण, कन्या भ्रूण हत्या, राष्ट्रीय सुरक्षा, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव जैसे विषयों पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश व प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने विद्यार्थियों की भागीदारी की सराहना की। प्रश्नोत्तरी, भाषण, रंगोली, पोस्टर, कोलाज, मूर्तिकला जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को वार्षिक उत्सव में सम्मानित किया जाएगा और वे नाहन में होने वाले अंतर-महाविद्यालय युवा उत्सव में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बंदना काला मंच ओबड़ी के कलाकारों ने हरीपुर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कलाकारों ने अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे महर्षि वाल्मीकि छात्रवृत्ति, स्वरोजगार योजना, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, महिला समृद्धि योजना व शिक्षा ऋण सुविधा पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाते हुए नशामुक्त समाज का संदेश भी दिया गया। प्रचार अभियान के तहत 6 अक्तूबर को भरमौर के ब्रेही और मैहला, तथा 8-9 अक्तूबर को चुराह के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### धर्मपुर बस स्टैंड से लोकल रूटों पर दौड़ने लगीं बसें

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** 15 सितंबर की रात सोनखड्ड में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण भारी नुकसान झेल चुके धर्मपुर बस स्टैंड पर अब ज़िंदगी फिर से पटरी पर लौटने लगी है। बाढ़ में 20 बसें बह जाने के बाद बंद हुई सेवाएं अब धीरे-धीरे बहाल हो रही हैं। वर्तमान में लोकल रूटों पर अधिकांश बसें नियमित रूप से चल रही हैं, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल शर्मा ने बताया कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त बसों को मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। अन्य डिपुओं से बिलासपुर, सुंदरनगर, केलांग, जोगिंद्रनगर और मंडी से बसों को धर्मपुर भेजा गया है। डीज़ल पंप की मरम्मत भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की बसें भी जल्द चलाई जाएंगी और डिपो पूरी तरह से सुचारू रूप से कार्य करने लगेगा। जनता को सभी रूटों पर जल्द सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### महापौर बने एआईसीएम के मनोनीत सदस्य

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा को अखिल भारतीय महापौर परिषद का मनोनीत सदस्य बनाया गया है।अखिल भारतीय महापौर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेनू बाला गुप्ता द्वारा वीरेंद्र भट्ट शर्मा का यह मनोनयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी भूमिका संगठन के उद्देश्यों को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने आगे कहा है कि आपका यह मनोनयन आपके नेतृत्व क्षमता नगरीय शासन क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है। इधर, नगर निगम कर्मचारी महासंघ मंडी के अध्यक्ष हरीश शर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन ठाकुर ने नगर निगम के महापौर के एआईसीएम सदस्य के रूप में मनोनय के लिए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा अखिल भारतीय महापौर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेनू बाला गुप्ता द्वारा मंडी नगर निगम मंडी के माननीय महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा को परिषद का सदस्य मनोनीत किया जाना मंडी जिला और हिमाचल के लिए गौरव की बात है। इस मनोनियां के लिए माननीय महापौर को नगर निगम कर्मचारी महासंघ हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है।

### पेंशनर्स 17 को करेंगे जोरदार शक्ति प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश संयुक्त पेंशनर समन्वय एवं संघर्ष समिति जिला मंडी की बैठक रविवार को सुंदरनगर के वृद्ध आश्रम देहरी में सम्पन्न हुई। जिला समन्वयक प्रभु राम वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंडी के विभिन्न पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी संगठनों ने 17 अक्तूबर को मंडी जिला मुख्यालय में प्रस्तावित पेंशनरों के विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखाई और प्रतिबद्धता जताई। बैठक में जिला स्तर पर संयुक्त समन्वय समिति तथा संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पेंशनरों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में भाग लेने का संकल्प लिया। यह प्रदर्शन पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सरकार तक अपनी आवाज़ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कांप्लेक्स सिस्टम के विरोध में प्रदर्शन

## डलहौजी में शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय तक निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



कांप्लेक्स सिस्टम के खिलाफ एसडीएम कार्यालय तक विरोध रैली निकालते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बनीखेत के शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, डलहौज़ी**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बनीखेत ने शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए जा रहे कांप्लेक्स सिस्टम के खिलाफ सुभाष चौक से एसडीएम कार्यालय डलहौज़ी तक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने आक्रोश का इजहार करते हुए एसडीएम कार्यालय के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। खंड बनीखेत के अध्यक्ष ने कहा कि प्रारंभ में सरकार ने कहा था कि कांलेक्स सिस्टम केवल रिसोर्स शेयरिंग तक सीमित रहेगा, लेकिन नई अधिसूचना से प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के लागू होने पर शिक्षकों का प्रमोशन चैनल समाप्त हो जाएगा और खंड शिक्षा अधिकारियों की शक्तियां लगभग समाप्त हो जाएंगी।

### आंदोलन की दी चेतावनी

रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। संघ के महासचिव रवि भारद्वाज समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने समय पर इस प्रणाली को वापस नहीं लिया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। शिक्षकों ने कांप्लेक्स सिस्टम वापस लो और शिक्षकों का हक नहीं छीना जाएगा जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यह संघर्ष केवल बनीखेत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी आवाज बुलंद करेगा।

## नई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ प्राइमरी शिक्षकों की रोष रैली

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ प्राथमिक शिक्षा खंड के प्राइमरी अध्यापकों ने जोरदार रोष रैली निकाली। रैली का नेतृत्व भरमौर इकाई के वरिष्ठ उपप्रधान हरबंस ठाकुर और महासचिव मदन ठाकुर ने किया। अध्यापकों ने सरकार द्वारा प्राइमरी स्कूलों को प्रधानाचार्यों के अधीन करने की नोटिफिकेशन को गलत बताते हुए उसे वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारेबाजी की और कहा कि यह फैसला न केवल शिक्षकों की गरिमा के खिलाफ है बल्कि स्कूलों की स्वायत्तता पर भी आघात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो यह आंदोलन जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक जारी रहेगा।

## सांसद हर्ष महाजन की पहल पर केंद्र से हिमाचल को 123 .27 करोड़ की मंजूरी



**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की निरंतर कोशिशों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत हिमाचल प्रदेश को 123.27 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने की मंजूरी दी है। यह सहायता राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

इस राशि में से 73.13 करोड़ रुपये महिला एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएस) विंग्स के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर खर्च होंगे। 32.19 करोड़ रुपये का उपयोग सीएचसी, एसडीएच और जिला अस्पतालों में 28 ऑपरेशन थिएटरों व लेबर रूम को आधुनिक

### स्वास्थ्य ढांचे को मिलेगी मजबूती, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए किया जाएगा। वहीं, 17.95 करोड़ रुपये स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के मानदेय पर व्यय होंगे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने हर्ष महाजन को पत्र लिखकर इस राशि की मंजूरी की जानकारी दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह निर्णय प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को एक नई दिशा देगा। सांसद हर्ष महाजन की सक्रियता और संकल्पबद्ध प्रयासों से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

## भरमौर की ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात, बढ़ी ठंड



**अनंत ज्ञान, धरवाला**

भरमौर की ऊंची पर्वत चोटियों पर शनिवार देर रात हुई तेज बारिश के साथ ताजा हिमपात ने क्षेत्र में ठंड बढ़ा दी है। मक्की और घास की कटाई के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है, जिससे जनजातीय क्षेत्र में शीतलहर का प्रभाव महसूस किया जा रहा है। सुबह-शाम तापमान में गिरावट के कारण लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा है। स्थानीय लोगों ने इस बार भारी हिमपात की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने जिला चंबा के लिए 5 अक्तूबर को ओलावृष्टि की संभावना के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 6 अक्तूबर को भारी बारिश की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने अनावश्यक यात्रा से बचने, नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है। किसानों को भी पशुओं और फसलों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने को कहा गया है।

### चंबा-साचे, जोत-किलाड़ मार्ग फिलहाल अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह क्षेत्र के पहाड़ों में हाल ही में हुई ताजा बर्फबारी और बारिश के चलते चंबा का मौसम ठंडा हो गया है। बर्फबारी के कारण चंबा-साचे जोत (साच पास)-किलाड़ मार्ग फिलहाल अवरुद्ध हो गया है। हालांकि, अन्य मार्गों पर यातायात सामान्य है, लेकिन केवल पांगी-किलाड़ मार्ग बंद है। इसके साथ ही सीमा क्षेत्र में भी भारी बर्फबारी दर्ज की गई है।

## गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा जनमत की रक्षा के लिए शुरू किए गए अभियान 'वोट चोर गद्दी छोड़' की हिमाचल में शुरुआत राजीव भवन, शिमला से की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रवक्ता कुलदीप राठौर, सचिव चेतन चौहान व सह संयोजक विदित चौधरी उपस्थित रहे। इस अभियान को अब जन जागरण अभियान बनाकर प्रदेश के हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। जिला किसान कांग्रेस चंबा के अध्यक्ष डॉ. दिनेश ने बताया कि यह अभियान लोगों को अपने वोट के अधिकार और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति जागरूक करेगा। प्रतिभा सिंह ने शिमला में बनाए गए कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी यशवंत छाजटा को और सह प्रभारी हरिकृष्ण हिमराल को सौंपी है। साथ ही सभी जिलों के कांग्रेस विधायकों को अपने क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस कार्यकर्ता इस अभियान को पूरी निष्ठा से सफल बनाने में जुट गए हैं।

### चंबा में पहली बार ऑर्थोपेडिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की शिरकत

## विधायक नीरज नैय्यर बोले- मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम



चंबा में ऑर्थोपेडिक प्रदर्शनी एवं कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते सदर विधायक नीरज नैय्यर, साथ में मौजूद देशभर से आए विशेषज्ञ डॉक्टर।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले के आशियाना होटल में आयोजित ऑर्थोपेडिक प्रदर्शनी एवं कॉन्फ्रेंस ने चंबा के चिकित्सा जगत में नई ऊर्जा का संचार किया। इस कार्यक्रम में देश के सुपर स्पेशलिस्ट ऑर्थोपेडिक डॉक्टरों ने भाग लिया, जिससे स्थानीय चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को आधुनिक तकनीकों और नई रिसर्च से रूबरू होने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक नीरज नैय्यर ने इसे चंबा के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब चंबा में इतनी उच्चस्तरीय मेडिकल कॉन्फ्रेंस हुई है। यह न केवल मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में सहायक होगी, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक भी बनाएगी।

नीरज नैय्यर ने यह भी कहा कि उनका प्रयास है कि चंबा भविष्य में मेडिकल कॉन्फ्रेंस का हब बने और स्थानीय डॉक्टरों को देशभर के विशेषज्ञों से संवाद और प्रशिक्षण का

### चिकित्सा जागरूकता और तकनीकी नवाचारों को गांव गांव तक पहुंचाना लक्ष्य

अवसर मिलता रहे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि चंबा के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करना अब समय की मांग है और इसके लिए ऐसे आयोजन निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

## सुक्खू सरकार की लापरवाही से लौट रही केंद्र की ग्रांट: जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



देवता के नवनिर्मित रथ की प्राण प्रतिष्ठा पर पूर्व सीएम।

**मंडी।** मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार की नीयत और विजन की कमी के कारण केंद्र सरकार से मिली हजारों करोड़ रुपये की राशि हर साल बिना उपयोग के वापस भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, लेकिन 2024-25 में केंद्र द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं के लिए भेजे गए 954 करोड़ रुपये में से आधा भी खर्च नहीं किया गया। वहीं, 2025-26 के लिए 1050 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनके उपयोग को लेकर भी संदेह है।

उन्होंने कहा कि केंद्र हिमाचल के लिए लगातार सहयोग कर रहा है, हाल ही में 123 करोड़ रुपये मातृ-शिशु सुरक्षा योजना के लिए दिए गए हैं और त्योहारों को देखते हुए एडवांस में 843 करोड़ रुपये की सहायता भी दी गई है। बावजूद इसके, प्रदेश सरकार का फोकस विकास की बजाय केंद्र पर आरोप लगाने में है। सराज के थुनाग में आयोजित आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत चिप से लेकर शिप तक, मिसाइल से लेकर गगनयान तक निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ने देश को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है और ऑपरेशन सिंदूर इसकी मिसाल है। उन्होंने भाजपा कार्यसमिति के सभी नए सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से पार्टी हिमाचल में नई ऊंचाइयों को छुएगी।

### बरोट में तीन दिवसीय मेले का विधिवत समापन, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का उत्सव

## महिला मंडल ने पारंपरिक नाटी प्रस्तुत कर मोहा दर्शकों का मन

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** बरोट में तीन दिवसीय पारंपरिक मेला ठंडी गुलाई में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्यातिथि बीडीसी सदस्य, समाजसेवी व एलआईसी सलाहकार घनश्याम ठाकुर रहे, जिनका युवक मंडल, महिला मंडल और ग्राम सुधार समिति ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया। महिला मंडल ने पारंपरिक नाटी प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

घनश्याम ठाकुर ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं और सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवक मंडल को 25,000 रुपए, महिला मंडल को 5,100 रुपए और पुस्तकालय स्थापना के लिए पंचायत को 11,000 रुपए का अनुदान प्रदान किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में अक्षु ब्रदर ख्लैहल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पद्धर की टीम द्वितीय रही। वॉलीबॉल मुकाबले में धरमान और मंडी की टीमें बराबरी पर रहीं। समारोह में पंचायत प्रधान डॉ. रमेश ठाकुर, कपूर चंद, शिव राज सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### 'बवली प्यारिए...' गाने पर झूमे दर्शक

**बरोट** पंचायत के ठंडी गुलाई में आयोजित तीन दिवसीय मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या बड़ी धूमधाम से मनाई गई। बीडीसी सदस्य कृष्ण कुमार मुख्यातिथि रहे और उनका युवक मंडल बरोट ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कुल्लू के लोकगायक कुशल वर्मा ने पहाड़ी, कुल्लवी, पंजाबी और फिल्मी गीतों से समां बांध दिया। बवली प्यारिए, अम्मा झूले जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे। भारती ठाकुर, राजकुमार लगवाल और विजय ठाकुर की प्रस्तुतियों ने भी तालियां बटोरीं। मुख्यातिथि ने युवक मंडल को 11,000 की प्रोत्साहन राशि दी। अध्यक्ष मोहिन्द्र सिंह ने सभी सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद किया। संध्या ने स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देकर पारंपरिक लोकसंस्कृति को प्रोत्साहित किया।

MUNICIPAL CORPORATION PALAMPUR (H.P.)

TENDER NOTICE

No-2 MCorp/Palmp/2025- Dated......................

**Sealed** Item rate tenders are here by invited on behalf of Municipal Corporation Palampur for the Execution of following works from the approved and eligible contractor/supplier, so as to reach in this office on 23.10.2025 or before up to 3.00 P. M. and will be opened on the same day at 3.30 P.M. in the presence of interesting Contractor/supplier or their authorized representatives. Tender form can be issued from this office against Cash Payment from shown against the work on any working day 21.10.2025 11.00 A.M. to 4.00 P.M. No Tender form will be issued to any contractor after 4:00 PM.

**No Tender form will be issued to any contractor after 4:00 PM.**

| S.N | Name of Work | Estimated Cost Rs. | Earnest . Money Rs | Tender form Cost | Completio In Period0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | P/I Paver block block from h/o sanjeev rana to h/o Krishan in ward no 05 sughar MC Palampur | 202700.00 | 4000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 2. | P/L Paver Block To left and Right side path near H/O Dr. Chandel in W.no 5 Sughar MC Palampur | 464700.00 | 9500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 3. | C/O R/Wall and P/L paver block from H/O Baldev to Raju Bhouria House in W.No 12 Ghuggar Tanda MC Palampur. | 338900.00 | 7000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 4. | C/o R/wall along path near Panchayat Ghar kaliyarkhar in ward no 07 Bindraban MC Palampur | 481000.00 | 9500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 5. | P/ paver from Sunni devi house to main road C/o drain near Suresh house in Ward no 08 MC Palampur | 463940.00 | 9500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 6. | P/L Paver Block Near Sambyal house, VK Sood House and Sk Sharma House in W.no. 12 Ghuggar Tanda MC Palampur. | 466690.00 | 9500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 7. | P/I paver block and C/o drain and Steel grating near Virender katoch, mahila mandal and Arti Sood and Repair of Public toilet: at kalu ki Hatti in Ward no 10 MC Palampur | 391000.00 | 8000.000 | 300+18%GST | 3 Month |
| 8. | C/o R/wall near H/o Sugum Bhagat and Om parlash and P/I Paver to H/o Satpal to H/o rajesh in Ward No 06 Ghuggar Tanda MC Palampur | 307200.00 | 6500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 9. | C/o R/wall and crate to Park in Himuda Colony in Ward 15 Bharmat MC Palampur | 455880.00 | 9500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 10. | C/o drain and R/wall near H/o ranjit, jeewan Singh and Manoj Kumar in ward no 12 Ghuggar Tanda MC Palampur | 393400.00 | 8000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 11. | C/o co road and R/wall from main road towards H/o Yogesh and others in Angaria Basti in Ward no 13 tanda MC Palampur | 447400.00 | 9000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 12. | C/o Bhadarghat Ghat in Lawana basti in Ward no 13 Tanda MC Palampur. | 394600.00 | 9000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 13. | Repair of open gym and swings equipment at Various places at MC Palampur | 428440.00 | 9500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 14. | P/I paver block and drain near Ramesh Chand and onkar rana House No. 04 Aima MC Palampur. | 121900.00 | 3000.00 | 300+18%GST | 3 Month |

**The** Tender should accompany earnest money shown against each work which should be in the shape of Cash/National saving certificate/saving bank account of any post office in (H.P) duly pledged in favor of Commissioner, Municipal Corporation Palampur (HP). The conditional tenders and the tenders without earnest money shall be subject to summary rejection. The Under-signed reserve the right to reject any/all the tenders without assigning any reason. The offer of the tender will remain valid for 90 days from the opening of tender.

**Commissioner
Municipal Corporation
Palampur (HP)**

### आत्मनिर्भर — मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना के तहत 16 युवाओं ने हासिल की सफलता

# मत्स्य पालन से युवाओं को मिला रोजगार का मार्ग

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना मंडी जिले में ग्रामीण युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का साधन बन रही है। सहायक निदेशक मत्स्य मंडी नीतू सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जिला मंडी के 16 बेरोजगार युवाओं ने इस योजना को अपनाया और कार्प मछली पालन के माध्यम से अच्छी आय अर्जित की है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दो और बेरोजगारों को योजना के तहत स्वीकृति मिल चुकी है और दोनों ने अपने तालाबों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है।

नीतू सिंह ने कहा कि मंडी की भौगोलिक स्थिति, जलवायु और पर्याप्त जल संसाधन मत्स्य पालन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को इस क्षेत्र से जोड़ा जाए ताकि वे स्वरोजगार अपनाकर



मत्स्य पालन के लिए बनाया गया तालाब। फाइल फोटो

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकें।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना वर्ष 2024 से आरंभ की गई है। योजना का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को कार्प मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में तालाब निर्माण की कुल अनुमानित लागत 12 लाख 40 हजार रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें तालाब निर्माण हेतु 8 लाख 40 हजार रुपये और इनपुट लागत (जैसे बीज व चारा) हेतु 4 लाख रुपये शामिल हैं। इस लागत का 80 प्रतिशत अनुदान सभी श्रेणियों के लाभार्थियों को प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, जो वर्ष 2020-21 से लागू है, के तहत भी मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना में समान लागत पर सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तक की अनुदान सहायता दी जाती है।

### विभाग समय-समय पर युवाओं को कर रहा जागरूक: नीतू

**नीतू** सिंह ने बताया कि इन योजनाओं के तहत चयनित युवाओं को आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों, रोग व फीड प्रबंधन तथा विपणन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। विभाग समय-समय पर कार्यशालायें आयोजित कर युवाओं को मत्स्य पालन की बारीकियों से अवगत करवा रहा है।

**एक** प्रतिभाशाली व्यक्ति अक्सर केवल एक प्रतिभाशाली व्यक्ति होता है, जिसने अपना सारा होमवर्क किया हो। – **थॉमस एडिसन**

## संपादकीय

# जानलेवा कफ सिरप

कफ सिरप से हुई मासूमों की मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में दर्जनों बच्चों की मौत के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इन मौतों का जिम्मेदार कौन है-डॉक्टर, दवा कंपनी या फिर नियामक एजेंसियां जो दवाओं की गुणवत्ता जांचने का काम करती हैं? इस भयावह घटना ने देश में दवाओं की निगरानी प्रणाली की सच्चाई उजागर कर दी है। दरअसल, यह मामला तब सामने आया जब दोनों राज्यों में बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। शुरुआत में इसे मौसमी बीमारी माना गया, लेकिन जब कई बच्चों की जान चली गई तो जांच शुरू हुई और तब जाकर सच्चाई सामने आई। जांच में पता चला कि बच्चों को जो कोल्ड्रिफ कफ सिरप दिया गया था, उसमें डायएथिलीन ग्लाइकॉल नामक केमिकल की मात्रा खतरनाक स्तर तक अधिक थी। इस केमिकल का उपयोग आम तौर पर इंडस्ट्रियल सॉल्वेंट के रूप में किया जाता है और यह मानव शरीर के लिए जहरीला होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सिरप में इसकी मात्रा 48.6 प्रतिशत पाई गई, जबकि सुरक्षित स्तर 0.1 प्रतिशत से भी कम होना चाहिए। यह सिरप तमिलनाडु की श्री सन फार्मास्यूटिकल कंपनी द्वारा बनाया गया था और अब उसके खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने कड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यह कार्रवाई अब क्यों? जब बच्चों की मौतें हो रही थीं, तब निगरानी एजेंसियां कहां थीं? क्या सरकारें यह इंतजार कर रही थीं कि पहले कुछ जानें जाएं, तब जाकर जांच शुरू की जाए?

इस मामले में संबंधित डॉक्टर को भी गिरफ्तार किया गया है, जिस पर यह आरोप है कि उसने बिना पूरी जांच किए यह दवा लिख दी। हालांकि, यह बहस का विषय है कि क्या एक डॉक्टर हर दवा की लैब क्वालिटी जांच सकता है? असली जिम्मेदारी तो उस कंपनी और सरकारी एजेंसी की बनती है जो इस सिरप को बाजार में बेचने की अनुमति देती है। डायएथिलीन ग्लाइकॉल से होने वाला असर बेहद खतरनाक होता है। मेडिकल एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह जहर शरीर में तीन चरणों में असर दिखाता है। पहले चरण में बच्चे को सिरप पीने के कुछ घंटे बाद उल्टी, पेट दर्द और दस्त जैसी दिक्कतें शुरू होती हैं। दूसरे चरण में किडनी में क्रिस्टल बन जाते हैं, जिससे किडनी धीरे-धीरे फेल हो जाती है। तीसरे चरण में दिमाग पर असर होता है, जिससे कोमा या मौत तक की स्थिति बन जाती है। यह पूरा प्रोसेस बेहद तेज और घातक है। यही वजह है कि कई बच्चों को बचाने की कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। यह पहली बार नहीं है जब भारत में किसी दवा में मिलावट या जहरीले तत्व पाए गए हों। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हिमाचल प्रदेश, जो देश में फार्मास्यूटिकल हब के रूप में जाना जाता है, वहां भी नेक्सा डीएस कंपनी की खांसी की सिरप के उत्पादन पर एहतियातन रोक लगा दी गई है। प्रदेश के कई औषधि उद्योगों पर छापेमारी की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई और कंपनी बच्चों की जान से खिलवाड़ न कर रही हो। इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने भी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक एडवाइजरी जारी की है। डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज ने कहा है कि छोटे बच्चों को खांसी होने पर उन्हें तुरंत कफ सिरप न दिया जाए। दरअसल, दो साल से कम उम्र के बच्चों में खांसी अपने आप भी ठीक हो जाती है। ऐसे में बिना डॉक्टर की सलाह या जरूरत से ज्यादा दवा देना घातक हो सकता है।

अब सवाल यह है कि क्या सरकार को पहले यह बात पता नहीं थी कि बच्चों के शरीर की दवा सहन करने की क्षमता सीमित होती है? क्या यह एडवाइजरी तब जारी होनी चाहिए थी जब जानें जा चुकी थीं? नियामक एजेंसियों की सुस्ती और लापरवाही ने देश की स्वास्थ्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले का आर्थिक पहलू भी महत्वपूर्ण है। दवा कंपनियां मुनाफा कमाने की दौड़ में लागत घटाने के लिए सस्ते और जहरीले केमिकल का इस्तेमाल करने लगती हैं। डायएथिलीन ग्लाइकॉल, जो दवा में एक घुलनशील पदार्थ के रूप में डाला जाता है, प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल की तुलना में बहुत सस्ता पड़ता है। यही वजह है कि कुछ कंपनियां जानबूझकर इस जहर को मिलाकर खर्च घटाती हैं और मुनाफा बढ़ाती हैं। यह मुनाफाखोरी अब मासूमों की जान ले चुकी है। यहां यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि भारत से निर्यात होने वाली कुछ दवाओं पर पहले भी कई देशों ने प्रतिबंध लगाया था। अफ्रीकी देशों में भी इसी तरह की भारतीय कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। बावजूद इसके, भारत में दवा गुणवत्ता निगरानी तंत्र में कोई बड़ा सुधार नहीं किया गया। लोगों का जीवन किसी भी मुनाफे से ज्यादा कीमती है। दवा उद्योग पर निगरानी मजबूत करनी होगी। हर कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया की समय-समय पर जांच जरूरी है। अगर कोई कंपनी लापरवाही बरतती है तो उसका लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, डॉक्टरों को भी यह समझना होगा कि किसी भी दवा को छोटे बच्चों को देने से पहले कई बार सोचना जरूरी है।

सरकार को चाहिए कि वह सिर्फ छापेमारी तक सीमित न रहे, बल्कि एक ऐसी पारदर्शी प्रणाली बनाए जहां हर बैच की दवा की गुणवत्ता की डिजिटल रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो। अगर कोई कंपनी गलत पाई जाए तो उस पर न केवल भारी जुर्माना लगे बल्कि मालिक और जिम्मेदार अधिकारियों को जेल भेजा जाए। मासूम बच्चों की मौत ने जो घाव छोड़े हैं, वे शायद कभी नहीं भर पाएंगे,लेकिन अगर इस घटना से सरकार और समाज सबक ले लेते हैं, तो कम से कम आने वाले समय में किसी और परिवार को अपने बच्चे को खोने का दर्द नहीं झेलना पड़ेगा। दवा का मतलब इलाज होता है, मौत नहीं। इसलिए अब वक्त है कि इस सिस्टम को जड़ से दुरुस्त किया जाए, ताकि कोई और कोल्ड्रिफ किसी मासूम की जान न ले सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सुपर स्टार, साधक और जनसेवक

**विनोद** खन्ना हिंदी सिनेमा के एक प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने अपनी आकर्षक व्यक्तित्व, दमदार अभिनय और विविध भूमिकाओं से दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनका जन्म 6 अक्तूबर 1946 को पेशावर (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया और उन्होंने अपनी शिक्षा मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज से पूरी की। उन्होंने 1968 में फिल्म मन का मीत से अपने करियर की शुरुआत की। शुरुआत में उन्होंने खलनायक की भूमिकाएं निभाईं, लेकिन जल्दी ही वे एक प्रमुख नायक के रूप में उभरे। 1970 और 1980 के दशक में वे अमिताभ बच्चन के समकालीन माने जाते थे और कई बार उनके साथ स्क्रीन साझा की, जैसे अमर अकबर एंथनी, रखवाला, परवरिश और मुकद्दर का सिकंदर जैसी हिट फिल्मों में। उनकी उल्लेखनीय फिल्मों में मेरे अपने, दयावान, चांदनी, कुर्बानी आदि शामिल हैं। वे गंभीर, रोमांटिक, हास्य और एक्शन हर प्रकार की भूमिका में सहज थे। उनका व्यक्तित्व परिपक्व, संतुलित और आकर्षक था, जिसने उन्हें एक लंबी अवधि तक सुपरस्टार बनाए रखा। विनोद खन्ना की जिंदगी में एक मोड़ तब आया जब 1982 में उन्होंने अचानक फिल्म इंडस्ट्री से संन्यास लेकर आध्यात्म की ओर रुख किया और ओशो रजनीश के शिष्य बन गए। राजनीति में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई। वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े और पंजाब के गुरदासपुर से सांसद बने। ■



**विनोद खन्ना**
**जन्म** : 6 अक्तूबर, 1946
**मृत्यु** : 27 अप्रैल, 2017



कविता

### लड़ना भी तुम संग, हंसना भी तुम संग

**डॉ. कौमार्या मनोज**

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

आ गोद में तेरे सर रख, कर लूं चार बातें।
लड़ना भी तुम संग है, हंसना भी तुम संग।।
प्यार की ना यारा कोई होती उमर है।
जीना भी तुम संग है, मरना भी तुम संग।।
भोली सी सुरत तेरी, सीरत भी सुंदर।
फैला अपनी बाहें, लगा मुझको अंग।।
जीवन भी तुम संग है, मरना भी तुम संग।।
ना चाहो तो मुझको, यूं ही मार देना।
बस एक बार मुझको, यूं दुत्कार देना।।
फिर जीना क्या जीवन, हो मरना गंवारा।
है देखा ना तुमसे, कोई दोस्त प्यारा।।
जीना भी तुम संग, मरना भी तुम संग।।

# स्वदेशी बनाम विदेशी : दीपावली पर आत्मनिर्भरता की कसौटी



दीपावली नजदीक आ रही है और हर साल की तरह इस बार भी बाजारों में खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। त्योहारों का मौसम शुरू होते ही लोग शॉपिंग के लिए निकल पड़ते हैं। दुकानों पर सजावट की जगमगाहट, मिठाइयों की खुशबू और भीड़ का शोर त्योहार की रौनक को और बढ़ा देता है, लेकिन जब आप दीपावली के मौके पर खरीददारी करने जाते हैं तो सबसे पहले आपकी नजर भगवान गणेश जी और मां लक्ष्मी जी की मूर्तियों पर जाती है। दुकानदार उन्हें सबसे आगे और सबसे आकर्षक रूप में सजाकर रखते हैं। उपभोक्ता मूर्तियों को देखकर प्रभावित होता है और कीमत पूछता है तो पता चलता है कि यह अपेक्षाकृत बहुत सस्ती हैं। खरीददार के चेहरे पर खुशी छा जाती है, लेकिन जब मूर्तियों को गौर से देखा जाता है तो पता चलता है कि ये मूर्तियां मेड इन चाइना हैं। यही नहीं, दीपावली की सजावट के लिए बाजारों में रखी गई सबसे खूबसूरत लाइट्स, झालरें और इलेक्ट्रॉनिक सजावटी सामग्री भी चीन में बनी होती है। उस क्षण मन में निराशा और दुख का भाव आता है और सवाल उठता है कि आखिर आज भी हम क्यों विदेशी सामानों पर निर्भर हैं? क्यों भारत जैसे विशाल देश में छोटे-छोटे सामान भी देश के भीतर उत्पादन के बजाय विदेशी आयात पर आधारित हैं? क्या सचमुच हम अब तक इतने आत्मनिर्भर नहीं हुए कि इन छोटी-छोटी चीजों को बना सकें?

यह दुख केवल उपभोक्ता का नहीं, बल्कि देश की सामूहिक चिंता का विषय होना चाहिए। यह सोचने का समय है कि स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी हम इतनी छोटी-छोटी वस्तुओं के लिए विदेशों पर निर्भर क्यों हैं? भारत की अर्थव्यवस्था ने दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान प्राप्त कर लिया है, हम अंतरिक्ष में उपग्रह भेज रहे हैं, चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशन चला रहे हैं, आईटी सेक्टर में पूरी दुनिया हमारी प्रतिभा का लोहा मान रही है, फिर भी एक साधारण दीपावली की झालर या मूर्ति हमें चीन से आयात करनी पड़ती है। यह केवल दुख की नहीं बल्कि कहीं न कहीं शर्म की भी बात है।

भारत में स्वदेशी की अवधारणा नई नहीं है। 1905 में बंग-भंग आंदोलन के दौरान बाल गंगाधर तिलक, अरविंद घोष और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे नेताओं ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आर्थिक प्रतिरोध खड़ा किया था। उस समय स्वदेशी आंदोलन विदेशी सामानों के बहिष्कार और देशी वस्तुओं को अपनाने का प्रतीक था। महात्मा गांधी ने भी चरखा चलाकर और खादी को बढ़ावा देकर स्वदेशी का नारा बुलंद किया था। उस दौर में स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन का आधार बन गया था, लेकिन आज का दौर अलग है। अब हमें विदेशी वस्तुओं का पूर्ण बहिष्कार करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जरूरत है उन पर अपनी निर्भरता कम करने की। आज वैश्विक व्यापार की परस्पर निर्भरता इतनी बढ़ चुकी है कि कोई भी देश खुद को पूरी तरह अलग नहीं कर सकता, लेकिन उन वस्तुओं का उत्पादन जिनका निर्माण हमारे देश में आसानी से संभव है, हमें स्वयं करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में मेक इन इंडिया अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य भारत को उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना था। उस समय यह उम्मीद जगी थी कि भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा और रोजगार सृजित होंगे। फिर 2020 में कोरोना महामारी के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया गया, जिसने लोगों के मन में स्वदेशी की भावना को फिर से जीवित किया। उसी साल वोकल फॉर लोकल का नारा भी दिया गया। इन अभियानों के जरिए सरकार ने लोगों को प्रेरित किया कि वे घरेलू उत्पादों का इस्तेमाल करें और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दें। कई क्षेत्रों में इन प्रयासों का असर भी दिखा।

**यथार्थ**



**समरजीत**

रक्षा उत्पादन, ऊर्जा क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन कई गुना बढ़ा है, लेकिन यह भी सच है कि इस दिशा में अभी लंबा सफर तय करना बाकी है। भाजपा ने हाल ही में 25 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वदेशी जागरण सप्ताह मनाया और घोषणा की कि अगले छह महीने तक यह अभियान घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा का तर्क है कि जब प्रधानमंत्री ने कोरोना काल में दीये जलाने का आह्वान किया तो लोगों ने लाखों दीये जलाए, जब थाली बजाने की बात की गई तो लोगों ने थालियां बजाकर एकजुटता दिखाई। उसी तरह जब स्वदेशी अपनाने का नारा दिया जाएगा तो लोग निश्चित ही इसे भी अपनाएंगे। भाजपा का मानना है कि यह केवल आर्थिक सुधार का अभियान नहीं, बल्कि देशभक्ति और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है, लेकिन विपक्षी कांग्रेस इस पर सवाल उठाती है। कांग्रेस का कहना है कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है और भाजपा केवल नारेबाजी कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने तंज कसा कि प्रधानमंत्री जब महंगे विदेशी ब्रांड के चश्मे पहनते हैं और लाखों का पेन जेब में लगाते हैं तो उनकी स्वदेशी की अपील कितनी वास्तविक लगती है। कांग्रेस का आरोप है कि स्वदेशी की बात करना अलग है और उसे सचमुच अपनाना अलग। जनता को नारेबाजी से नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और व्यावहारिक कदमों से राहत चाहिए।

आज की स्थिति यह है कि भारत 140 से अधिक देशों से 6000 से ज्यादा वस्तुओं का आयात करता है। चीन से ही कुल आयात का लगभग 22 प्रतिशत आयात किया जाता है। यह आंकड़ा बताता है कि चीन पर हमारी निर्भरता कितनी अधिक है। छोटे उद्योग लगातार बंद हो रहे हैं और बड़ी-बड़ी कंपनियां बाजार पर कब्जा कर रही हैं। उपभोक्ता के सामने भी कठिनाई यह है कि जब बाजार में कोई वस्तु सस्ती विदेशी कीमत पर उपलब्ध होती है तो वह उसी को खरीदना पसंद करता है। महंगी स्वदेशी वस्तु को केवल देशभक्ति के नाम पर खरीदना लंबे समय तक संभव नहीं है। यही कारण है कि छोटे उद्योग और कुटीर उद्योग संघर्ष कर रहे हैं।

गांधी जी ने चरखे और खादी के जरिए जिस आत्मनिर्भरता की बात की थी, वह आज कहीं खो सी गई है। खादी आज भी उपलब्ध है, लेकिन यह अन्य कपड़ों से महंगी है। उपभोक्ता जब एक ही गुणवत्ता की वस्तु सस्ती कीमत पर बाजार में देखता है तो स्वाभाविक है कि उसी को खरीदता है। यही कारण है कि विदेशी वस्तुओं का बाजार अब भी मजबूत है। हालांकि, यह भी सच है कि हम केवल आयात ही नहीं करते, बल्कि निर्यात भी करते हैं। भारत आईटी सेवाओं, फार्मा, ऑटोमोबाइल्स और कई अन्य क्षेत्रों में निर्यात करता है, लेकिन निर्यात और आयात के बीच बड़ा अंतर है। यही कारण है कि हमारा व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है।

2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ हुए तनाव के बाद चीनी सामानों के बहिष्कार का अभियान चला था। लोगों ने चीनी ऐप्स हटाए, कई जगहों पर चीनी सामानों की होली जलाई गई, लेकिन समय बीतने के साथ यह जोश ठंडा पड़ गया और आज हम फिर से चीन पर निर्भर हैं। यह सवाल बहुत बड़ा है कि क्या हम चीन की तरह सस्ता और गुणवत्तापूर्ण सामान नहीं बना सकते? चीन ने 30-40 साल पहले छोटे उद्योगों और घरेलू उत्पादन पर जो नीतियां बनाईं, उसी का परिणाम है कि आज वह पूरी दुनिया के बाजार पर हावी है। वहीं, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने भी अपने उद्योगों को मजबूत करके वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई। भारत में भी यह संभव है, लेकिन इसके लिए सरकार को ठोस नीतियां बनानी होंगी, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देना होगा और उपभोक्ताओं को आकर्षक व सस्ते विकल्प देने होंगे।

कुछ आलोचकों का कहना है कि जब मोदी सरकार नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे बड़े फैसले रातोंरात ले सकती है तो यदि चाहे तो आयात-निर्यात नीति पर भी निर्णायक कदम उठा सकती है, लेकिन सरकार का रवैया कई बार विरोधाभासी दिखता है। एक ओर विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए बुलाया जाता है, दूसरी ओर स्वदेशी अपनाने की अपील की जाती है। जब तक यह दोहरा रवैया रहेगा तब तक स्वदेशी अभियान पूरी तरह सफल नहीं होगा। स्वदेशी आंदोलन केवल नारे और प्रचार से नहीं चलेगा, बल्कि इसके लिए ठोस आर्थिक नीतियों, सब्सिडी, टैक्स रियायत और वित्तीय सहायता की जरूरत है। इतिहास गवाह है कि पहले गांव-गांव में हथकरघा उद्योग फल-फूल रहे थे, लेकिन जैसे ही पावरलूम आए और बिजली से चलने वाले उपकरणों ने जगह ली, हथकरघा उद्योग धीरे-धीरे खत्म हो गए। धागा भी बाहर से आयात होने लगा। बिजली की कटौती ने स्थिति और बिगाड़ दी और अंतत: हथकरघा उद्योग पूरी तरह से हाशिये पर चला गया। महात्मा गांधी के जमाने का स्वदेशी अभियान सरकारों की नीतियों में दम तोड़ गया। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों सरकारों ने कहीं न कहीं स्वदेशी की जड़ों को कमजोर ही किया। आज जरूरत है कि स्वदेशी को केवल राजनीति का मुद्दा न बनाया जाए। इसे जीवन का हिस्सा बनाया जाए। इसके लिए सरकार को अपने आचरण में बदलाव करना होगा और जनता को सस्ते, गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी विकल्प देने होंगे। साथ ही लोगों में जागरूकता पैदा करनी होगी कि जब वे स्थानीय उत्पादों को खरीदेंगे तो इसका सीधा फायदा देश की अर्थव्यवस्था और लाखों कारीगरों, मजदूरों और छोटे उद्यमियों को मिलेगा। स्वदेशी अपनाना आसान नहीं है। रातोंरात कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा, लेकिन दीपावली के बहाने यदि हम विदेशी झालरों की जगह मिट्टी के दीये जलाएं, इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स की जगह दीयों की श्रृंखला सजाएं और देशी कारीगरों की मूर्तियों को अपनाएं तो यह छोटा-सा कदम भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। आखिरकार स्वदेशी केवल अर्थव्यवस्था का सवाल नहीं, बल्कि आत्मगौरव, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रश्न है। जब हम अपने देश में बने सामान का इस्तेमाल करेंगे तो यह न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि हमें मानसिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी आत्मनिर्भर बनाएगा। दीपावली की असली रोशनी तभी होगी जब हर घर में स्वदेशी का दीपक जलेगा और आत्मनिर्भर भारत का सपना सच होगा।

**रिस्पांस करें:** editoranantgyaan@gmail.com

# साइबर अपराध : डिजिटल युग का नया संकट, रहें सावधान

आज के समय में तकनीक और इंटरनेट ने हमारे जीवन को बहुत आसान बना दिया है। एक क्लिक पर हमें जानकारी, बैंकिंग, शिक्षा और मनोरंजन जैसे अनेक साधन उपलब्ध हो जाते हैं, लेकिन इसी डिजिटल युग में साइबर अपराधों की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं, जो हमारे लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। हैकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग कॉल्स, फर्जी लिंक, डेटा चोरी और साइबर बुलिंग जैसी घटनाएं रोजाना सामने आ रही हैं, इसलिए हमें साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए हमेशा सतर्क रहना चाहिए।



**केशव शर्मा रसिक**
**स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं**

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

पहले साइबर अपराध मुख्यत: हैकिंग या पासवर्ड चोरी तक सीमित थे, लेकिन अब इनका दायरा बहुत बढ़ गया है। फिशिंग के जरिए धोखेबाज नकली ईमेल या एसएमएस भेजकर लोग बैंक खाते या सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी चुराते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन फ्रॉड में UPI के जरिए QR कोड स्कैन करवाकर या फर्जी कॉल कर पैसे उड़ाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर ब्लैकमेलिंग और साइबर बुलिंग भी आम हो गई है, खासकर महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है।

नकली वेबसाइटों या ऐप्स के जरिए ई-कॉमर्स धोखाधड़ी भी बढ़ रही है, जिसमें ग्राहक पैसे देने के बाद सामान तक नहीं पाते। डेटा चोरी से निजी और गोपनीय सूचनाओं का दुरुपयोग होता है। रैनसमवेयर अटैक में सिस्टम को लॉक कर फिरौती मांगने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के अनुसार, भारत में हर साल लाखों साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट बताती है कि पिछले पांच वर्षों में साइबर अपराध के मामले तीन गुना से अधिक बढ़ गए हैं। इनमें अधिकांश वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित हैं, खासतौर पर PI और डिजिटल वॉलेट फ्रॉड। यह समस्या अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है, जहां जागरूकता की कमी के कारण लोग आसानी से ठगे जा रहे हैं।



साइबर अपराधी नई-नई तकनीक और मनोवैज्ञानिक चालों से लोगों को फंसा रहे हैं, और चूंकि वे दूर बैठे होते हैं, उनकी पहचान करना कठिन होता है। इसलिए जागरूकता और सावधानी ही इससे बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। साइबर अपराध से बचने के लिए हमें हमेशा संदिग्ध लिंक और कॉल से बचना चाहिए। किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध कॉल पर OTP या बैंक डिटेल न बताएं। मजबूत पासवर्ड बनाएं और अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिए अलग पासवर्ड रखें। टू-फैक्टर ऑर्थेटिकेशन का उपयोग करें।

सुरक्षित नेटवर्क पर ही इंटरनेट का इस्तेमाल करें और सार्वजनिक वाई-फाई पर लेन-देन से बचें। अपने मोबाइल और कंप्यूटर पर एंटीवायरस और अपडेटेड सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें। सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें। यदि साइबर फ्रॉड का शिकार हों तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करें या राष्ट्रीय साइबर , इम पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कराएं। सरकार ने साइबर अपराध से लड़ने के लिए इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (IyC) बनाया है और साइबर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी साइबर सुरक्षा शिक्षा को शामिल करने के प्रयास हो रहे हैं। राज्य स्तर पर साइबर थाने और टास्क फोर्स भी गठित किए गए हैं।

डिजिटल दुनिया जहां हमारे जीवन को सरल बनाती है, वहीं साइबर अपराध एक अदृश्य खतरा है, जो कहीं भी और कभी भी हमला कर सकता है। इसे रोकना केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता ही हमारे डिजिटल जीवन को सुरक्षित रख सकती है। इसलिए हमें सतर्क रहना और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# शरद पूर्णिमा : दिव्यता, ध्यान, भक्ति, विज्ञान और संस्कृति का संगम

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पूर्णिमा का विशिष्ट महत्व है, लेकिन शरद पूर्णिमा को सबसे विशेष और पावन माना गया है। यह पर्व दिव्यता, धार्मिक, वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

शरद ऋतु की ठंडी, निर्मल रात में जब पूर्ण चंद्रमा अपनी संपूर्ण सोलह कलाओं के साथ आकाश में प्रकाशित होता है, तो वह दृश्य केवल सुंदरता का प्रतीक नहीं होता, बल्कि आरोग्य, अमृत और आत्मिक शांति का संदेश भी देता है। आश्विन मास की इस पूर्णिमा को को-जागरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा और कमल पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।



**वसुंधरा धर्माणी**
**स्वतंत्र लेखिका**

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

शास्त्रों के अनुसार, इस रात माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और देखती हैं कि कौन जागकर उनका स्वागत कर रहा है। इसीलिए इसे 'को-जागरी' कहा गया- अर्थात् 'कौन जाग रहा है?' जो व्यक्ति इस रात भक्ति भाव से जागरण करता है और लक्ष्मी माता का पूजन करता है, उसे सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

आध्यात्मिक रूप से भी यह रात अत्यंत दिव्य मानी गई है। भागवत पुराण के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ महारास किया था। यह रास केवल एक नृत्य नहीं था, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मधुर मिलन की अनुभूति थी, जहां हर गोपी को यही प्रतीत हुआ कि श्रीकृष्ण केवल उसी के साथ हैं।

यह प्रेम, समर्पण और भक्ति का चरम रूप था, जो दर्शाता है कि ईश्वर केवल निर्मल हृदय और निष्काम भक्ति से ही प्राप्त होता है। विज्ञान भी इस पर्व की पुष्टि करता है। इस रात चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है और उसकी



किरणों में विशेष औषधीय गुण होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, इस ऋतु में शरीर में पित्त की प्रवृत्ति बढ़ जाती है, जिससे मानसिक और शारीरिक असंतुलन उत्पन्न होता है। चंद्रमा की ठंडी किरणें इस असंतुलन को दूर करने में सहायक होती हैं। इसलिए इस रात दूध या खीर को खुले आसमान के नीचे रखकर उसमें चंद्रकिरणों का स्पर्श कराया जाता है, जिससे वह औषधि के समान प्रभावी हो जाती है। अगले दिन इसका सेवन आरोग्य और मानसिक संतुलन प्रदान करता है। सांस्कृतिक रूप से भी यह पर्व विविधता से भरा है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में इसे अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। कहीं लक्ष्मी पूजा होती है, कहीं रास-गरबा तो कहीं कीर्तन और जागरण। उत्तर भारत में खीर को चांदनी में रखकर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन के प्रति श्रद्धा, प्रकृति के प्रति आभार और आत्मा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। शरद पूर्णिमा हमें प्रकृति के सौंदर्य, जीवन के संतुलन और आत्मिक शांति की याद दिलाती है। यह पर्व बताता है कि जैसे पूर्णिमा की चांदनी अंधकार को मिटाकर प्रकाश फैलाती है, वैसे ही भक्ति, प्रेम और विज्ञान के संगम से जीवन में उजाला संभव है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 915 परिवारों को मिला संबल

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान



▶ राष्ट्रीय मानव देखभाल संगठन और ईएफआईसीओआर ने मंडी जिले में वितरित की राहत राशि

**बालीचौकी।** राष्ट्रीय मानव देखभाल संगठन एवं इसकी सहयोगी संस्था ईएफआईसीओआर द्वारा जिला मंडी के बालीचौकी, थुनाग और करसोग क्षेत्रों में राहत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 915 परिवारों को 5000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राहत राशि विशेष रूप से उन परिवारों को दी गई, जो हालिया संकट और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होकर अपनी आजीविका को कठिनाई से संभाल रहे हैं। संगठन का उद्देश्य इन परिवारों को तत्कालिक संबल प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में सहयोग देना है। राष्ट्रीय मानव देखभाल संगठन के पदाधिकारी, एचसी राणा व एसएल बाला की अहम भूमिका इस कार्य में प्रमुख रही। दोनों ने राहत अभियान की निगरानी की, तथा यह सुनिश्चित किया कि सहायता पारदर्शी और सुचारु ढंग से लाभार्थियों तक पहुंचे।

इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी परिवार कठिन समय में अकेला महसूस न करे। जरूरतमंदों तक त्वरित व प्रभावी मदद पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। राष्ट्रीय मानव देखभाल संगठन व ईएफआईसीओआर ने आश्वासन दिया कि वे आगे भी समाज के कमजोर वर्गों की सहायता एवं पुनर्वास कार्यों में निरंतर सक्रिय रहेंगे।

# तेज हवाओं ने पंडोह में मचाया कहर

## दर्जनों पेड़ धराशायी; अपर पंडोह में बड़ा हादसा टला, दो युवक बाल-बाल बचे

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** मौसम ने रविवार सुबह-सुबह अपना भयंकर रूप दिखाते हुए सभी को भयभीत कर दिया। पंडोह में सुबह आठ बजे ही अंधेरा छा गया। जिस कारण वाहनों को भी हैडलाइट जलाकर चलना पड़ा। बादलों की गर्जना के साथ हल्की बारिश व तेज हवाओं ने कहर मचा दिया। सबसे बड़ा हादसा उस वक्त होते होते टल गया जब अपर पंडोह सड़क मार्ग पर थर्ड आईआर बीएन का एक सुखा बड़ा पेड़ गिर गया। गनीमत रही की सड़क में उस वक्त कोई गाड़ी नहीं थी, मगर दो युवकों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

बता दें कि यहां थर्ड बटालियन की चारदीवारी के किनारे लगे सभी पेड़ सुख गए हैं जो कभी बडे हादसे का कारण बन सकतें हैं। पंडोह पंचायत ने वन विभाग, बीबीएमबी और थर्ड आईआरबीएन को इन पेड़ों को जनसुरक्षा की दृष्टि से जल्द काटने की 6 माह पूर्व लिखित अपील भी की है।



रास्ते में गिरा सूखा पेड़।

▶ सूखे पेड़ बन रहे हैं खतरा, वन विभाग की निष्क्रियता पर उठे सवाल

▶ थर्ड आईआरबीएन और बीबीएमबी को चेतावनी हादसे के होंगे जिम्मेदार

तब भी वन विभाग के कानों तक जूं नहीं रेंगी है। वहीं बीबीएमबी की वर्कशॉप की चारदीवारी की एन एच चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग की ओर सुखे दर्जनों पेड़ भी स्थानीय लोगों और वाहनों के लिए खतरा बने हुए हैं। दो पेड आधे टुट कर पेड़ पर ही लटकें हुए हैं। जो निश्चित रूप से हादसे का कारण बन सकतें हैं। इन्हें भी वन विभाग काटने की अनुमति प्रदान नहीं कर रहा है।

इस बारे में पंचायत उपप्रधान पंडोह पवन कुमार और पंचायत प्रधान तांदी अमरावती ठाकुर ने वन विभाग और बीबीएमबी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इन पेड़ों को नहीं काटा गया और इनके कारण कोई भी हादसा होता है तो दोनों ही विभाग जिम्मेदार होंगे।

इस संबंध में बीबीएमबी के कनिष्ठ अभियंता तरुण ने बताया कि हमने वन विभाग और थर्ड आई आर बी एन का संयुक्त मौक़ा करवा लिया है। रिपोर्ट वन विभाग को भेज दी गई है। वहीं पंडोह में तेज़ हवाओं ने अलग-अलग स्थानों पर दर्जनों पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया। लेंटल पर रखी दर्जनों पानी की टंकियां भी हवा में कहीं उड़ती देखी गई। दो घरों की टीन की छतें भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# बलदवाड़ा में पूर्व सैनिक कैप्टन ईश्वर दास का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



बलदवाड़ा श्मशान घाट में कैप्टन ईश्वर दास पठानिया को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक।

अनंत ज्ञान, मंडी

74 वर्षीय बलदवाड़ा क्षेत्र के गांव कारणी निवासी कैप्टन ईश्वर दास पठानिया (सेवानिवृत्त) का कल रात देहांत हो गया। वे लगभग 5 वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे।

उनके बारे में क्षेत्र निवासी कैप्टन जगदीश वर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि वे मिलनसार, सेवा-भाव से भरपूर भारतीय सेना की आर्मी सर्विस कोर के सेवानिवृत्त सैनिक थे। उन्होंने 1971 और कारगिल युद्धों में भाग लिया था तथा विदेशों में भी सेवाएं दी थीं। वे भूतपूर्व सैनिक कल्याण कार्यों में सदैव आगे रहते थे। आज बलदवाड़ा श्मशान घाट में अनेक पूर्व सैनिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके जाने से पूर्व सैनिक संगठन को गहरी क्षति हुई है।

अंतिम विदाई में कैप्टन सत्यपाल, कैप्टन प्रकाश चंद, नायक जगदीश चंद, सूबेदार मेजर उत्तम चंद, नायब सूबेदार लक्ष्मी चंद, सूबेदार चमन लाल, कैप्टन वीर सिंह, कैप्टन बंसीलाल, कैप्टन कुलदीप सिंह सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। कैप्टन जगदीश वर्मा ने सभी पूर्व सैनिकों की ओर से परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभावितों को बांटी राहत किटें व स्कूल बैग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए टीम लखनऊ ने सराहनीय पहल करते हुए 170 राहत किटें और 200 से अधिक स्कूल बैग वितरित किए। इन किटों में आटा, चावल, दाल, चीनी, नमक और तेल जैसी जरूरी सामग्री शामिल रही। टीम ने नेर कुंडनी, मकरीड़ी, द्राहल, गडूही, कुराटी जैसे गांवों में यह सहायता पहुंचाई। लड़भड़ोल के कोलंग, सिमस, सियून व खददर जैसे अन्य गांवों में भी जल्द ही वितरण होगा। इस मानवीय कार्य में भारतीय सेना ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ब्रिगेडियर एमी खान, लेफ्टिनेंट कर्नल जावेद अहमद व अन्य सैन्य अधिकारी भी राहत वितरण में साथ रहे। टीम लखनऊ के संस्थापक मुर्तुजा अली ने बताया कि संस्था 2018 से देशभर में सेवा कार्य कर रही है। पंजाब में भी संस्था ने बाढ़ राहत के दौरान 32 टन राशन बांटा था। इस अभियान में कुदरत उल्ला खान, जसवीर गांधी, शाहबाज और अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

### बारिश से महादेव में मौसम हुआ ठंडा

**अनंत ज्ञान, महादेव।** रविवार को क्षेत्रभर में हुई बारिश से ठंड हो गई है। मानसूनी बारिश के जाते ही लंबे समय के बाद एक बार फिर बारिश का मौसम बनने से जहां ठंड की बड़ी दस्तक को बल मिला है वहीं दूसरी ही ओर किसान वर्ग अपनी खरीफ की फसल को समेटने को लेकर चिंतित दिखाई दे रहा है क्योंकि धान आदि की पूरी फसल अब लगभग पककर तैयार है ऐसे में मौसम साफ होना बेहद जरूरी है ताकि अनाज को पाकर रोजी रोटी की चिंता मिटे।अगर ऐन मौके पर मौसम गड़बड़ाता जाता है तो किसानी से जुड़े एक बड़े वर्ग की चिंता का बढ़ना स्वाभाविक सी बात है।

### महादेव में शताब्दी वर्ष पर किया शक्ति प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पारंपरिक गणवेश में पथसंचलन कर अनुशासन, एकता और राष्ट्र सेवा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा का प्रतीक बताया। इस अवसर पर नाचन के विधायक विनोद कुमार सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी लेखराज राणा, खुशहाल वर्मा, प्रताप सिंह ठाकुर, रतन लाल ठाकुर और लोकेश जी भी उपस्थित रहे। लोकेश जी ने संघ की ऐतिहासिक भूमिका और शताब्दी वर्ष के तहत वर्ष 2026 की विजयदशमी तक प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महादेविया ने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने समाज को सजग रहने और बाहरी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने का भी आग्रह किया।

### क्लस्टर सिस्टम के विरोध में किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर प्रथम के खंडाध्यक्ष दिनेश सरोच, द्वितीय के सुनील ठाकुर व धर्मपुर प्रथम के अभिजीत सकलानी ने आज रोष प्रदर्शन व रैली निकालकर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री क्लस्टर सिस्टम के विरोध में अपना ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष रतन राव और प्रेम लता जिला सचिव (महिला विंग) विशेष रूप से मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने संघ के साथ प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जो वायदे किए थे विभाग ने उनको दरकिनार करते हुए प्राथमिक शिक्षा को प्रिंसिपल के हवाले कर दिया।यह प्राथमिक शिक्षा व शिक्षकों पर कुठाराघात है। इस अवसर पर तीनों खंडों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य सलाहकार, महासचिव, संयुक्त सचिव, महालेखाकार व सभी अध्यापकों ने भाग लिया।

### प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत उटपुर के गांव माकन खुर्द और ग्राम पंचायत तुलाह में प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेष प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप मंडी के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा उनका लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया।

### गरीब बेटी की शादी में आगे आया समाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र में एक निर्धन परिवार की बेटी की शादी में समाजसेवी संस्थाओं और दानी व्यक्तियों ने मिलकर मिसाल पेश की। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर, श्री गुरुद्वारा सिंह सभा और नागचला मंदिर हराबाग समिति के सहयोग से विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। समाजसेवियों विनोद अवस्थी और रमेश पठानिया के प्रयासों से न केवल शादी की व्यवस्था हुई, बल्कि कपड़े, उपहार और भोजन की भी व्यवस्था की गई। गुरुप्रीत सिंह और अजय ने बताया कि यह सहयोगी अभियान आगे भी जारी रहेगा। रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा और सचिव रणजीत ने जरूरतमंद परिवारों की सहायता को संस्था का मुख्य उद्देश्य बताया।

### तहसीलदार मामले की परिषद ने की निंदा

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** दशहरा उत्सव के दौरान गत दिनों कुल्लू के तहसीलदार हरि सिंह यादव के साथ कुछ तथाकथित गुंडों द्वारा देव आस्था के नाम पर सरेआम की गई गुंडागर्दी की घटना की हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद ने कड़ी निंदा की है। परिषद ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की प्रदेश सरकार से मांग की है। इस संदर्भ में परिषद की एक बैठक नेरचौक में परिषद के जिला अध्यक्ष तिलक राज राव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों ने देव आस्था के नाम पर कुल्लू दशहरा में ड्यूटी टाइम पर तहसीलदार के साथ की गई इस गुंडागर्दी को एक सोची समझी साजिश करार दिया। बैठक में मौजूद गुर्जर समाज के लोगों ने कहा कि देव आस्था के नाम पर जिन भी लोगों ने इस कृत्य को अंजाम दिया उन्होंने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी।

### गोपालपुर स्कूल में एनएसएस शिविर कल से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोपालपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आगामी 7 अक्तूबर से शुरू होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठशाला के प्रधानाचार्य डा. बलवंत सिंह ठाकुर करेंगे। सैट दिवसीय इस शिविर के दौरान पाठशाला परिसर व गोद लिए हुए गांव में साफ सफाई का कार्य किया जाएगा। साथ ही जागरूकता रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ज्ञानवर्धक सेमिनार व खेलकूद कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी रेखा चंदेल व राजीव चंदेल ने दी।

# प्राकृतिक खेती पर दी जानकारी



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

कृषि विभाग विकास खंड सरकाघाट द्वारा आत्मा परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाणा में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर रहे। उनके साथ किसान सलाहकार समिति (आत्मा) के अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने किसानों को संबोधित करते हुए मोटे अनाजों की महत्ता और उनके पोषण संबंधी लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और पारंपरिक खेती की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी आग्रह किया। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती को समय की मांग बताते हुए इसे अपनाने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश पटियाल एवं उप परियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर ने आत्मा योजना के उद्देश्यों और प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। बीटीएम महेन्द्र ने प्राकृतिक खेती के चार स्तंभों बीज, जीवामृत, घनजीवामृत और मृदा सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं विवेक व सुजाता ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों की तैयारी, उनके उपयोग के तरीके व किसानों को मिलने वाले अनुदानों की जानकारी साझा की।

# पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम घोषित

**अनंत ज्ञान, पधर।** पुनर्निरीक्षण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी द्रंग विनय चौहान ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव-2025 हेतू राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अलग से मतदाता सूचियां तैयार करवाई गई हैं जिसमें भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचन नामावली अप्रैल, 2025 से डाटा लिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाया गया मतदाता पहचान पत्र इस बात की पुष्टि नहीं करता कि पंचायत की मतदाता सूचि में भी उनका नाम सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त पंचायत के वह व्यक्ति जो कि भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूचि में किसी और जगह पंजीकृत हैं, वह अपना नाम पंचायत की मतदाता सूचि में दर्ज करवाना चाहते हैं, अथवा जो व्यक्ति किसी कारणवश पंचायत की मतदाता सूचि में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं तथा जिन्होंने 1 अक्तूबर, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और स्थानान्तरण के कारण पंचायत की मतदाता सूचि में सम्मिलित नहीं है, वह अपना नाम मतदाता सूचि में सम्मिलित करवाने के लिए 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर, 2025 तक विकास खण्ड कार्यालय द्रंग स्थित पधर में प्रारूप-2 में निर्धारित दस्तावेजों सहित अपना आवेदन पंचायत सचिव के माध्यम से अथवा सीधे तौर पर व पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नाम निर्वाचन नामावली में सम्मिलित करने के लिए दावा व आक्षेपों का निपटारा 18 से 27 अक्तूबर तक किया जाएगा।

## मच्छ्याल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का शंखनाद

# स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्र उत्थान का संकल्प

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के मच्छ्याल स्थित रामलीला मैदान खुद्दर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर लगभग ढाई से तीन सौ स्वयंसेवकों सहित विभिन्न वर्गों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और राष्ट्र के सर्वांगीण उत्थान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रंजीत सिंह रहे, जबकि मुख्य वक्ता कुलदीप सिंह और मदन खंड संचालक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वातावरण घोषों और संघ गीतों से गूंज उठा। मुख्य वक्ता कुलदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि संघ का शताब्दी वर्ष 2025 की विजयदशमी से 2026 की विजयदशमी तक मनाया जाएगा। इस अवधि में सात प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विजयदशमी व्यापक जनसंपर्क, हिंदू सम्मेलन, सामाजिक सद्भाव बैठकें, प्रमुख जनों की गोष्ठी, युवाओं के लिए विशेष आयोजन और अधिकतम स्थानों पर दस दिनों तक शाखा लगाने जैसे आयोजन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन करना हमारी ऐतिहासिक परंपरा रही है, जो समाज की सुरक्षा और शक्ति की उपासना का प्रतीक है।

कुलदीप सिंह ने संघ की सौ वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ अपेक्षा, विरोध और साहस की स्थिति से गुजरते हुए आज सहभाग के चरण में पहुंचा है। उन्होंने संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जन्मजात देशभक्त थे और आज़ादी के कई आंदोलनों में उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई थी। वर्ष 1921 में उन्हें एक वर्ष की जेल भी हुई थी।



मच्छ्याल में स्वयंसेवक पथ संचलन करते हुए।

मुख्य वक्ता ने आगे बताया कि संघ ने शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज के समग्र विकास हेतु 'पंच प्रण' निर्धारित किए हैं, जिनमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वत्व का भाव और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। इन प्रणों के माध्यम से हिंदू समाज को परम वैभव की ओर अग्रसर करने का उद्देश्य रखा गया है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों और पंच प्रणों का पालन करते हुए राष्ट्रीय उत्थान के इस महायज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें।

# अखिल भारतीय बैठक में शामिल होगा महासंघ

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल आगामी 5 और 6 अक्टूबर को उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की अखिल भारतीय कार्यसमिति बैठक में भाग लेगा। यह बैठक पूरे देश के राज्य कर्मचारियों की लंबित मांगों, उनके अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विषयों पर गंभीर चर्चा का मंच है।

प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर, महामंत्री उमेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष चमन लाल कलवान, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डोगरा और वरिष्ठ नेता गोपाल शर्मा के नेतृत्व में शामिल होगा। इसमें हिमाचल के कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को प्रस्तुत किया जाएगा। इनमें आउटसोर्स कर्मचारी वर्ग की सेवाओं को स्थायी स्वरूप देने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, एमडीएम और आशा वर्कर्स के मानदेय और सुविधाओं को सुनिश्चित करने, कर्मचारियों को लंबित महंगाई भत्ता और वेतन एरियर का शीघ्र भुगतान करने, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और पदोन्नति से जुड़ी लंबित समस्याओं का समाधान करने, शिक्षक पात्रता परीक्षा, शिक्षा का अधिकार नियम से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट प्रदान करने, 8वें वेतन आयोग की शीघ्र नियुक्ति कर वेतन विसंगतियों को दूर करने, और पुरानी पेंशन बहाली तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं।

# क्लस्टर प्रणाली के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन, अधिसूचना वापस लेने की मांग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षा खंड चौंतड़ा-1, चौंतड़ा-2 व द्रंग-1 के शिक्षकों ने शनिवार को गांधी वाटिका जोगिंद्रनगर में हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितम्बर को जारी नई क्लस्टर प्रणाली संबंधी अधिसूचना के विरोध में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि इस अधिसूचना को तुरंत वापस लिया जाए। उनका कहना था कि नए दिशा-निर्देशों के तहत खंड प्राथमिक शिक्षक अधिकारी की शक्तियां समाप्त कर दी गई हैं तथा केंद्रीय मुख्य शिक्षक को प्रधानाचार्य के अधीन कर दिया गया है, जो प्राथमिक शिक्षकों को स्वीकार्य नहीं है।

संघ ने कहा कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल प्रदेश ने प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो प्राथमिक शिक्षकों की समर्पित मेहनत का परिणाम है। ऐसे में नई अधिसूचना का कोई औचित्य नहीं है।शिक्षकों ने इसे शिक्षक समाज के मनोबल पर आघात बताया और चेतावनी दी कि यदि 23 सितम्बर 2025 की अधिसूचना को वापस नहीं लिया गया तो राज्य स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंडी के महासचिव अतुल लखनपाल, अध्यक्ष शिक्षा खंड द्रंग-1 बलबीर सिंह, अध्यक्ष चौंतड़ा प्रथम कपिल राव, अध्यक्ष चौंतड़ा द्वितीय संजय कुमार, पूर्व पीटीएफ अध्यक्ष संजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार गोपाल सिंह, महिला विंग अध्यक्षा लता ठाकुर, अंजना ठाकुर, महासचिव सुरेन्द्र सिंह, कैशियर सोहन सिंह, सलाहकार राजवीर और वरिष्ठ उपप्रधान सुशील कटोच सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## रैली कर जताया अपना विरोध

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** प्रदेश सरकार द्वारा क्लस्टर सिस्टम प्रणाली को लेकर जारी अधिसूचना के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ खंड रिवालसर व बल्ह के सैकड़ों अध्यापकों ने रविवार को जिला मंडी प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में एक रोष रैली निकाली। मेला ग्राउंड भंगरोटू से लेकर एसडीएम कार्यालय बल्ह तक आयोजित इस रैली में सैकड़ो अध्यापकों ने भाग लेकर अपना रोष प्रदर्शन जताया। तथा एसडीमएम बल्ह स्मृतिका नेगी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को अपना मांग पत्र सौंपा। जिसमें प्राथमिक शिक्षकों को प्रधानाचार्या के अधीन न करने, वर्तमान प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को यथावत रखने व सीएचटी व बीईओ के प्रमोशन चैनल व प्रशासनिक शक्तियों को यथावत रखने की मांग की। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ खंड रिवालसर के अध्यक्ष मस्त राम राव ,महासचिव मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष गंगाराम यादव व शिक्षा खंड बल्ह के अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर, महासचिव चंद्रमोहन सकलानी, कोषाध्यक्ष परम देव सहित दोनों शिक्षा खंडों के सैकड़ों अध्यापक मौजूद रहे।

# क्लस्टर सिस्टम को हेडमास्टर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने बताया सराहनीय कदम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हेडमास्टर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए गए क्लस्टर सिस्टम का स्वागत किया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा और महासचिव केवल ठाकुर ने कहा कि इस नई प्रणाली से विद्यालयों का संचालन अधिक सुव्यवस्थित होगा और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। अब वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के अधीन आने वाले प्राथमिक, उच्च व माध्यमिक विद्यालय सीधे प्रधानाचार्य की निगरानी में संचालित होंगे, जिससे शैक्षिक योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावशाली होगा।

हालांकि, एसोसिएशन ने इस व्यवस्था की सफलता पर सवाल खड़ा करते हुए चिंता जताई कि प्रदेशभर में लगभग 850 प्रधानाचार्य और 280 मुख्य अध्यापकों के पद रिक्त हैं। कई टीजीटी अध्यापक 28 वर्षों की सेवा के बाद भी पदोन्नति की प्रतीक्षा में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। एसोसिएशन ने बताया कि

▶ खाली पदों के कारण नई व्यवस्था को सफल बनाना चुनौतीपूर्णः रतन वर्मा

▶ पदोन्नति सूची जारी करने की मांग, प्रतिनिधिमंडल करेगा मुलाकात

डीपीसी की बैठक दो माह पूर्व हो चुकी है, फिर भी अब तक प्रमोशन सूची जारी नहीं की गई है।

संघ ने यह भी मांग की कि परीक्षा परिणाम में एक बार की गिरावट के आधार पर किसी प्रधानाचार्य या शिक्षक की इंक्रीमेंट या प्रमोशन रोकी न जाए। इस संदर्भ में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व सचिव से कई बार आग्रह किया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र सरकार से दोबारा मुलाकात करेगा।

# राकेश जम्वाल बोले-सेवा ही संगठन की पहचान, जनकल्याण हमारा संकल्प



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा एक स्थानीय निजी अस्पताल के सहयोग से ग्राम पंचायत टिहरी के बैह की धार में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने बताया कि यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने की परंपरा के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है तथा इसी भावना से

▶ सुंदरनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

भाजपा देशभर में जनकल्याणकारी कार्यक्रम चला रही है। इस शिविर में विभिन्न विभागों से हड्डी रोग, सामान्य चिकित्सा, स्त्री रोग

हृदय रोग, शल्य चिकित्सा और बाल एवं शिशु रोगविशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। ग्रामीणों के लिए ब्लड टेस्ट और बोन डेंसिटी जांच भी पूरी तरह निशुल्क की गई। लाभान्वित लोगों ने इस पहल के लिए भाजपा संगठन व चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

## रामलीला | सीता की अग्निपरीक्षा और रामराज्य की स्थापना ने भावुक किया माहौल

# महादेव में हुआ श्रीराम का राजतिलक

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**महादेव।** महादेव (घांघल) में शिव आर्ट रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला का समापन शनिवार रात को भव्यता और भक्ति भाव के साथ किया गया। हारमोनियम मास्टर और ढोलक मास्टर की सुमधुर संगत ने समां बांधा, जिससे धार्मिक जागरण देर रात तक चलता रहा। अंतिम दिन के मंचन में लंका की अशोक वाटिका का दृश्य खासा भावुक रहा, जहां त्रिजटा द्वारा राम की विजय की सूचना देने पर सीता माता का संवाद और उनकी करुणा दर्शकों को भावविभोर कर गई।

महाबली हनुमान के आग्रह के बावजूद सीता ने राम के बिना जाने से इनकार किया, और जैसे ही राम-लक्ष्मण वहां पहुंचे, पुनर्मिलन का दृश्य अत्यंत भावुक बना। राम, सीता और लक्ष्मण की अयोध्या वापसी पर नगर भर में दीप जलाए गए और उत्सव का माहौल बन गया। महल में अपनों से मिलन और राम के राजतिलक के साथ 'रामराज्य' की घोषणा हुई। वशिष्ठ द्वारा राजतिलक के समय पुष्प वर्षा हुई और राम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।

इसी दौरान सीता की अग्निपरीक्षा का भावनात्मक मंचन भी हुआ। रामलीला के समापन पर सभी कलाकार राम-सीता के चरणों में बैठकर भजन गाते दिखाई दिए, जिसमें दर्शक भी शामिल हुए। पुरानी पीढ़ी के कलाकार एवं रामलीला निर्देशक भूप सिंह ने दर्शकों की फरमाइश पर आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करने के साथ एक पारंपरिक गीत भी गाया। इस गीत पर दर्शकों और कलाकारों ने मिलकर जमकर ठुमके लगाए।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। रामलीला कमेटी के प्रमुख



▶ अशोक वाटिका से लेकर अयोध्या तक भावनाओं का उमड़ा सैलाब

ने मंच से सभी कलाकारों, दर्शकों व सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए रामलीला को सफलतापूर्वक संपन्न करने पर संतोष व्यक्त किया। यह रामलीला न केवल धार्मिक आयोजन थी, बल्कि एक सामाजिक व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी बनी।

## न्यूज ब्रीफ

### संतोषगढ़ में मनाया आरएसएस का शताब्दी वर्ष

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ टाहलीवाल खंड द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष को मनाने के लिए संतोषगढ़ में बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा और उत्साह का संदेश लेकर आया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने गणवेश में पथ संचलन किया। संघ संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार एवं माधवराव सदा शिवराव गोलवलकर एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर नगर के स्वयंसेवक कदमताल मिलाते निकले पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण कर पथ संचलन किया। स्वयंसेवकों को बौद्धिक देकर शताब्दी वर्ष की महत्ता को समझाया। उत्तर क्षेत्र के ऊना केंद्र के ग्राम विकास संयोजक राकेश ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षों से निरंतर शाखों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य करता चला आ रहा है। उन्होंने संघ की परंपरा और कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ ने व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज को संगठित करने का काम किया है। संघ की शाखा केवल व्यायाम या अनुशासन की जगह नहीं, बल्कि यह व्यक्ति और समाज के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। इस अवसर पर ऊना केंद्र के ग्राम विकास संयोजक राकेश, जिला ऊना के सह जिला कार्यवाह राजीव, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख शिवनाथ, विभाग गो सेवा प्रमुख नंद किशोर, टाहलीवाल खंड के खंड संघ चालक प्रेम जी अग्निहोत्री, खंड कार्यवाह पवन कौशल सहित टाहलीवाल खंड के संघ के विभिन्न पदाधिकारी व सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### खेलों में हरोली खंड की टीमों का चयन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल वॉलीबाल में हरोली खंड स्तरीय अंडर-14 छात्राओं के बैडमिंटन, वॉलीबॉल, खो-खो ,कबड्डी और चैस के ट्रायल के माध्यम से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए चयन किया गया। इसमें बैडमिंटन में माध्यमिक पाठशाला ईसपुर और राजकीय उच्च विद्यालय भदौरी संयुक्त रूप से हरोली खंड की तरफ से टीम का चयन किया गया और खो-खो प्रतियोगिताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ एवं गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बढेड़ा का चयन किया गया। इसी कड़ी में कबड्डी प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर जयचंद और वीटन विद्यालय की टीम का चयन किया गया। वालीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली और धर्मपुर का चयन किया गया और चैस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालकवाह और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगड़ का चयन किया गया। यह सभी छात्राएं हरोली खंड की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमानदरी में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर डॉ. राजेश कौशल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी व प्रधानाचार्य व विद्यार्थियों के ब्रेकफास्ट, लंच और रिफ्रेशमेंट का इंतजाम किया था।

### चूरूडू में 15 व 16 अक्तूबर को होगा दंगल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत गांव चूरूडू में पारंपरिक खेल कुश्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 15 व 16 अक्तूबर को एक भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। दंगल आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रधान सतपाल पठानिया, उपप्रधान अश्वनी कुमार तथा समस्त कमेटी सदस्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन संबंधी सभी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि इस बार दंगल को और भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक दर्शक और पहलवान इसमें भाग ले सकें। कमेटी ने बताया कि इस बार दंगल में देशभर के नामी पहलवान अपने दांव-पेंच दिखाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। मुख्य आकर्षण सेमीफाइनल मुकाबले पर 41,000 व फाइनल मुकाबले पर 61,000 के नकद पुरस्कार रहेंगे। इसके अलावा अन्य वर्गों में भाग लेने वाले विजेता पहलवानों के लिए भी आकर्षक इनाम रखे गए हैं। प्रधान सतपाल पठानिया ने बताया कि खेल हमारे समाज और युवाओं को अनुशासन, शक्ति और भाईचारे का संदेश देते हैं।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** युवा कांग्रेस के पूर्व राज्य महासचिव रोहन कालिया ने एक भेंट वार्ता में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। रोहन कालिया ने बताया कि प्रदेश आपदा की स्थिति से गुजर रहा है। इसके बावजूद भी विकास कार्य चल रहे हैं, जरूरतमंद को आर्थिक सहायता मिल रही है, आपदा से क्षतिग्रस्त रास्तों लोगों के घरों को दुरुस्त करने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार आमजनमानस, गरीब वर्ग, किसान, कर्मचारी वर्ग की सच्ची हितैषी है।

### लेक्चरर वर्ग के लंबित पड़े मामलों पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भट्ठा कूफर में संपन्न हुई। यह जानकारी लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने देते हुए बताया कि प्रदेश की इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सभी जिलों के जिला प्रधानों एवं अन्य पदाधिकारी वर्ग ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में लेक्चरर वर्ग के लंबित पड़े मामलों पर व्यापक चर्चा की गई और लेक्चरर संघ की लंबी पड़ी मांगों का एक चार्टर और आगे की रणनीति तैयार की गई। लेक्चरर संघ की मुख्य मांगों में स्कूल प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची जारी करना, लंबित पड़े डीए का भुगतान करना, यदि छठी से 12वीं तक लेक्चरर पढ़ाएंगे तब इसके साथ लेक्चरर को प्रिंसिपल प्रमोशन में सौ परिषद हिस्सेदारी देने की मांग, जिन शिक्षकों की इंक्रीमेंट रिजल्ट के कारण रुकी है उन्हें एक बार वार्निंग देकर राहत देना, क्लस्टर सिस्टम पर व्यापक चर्चा और इसे कैसे सशक्त करना व अन्य कई मांगों है जिन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

### जब सेवानिवृत्ति समारोह में बैंड पार्टी वाला भूल गया अपना बाजा

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** नेरी गांव में एक सेवानिवृत्ति समारोह में बैंड पार्टी के कलाकार जगदेव अपना बाजा वहीं भूल गए। कार्यक्रम के बाद वे राशि बांटने में इतने व्यस्त हो गए कि अपने रोज़गार का साधन भूल बैठे। यह बाजा वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र शर्मा को मिला, जिन्होंने सोशल मीडिया के जरिए उसे वापस दिलवाया। यह घटना गांव में मजाक का विषय तो बनी, लेकिन साथ ही यह दिखाती है कि सही नीयत और सोशल मीडिया का सदुपयोग मिलकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं।

# युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, वोट चोरी मामले में चुनाव आयोग से सच्चाई उजागर करने की मांग

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

भाजपा द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर वोट हथियाकर सत्ता प्राप्त करने के आरोप लगाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा शुरू किए गए वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत युवा कांग्रेस द्वारा रविवार को विधायक राकेश कालिया के बेटे एडवोकेट सोहराव कालिया के नेतृत्व में गगरेट में प्रदर्शन कर चुनाव आयोग से वोट चोरी की सच्चाई जनता के सामने लाने की मांग की।

युवा कांग्रेस ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा करवाई गई जांच में सरेआम खुलासा हुआ है कि किस तरह वोट की चोरी हुई, लेकिन चुनाव आयोग सरेआम मीडिया में आकर संगीन आरोप लगाने के बावजूद इस मामले पर सच्चाई जनता के सामने लाने में विफल रहा है। एक ही घर के पत्ते पर सत्तर से भी अधिक मतदाता पंजीकृत हुए, लेकिन यह कैसे संभव हुआ इसे बताने में चुनाव आयोग अक्षम साबित हुआ है।




वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत गगरेट में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव आयोग स्वयं मीडिया के समक्ष आकर सच्चाई जनता के सामने नहीं रखता, तब तक कांग्रेस का यह अभियान जारी रहेगा और युवा कांग्रेस घर-घर दस्तक देकर भाजपा व चुनाव आयोग की सच्चाई जनता के समक्ष रखेगी। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत राय, राज्य उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री, युवा कांग्रेस गगरेट के उपाध्यक्ष ऋतिक कुमार, ब्लाक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, विक्रांत कंवर आदि ने चुनाव आयोग पर भाजपा की बी टीम के रूप में कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र व कर्नाटक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा करवाई गई जांच में स्पष्ट हुआ है कि किस प्रकार वोट की चोरी हुई। लोग किसी अन्य राज्य के हैं और किसी अन्य राज्य में उनके वोट बनाए गए। वह भी एक ही पत्ते पर कई-कई वोट पंजीकृत किए गए। कई लोगों के तो अकारण वोट काट दिए गए। कटवाने वाले भी अन्य राज्य से संबंधित थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोई चोरी छिपे नहीं, बल्कि मीडिया के समक्ष आकर तथा तथ्य सहित इस मामले को उजागर किया है, लेकिन न तो केंद्र सरकार इन आरोपों पर जवाब दे रही है और न ही चुनाव आयोग ने इन आरोपों पर तथ्यों सहित कोई सफाई दी है, अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप झूठे होते, तो अब तक उन पर कई मामले दर्ज हो जाते, लेकिन सच्चाई को भाजपा व भाजपा की बी टीम ज्यादा दिन तक छुपा नहीं सकेगी।

# चिंतपूर्णी दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की थार खाई में गिरी, चार घायल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**




रविवार सुबह माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के दर्शन के लिए अमृतसर से रवाना हुए श्रद्धालुओं की थार गाड़ी तलवाड़ा बाईपास पर हादसे का शिकार हो गई। सुबह करीब पांच बजे श्रद्धालुओं की गाड़ी दूसरी वाहन को बचाने के प्रयास में सड़क से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे की आवाज सुनते ही मौके पर स्थानीय लोग पहुंच गए और घायलों को बाहर निकालकर तुरंत 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी भेजा गया। इस हादसे में चार श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिनकी पहचान मोहित (19), ऋतिक (21), सुमित (18) और कमल दास बरसाना (36) के रूप में हुई है। सभी घायल अमृतसर के निवासी हैं। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। डॉक्टरों के अनुसार सभी को मामूली चोटें आईं और अब उनकी स्थिति पूरी तरह स्थिर है। घटना के संबंध में घायल कमल दास बरसाना ने बताया कि यह सब माता श्री चिंतपूर्णी की कृपा है कि चारों की जान बच गई। हादसा बड़ा था, लेकिन हम सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे बाद में क्रेन की सहायता से तलवाड़ा पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर चिंतपूर्णी पुलिस थाना से एएसआई राजेश कुमार अपनी टीम सहित तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रेस्क्यू कार्य में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सहयोग दिया और घायलों को अस्पताल भिजवाया। इसके बाद थार गाड़ी को क्रेन की मदद से खाई से बाहर निकाला गया।

# पीटीएफ ने नई क्लस्टर प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर, 2025 को लागू की गई नई क्लस्टर प्रणाली के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ (पीटीएफ) बंगाणा ने जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षा खंड बंगाणा के सभी प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर की अगुवाई में मिनी सचिवालय बंगाणा में एकत्रित हुए और उपमंडल अधिकारी बंगाणा के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुक्खू को ज्ञापन सौंपा।



एसडीएम के माध्यम से सीएम सुक्खू को ज्ञापन सौंपता पीटीएफ का प्रतिनिधिमंडल।

ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी नई अधिसूचना में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपलों को सौंपा गया है, जो कि प्राथमिक शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात है। इससे पहले 3 नवंबर, 2023 को भी इसी तरह की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसका पीटीएफ ने पुरजोर विरोध किया था। उस समय वार्ता के बाद 13 फरवरी, 2024 को संशोधित अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें क्लस्टर प्रणाली को केवल रिसोर्स शेयरिंग तक सीमित रखने पर सहमति बनी थी। साथ ही यह तय हुआ था कि नर्सरी से पांचवीं तक की प्राथमिक शिक्षा का संचालन मुख्य शिक्षक, केंद्र मुख्य शिक्षक व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के अधीन रहेगा, जबकि छठी से बारहवीं तक का संचालन पहले की तरह प्रिंसिपल के नियंत्रण में होगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नई अधिसूचना में इन सहमतियों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। इस निर्णय से प्राथमिक शिक्षा का अलग ढांचा, जो वर्ष 1984 से कार्यरत है, अस्तित्वहीन हो जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पिछले वर्षों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने असर रिपोर्ट में प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) में तीसरी कक्षा के परिणामों में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया था, जो कि प्राथमिक शिक्षकों की मेहनत का नतीजा है, न कि प्रिंसिपलों के अधीन ढांचे का। पीटीएफ ने चेताया कि यदि यह अधिसूचना वापस नहीं ली गई, तो इससे शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आएगी और मुख्य शिक्षक, केंद्र मुख्य शिक्षक तथा खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के पद निरर्थक हो जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह अधिसूचना उस वादे के भी विपरीत है, जो शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक शिक्षकों के साथ निदेशालय गठन के समय किया था, कि प्राथमिक शिक्षा के ढांचे से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। पीटीएफ ने सरकार से आग्रह किया कि वह प्राथमिक शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस अधिसूचना को तुरंत वापस ले।

# नेरी के युवाओं ने पेश की सेवा व संकल्प की मिसाल

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

बंगाणा उपमंडल की पंचायत ढयुंगली (कोडरा) के नेरी गांव के युवाओं ने समाजसेवा और जन-जागरूकता का एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने गांव की तस्वीर बदलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले रास्ते की सफाई व मरम्मत के कार्यों की शुरुआत की।

इस सामूहिक प्रयास ने स्वच्छता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को साकार रूप दिया है। इस कार्य में युवाओं की अग्रणी भूमिका निभाते हुए अशोक चौहान बंटी ने कहा, अब समय है कि हम सभी युवा गांव की गलियों और रास्तों को न केवल स्वच्छ रखें, बल्कि उन्हें सुव्यवस्थित और सुंदर भी बनाएं। यह हमारा कर्तव्य ही नहीं, हमारी पहचान भी है। उन्होंने पूरे क्षेत्रवासियों से इस अभियान में सहयोग की अपील की। विनीत चौहान रिंकी ने कहा, गांव की गलियां केवल रास्ते नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सोच का प्रतिबिंब हैं। जब हम खुद बदलाव की पहल करते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन स्वत: ही शुरू हो जाता है। आशीष ने बताया कि इस प्रेरणादायक कार्य की भावना उन्हें बुधान पंचायत के पूर्व प्रधान बलदेव सिंह से मिली, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान स्वयं विद्यालय की सफाई कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया था। उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए युवाओं ने इस अभियान को शुरू किया। सुरेंद्र के अलावा कई युवाओं ने भी इस कार्य में तन, मन और समय से भाग लिया। उन्होंने केवल सफाई ही नहीं, बल्कि रास्तों की मरम्मत में भी सक्रिय योगदान दिया। युवाओं के इस समर्पण को सभी गांववासियों द्वारा नेरी क्षेत्र में बहुत ही प्रशंसा की जा रही है। पूर्व प्रधान बलदेव सिंह ने युवाओं के जोश, समर्पण और जागरूकता की बहुत ही प्रशंसा करते हुए कहा, जब युवा अपने गांव की प्रगति और स्वाभिमान के लिए आगे आते हैं, तभी सच्चे विकास की नींव रखी जाती है।

# लेक्चरर वर्ग के लंबित पड़े मामलों पर व्यापक चर्चा की

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भट्ठा कूफर में संपन्न हुई। यह जानकारी लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने देते हुए बताया कि प्रदेश की इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सभी जिलों के जिला प्रधानों एवं अन्य पदाधिकारी वर्ग ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में लेक्चरर वर्ग के लंबित पड़े मामलों पर व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि लेक्चरर संघ की मुख्य मांगों में स्कूल प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची जारी करना, लंबित पड़े डीए का भुगतान करना, यदि छठी से 12वीं तक लेक्चरर पढ़ाएंगे, तब इसके साथ लेक्चरर को प्रिंसिपल प्रमोशन में सौ परिषद हिस्सेदारी देना, जिन शिक्षकों की इंक्रीमेंट रिजल्ट के कारण रुकी है, उन्हें एक बार वार्निंग देकर राहत देना, क्लस्टर सिस्टम व अन्य मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

# कृष्ण स्नेह स्कूल में वार्षिक खेलों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कृष्ण स्नेह विद्या मंदिर स्कूल ईसपुर में वार्षिक खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर संस्थान का नाम चमकाया। खेलों में चीफ गेस्ट स्नेह लता व प्रबंधक विशाल पाठक रहे। खेल परिसर में हुई खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दौड़ प्रतियोगिता, रस्साकशी, मेंढक दौड़, साक रेस आदि खेलों में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूजा ने किया। इस मौके पर राजीव पाठक ने खिलाड़ियों को खेल खेल की भावना से खेलने के लिय प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रश्मी शर्मा, उपप्रधानाचार्य रजनी शर्मा आदि ने भाग लिया।

# कविता देवी ने महिलाओं को दी सशक्तिकरण की राह

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत बुधान ग्रामीण सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता की दिशा में नई मिसाल कायम कर रही है।

इस परिवर्तन के केंद्र में हैं कविता देवी, जो कभी एक सामान्य गृहिणी थीं, लेकिन अब गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक बन चुकी हैं। कविता देवी ने उस समय आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम बढ़ाया, जब अधिकांश महिलाएं घर की चहारदीवारी तक ही सीमित थीं। अपने व्यक्तिगत विकास की यात्रा को उन्होंने यहीं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आज उनका यह प्रयास एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें दर्जनों महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हो रही हैं। ग्राम पंचायत बुधान में कई प्रकार के शिवरों का आत्मनिर्भरता शिविरों का आयोजिन किया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना और उनके भीतर छिपे हुनर को पहचान दिलाना। इस शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार की हस्तनिर्मित वस्तुएं बनाने के बारे में जानकारी दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिन पहले एक शिविर का आयोजन प्रशिक्षिका अर्चना देवी की प्रेरक भूमिका इस शिविर की सफलता में मैडम अर्चना देवी का भी विशेष योगदान रहा, जिन्होंने प्रशिक्षिका के रूप में महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।

# एचआईवी एड्स से बचाव को लेकर दिया जागरूकता संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रेड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा फैशन शो गतिविधियों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक और नृत्य के माध्यम से एचआईवी एड्स व नशाखोरी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया गया।




इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंद्र सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एचआईवी एड्स व नशाखोरी से दूर रहने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्लब के सदस्यों ने लोगों को संक्रमण से बचाव, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. राणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एचआईवी एड्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए व्यक्तिगत साफ-सफाई और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. सगुन डोगरा ने बताया कि यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से चलाया जा रहा है। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1097 की जानकारी देते हुए एड्स से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त करने की अपील की। क्लब सदस्य सूर्यवीर ने एचआईवी एड्स विषय पर विस्तार से जानकारी साझा की और छात्रों से समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, प्रो. नवीन शर्मा, क्लर्क अमन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्वरोजगार** हिम उन्नति योजना के सफल क्रियान्वयन का उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा ऊना जिला, पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए प्रेरणा स्रोत

# प्राकृतिक खेती व न्यूनतम समर्थन मूल्य से किसानों को लाभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल सरकार कृषि और बागवानी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए प्राकृतिक खेती और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में आरंभ की गई 'हिम उन्नति योजना' आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाली परिवर्तनकारी पहल साबित हो रही है और ऊना जिला इस योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी बनकर उभर रहा है।

कृषि विभाग ऊना के उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान बताते हैं कि हिम उन्नति योजना के अंतर्गत ऊना जिले में 10 कृषि क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक क्लस्टर में 15-20 किसानों को जोड़ा गया है, ताकि सभी किसान प्राकृतिक विधियों से खेती करने में सक्षम बनें। इससे रासायनिक खादों पर निर्भरता घटेगी, उत्पादन लागत कम होगी और लाभ में वृद्धि होगी। उपनिदेशक बताते हैं जिले में हिम उन्नति योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 33.50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में 100 किसान समूहों का गठन किया गया था, जबकि 2024-25 में 10 नए क्लस्टर बनाए गए हैं । किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, विपणन सहयोग और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि कृषि-आधारित स्टार्टअप्स और स्वरोजगार के अवसर बढ़ सकें।

## ऊना से प्रदेशभर के लिए प्रेरणा

**ऊना** जिले में हिम उन्नति योजना का मॉडल न केवल स्थानीय किसानों को समृद्ध कर रहा है, बल्कि यह समूचे हिमाचल के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गया है। प्राकृतिक व सामूहिक खेती और सरकार की किसानहितैषी नीतियों को लागू करने में ऊना एक उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा है।



## किसानों को मिल रहा वास्तविक लाभ

**ऊना** जिले में एक प्रमुख क्लस्टर विकास खंड अंब के पंजोआ गांव में स्थापित है, **यहां** नरेश कुमार जैसे प्रगतिशील किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर उदाहरण पेश कर रहे हैं। नरेश बताते हैं कि यहां अदरक, हल्दी, सब्जियों और फलों की मिश्रित खेती के साथ-साथ फेंसिंग निर्माण जैसी गतिविधियां चल रही हैं। नरेश कुमार का कहना है कि प्राकृतिक खेती से उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है और बाजार में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 60 रुपए प्रति किलोग्राम तथा मक्की का 40 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को अपनी मेहनत का वाजिब मूल्य मिल रहा है। बता दें, हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसने प्राकृतिक अनाजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है और इसका सबसे सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है तथा इससे किसानों का आत्मविश्वास और आय दोनों बढ़े हैं।

## क्या है हिम उन्नति योजना

**डॉ.** धीमान योजना की जानकारी देते हुए बताते हैं कि हिम उन्नति योजना राज्य सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसके तहत 150 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। इस योजना को चरणबद्ध ढंग से लागू किया जा रहा है, ताकि इसका लाभ राज्य के प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंच सके। योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि में समेकित विकास, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना तथा युवाओं के लिए कृषि-आधारित स्वरोज़गार के अवसर सृजित करना है। कृषि विभाग के अनुसार, योजना के तहत 40 बीघा या उससे अधिक भूमि वाले 1239 कृषि क्लस्टरों की पहचान की गई है। इनमें लगभग 50 हजार किसानों को शामिल करते हुए 2600 किसान समूहों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। यह क्लस्टर-आधारित मॉडल सामूहिक खेती, तकनीकी सहयोग और बाजार से सीधे जुड़ाव के माध्यम से किसानों की आय में स्थायी बढ़ोतरी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## प्रशासन किसानोन्मुखी योजनाओं के जमीनी कार्यान्वयन को प्रतिबद्ध

**डीसी** ऊना जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुरूप जिला प्रशासन सरकार की सभी किसानोन्मुखी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हिम उन्नति योजना का लाभ ऊना जिले के प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सक्रिय भागीदार बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक निगरानी के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर नियमित प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती तकनीकों से जोड़ा जा रहा है।

# सीएम जल्द आएंगे कुटलैहड़ क्षेत्र में उत्साह : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आगामी दिनों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आने वाले हैं। इस दौरान वे क्षेत्र में अनेक विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह का माहौल है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू का यह प्रवास कुटलैहड़ के लिए ऐतिहासिक साबित होगा, क्योंकि कई ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी हो चुकी है, जो लंबे समय से लंबित थीं।

विधायक ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री सुक्खू से शिमला में मुलाकात की और कुटलैहड़ क्षेत्र में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की पूरी रिपोर्ट उन्हें सौंपी है। इस रिपोर्ट में बाढ़, भूस्खलन और मकानों को हुए नुकसान का विस्तृत विवरण शामिल किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों को जल्द राहत और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे अपने जीवन को पुन: पटरी पर ला सकें। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू संवेदनशील और जनहितैषी नेता हैं, जो प्रदेश के हर कोने के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि कुटलैहड़ क्षेत्र के पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। शर्मा ने कहा कि आपदा प्रभावित इलाकों के पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए विशेष बजट प्रावधान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान क्षेत्र में सड़कों के उन्नयन, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार और शिक्षा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन होने की संभावना है। इसके साथ ही, स्थानीय जनता की समस्याओं को सुनने के लिए मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास की नई दिशा तय कर रही है। कुटलैहड़ जैसे ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्र को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा न केवल नई परियोजनाओं की शुरुआत का प्रतीक होगा, बल्कि आपदा से जूझ रहे परिवारों के लिए राहत व उम्मीद की नई किरण लेकर आएगा।

# ऊंची चोटियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर

## पर्यटकों के लिए खुशखबरी, लेह के मुसाफिरों की बढ़ी दिक्कत, कुल्लू, मनाली में भी बारिश का क्रम जारी

**कमलेश वर्मा/ एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/मनाली।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर रविवार को बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। अक्तूबर माह के पहले सप्ताह हुई बर्फबारी पर्यटकों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। वहीं, दूसरी ओर बर्फबारी से लेह के मुसाफिरों की दिक्कत बढ़ गई है। रोहतांग, बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे सहित मनाली व लाहौल-स्पीति के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बर्फबारी हो रही है। कुल्लू, मनाली में बारिश का क्रम जारी है, जिससे मौसम ठंडा हो गया है। समय से पहले हिमपात से लेह की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। मनाली से रोहतांग होकर लेह जा रहे डीजल, पेट्रोल के टैंकर भी मढ़ी में रोकने पड़े हैं। अन्य ट्रक अटल टनल होकर लेह जाते हैं, लेकिन डीजल पेट्रोल के टैंकर सुरक्षा की दृष्टि से अभी भी रोहतांग होकर ही भेजे जाते हैं। बर्फबारी की रफ्तार तेज होती देख रोहतांग दर्रे में वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया है। रोहतांग दर्रे सहित राहनीनाला, मढ़ी, गुलाबा, कॉकसर, अटल के नॉर्थ व साउथ पोर्टल व अंजनी महादेव में बर्फबारी हो रही है, जिससे यह मौसम सुहावना हो गया है।






**रोहतांग** दर्रे में हिमपात की गति तेज हो गई है। दर्रे में अब तक चार इंच बर्फ गिर चुकी है। रोहतांग दर्रा वाहनों के लिए बंद कर दिया है। कुछ टैंकर मढ़ी में रोके गए हैं। सभी वाहन चालकों से आग्रह है कि मौसम के हालात को देखते हुए सुरक्षित स्थानों में रुक जाएं। दर्रे में हिमपात होता देख सफर करने का जोखिम न उठाएं। **केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।**

### पर्यटकों के लिए एक सुखद समाचार

**पर्यटन** कारोबारी रमेश लाल, अशोक कुमार, अश्विनी, रवि ब्यास, राजू, संजय वर्मा, बंशी व हैप्पी का कहना है कि मनाली की चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है, जो पर्यटकों के लिए एक सुखद समाचार है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को बर्फ से ढकी वादियां और ठंड का आनंद लेने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के चलते रौनक बढ़ी है, लेकिन पहाड़ों पर हिमपात होने से पर्यटन को संजीवनी मिली है। हिमपात से पर्यटन रफ्तार पकड़ेगा।

### लेह जा रहे ट्रक मढ़ी और दारचा में रोके जा रहे

**समय** से पहले हिमपात से लेह की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। इन दिनों लेह लद्दाख के लिए सेना के रसद सहित लोगों की जरूरत के सामान को लेकर ट्रकों की आवाजाही जारी है। 15 अक्तूबर के बाद हिमपात की अधिक आशंका रहती है, लेकिन इस बार अक्तूबर के पहले सप्ताह में ही मौसम मेहरबान हो गया है। रविवार को भी लेह जा रहे ट्रक मढ़ी व दारचा में रोके जा रहे हैं, जबकि कुछ एक वाहन दर्रे के आसपास भी फंस गए हैं। लेह से मनाली आ रहे वाहन भी जगह जगह रुक गए हैं।

# अरविंद राजपूत के गानों पर झूमे दर्शक

## लमन बैंड, दिलजीत और नितेश राजपूत ने भी दर्शकों को नचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या स्टार कलाकार अरविंद राजपूत के नाम रही। वहीं, लमन बैंड, दिलजीत व नितेश राजपूत के गीतों पर भी दर्शक खूब झूम उठे।

इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने भी बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने का प्रयास किया। इस मौके पर स्टार कलाकार अरविंद राजपूत ने ओ मेरे हमसफर प्यार की रहा चले हम, कोई मिल गया मेरा दिल गया, बचना ए हसीनों लो मैं आ गया, याद आ रहा है तेरा प्यार फिल्मी गीत के अलावा शिमले नी बसना, कसौली नी बसना पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों को नचाया। दलजीत ने एक कुड़ी जीह दा नाम मोहब्बत है, तेरे बिना ना गुजरा ऐ फिल्मी गीत के साथ पहाड़ी सुपने दे डेउ दालीए, ओ निलमा गीत पेश किए। नितीश राजपूत ने लाइयां मोहब्बतां दूर दराजे सहित फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों को झुमाया। लमन बैंड के कलाकारों ने राजे री ए बेहडीए सौखनी मेरिए, भला मलाई आ हो, शिव कैलाशों के बासी आदि गीत पेश किए। इस सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में एपीएमसी के चेयरमैन राम सिंह मियां ने भाग लिया। उन्हें एडीएम कुल्लू और एसी टू डीसी जयवन्ती ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि तीसरी सांस्कृतिक संध्या का आगाज होमगार्ड के बैंड से किया गया। बैंड की मधुर ध्वनियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और मेले में घूम रहे दर्शक कलाकेंद्र की ओर आने शुरू हुए। उसके बाद स्थानीय कलाकारों ने बारी-बारी अपनी प्रस्तुतियां देनी शुरू की। इसके अलावा रामेश्वर शर्मा, श्वेता राणा, नरेश भारद्वाज, मनीष चोपड़ा, शालू धीमान ने भी बेहतरीन प्रस्तुति दी, जबकि इसके साथ ही हर्षिता भारद्वाज ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे काफी सराहा गया। इसके अलावा आदविक ने भी नृत्य की प्रस्तुति दी, जबकि सिरमौर के कलाकारों ने भी परंपरागत संस्कृति की झलक पेश की, जबकि शिवा युवक मंडल सांस्कृतिक दल ने भी कुल्लवी नाटी प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।



तीसरी सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए मेला समिति के पदाधिकारी।



# भगवान नृसिंह ने ढालपुर में बांधा रक्षासूत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के चौथे दिन रविवार को करीब साढ़े चार बजे भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर स्थित राजा की चानणी से भगवान नृसिंह की तीसरी शाही जलेब निकली।

तीसरे दिन भी जलेब के माध्यम से भगवान नृसिंह ने ढालपुर की परिक्रमा कर रक्षासूत्र बांधा। ढालपुर स्थित राजा की चनणी से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, कॉलेज गेट, फूड कोर्ट होते हुए करीब साढ़े पांच बजे जलेब वापस ढालपुर स्थित चनणी पहुंची। इस दौरान देवी-देवता व देवलु और अन्य लोग वाद्ययंत्रों की थाप पर झूमते हुए जलेब के साथ साथ आगे बढ़े। जलेब में भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह पालकी में सवार हुए और पालकी के आसपास गड़सा घाटी के देवी-देवता चले। नृसिंह भगवान की तीसरी जलेब में गड़सा घाटी के चमन ऋषि नजां, गौतम ऋषि मनिहार, जमदग्नि ऋषि शीश व जमदग्नि ऋषि उडसू, भृगु ऋषि आशनी, देवता लक्ष्मी नारायण चेष्टा, जमलू ऋषि हवाई शियाह ने शिरकत की। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव से एक दिन पूर्व तक जलेब का यह सिलसिला रोजाना जारी रहेगा। लिहाजा, सदियों से चली आ रही इस परंपरा का आज भी अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में बखूबी निर्वहन हो रहा है और सैकड़ों लोग इसके साक्षी बन रहे हैं।



दशहरा उत्सव के चौथे दिन ढालपुर से गुजरती भगवान नृसिंह की शाही जलेब।

### पालकी में मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर होते हैं विराजमान

**यह** जलेब भगवान नृसिंह की मानी जाती है और राजा नृसिंह का प्रतिनिधि होने के नाते नृसिंह के रूप में इस पालकी में भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह हर साल विराजमान होते हैं। राजा की चनणी से लेकर रथ मैदान होते हुए यह जलेब ढोल-नगाड़ों की थाप पर परिक्रमा पर निकले देवी-देवता व लोग नाचते गाते हुए वापस चनणी पहुंचते हैं।

## रवि ठाकुर बने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के भाजपा नेता व पूर्व विधायक रवि ठाकुर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त हुए हैं। बीते साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल नेता रवि ठाकुर को भाजपा पदाधिकारियों की सूची में स्थान मिलने से लाहौल-स्पीति भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। रवि ठाकुर ने जब से भाजपा का दामन थामा है तब से वह संगठन की मजबूती में जुटे हुए हैं। वह नाराज चल रहे कार्यकर्ताओं को मनाने में लगातार सफल हो रहे हैं। भाजपा छोड़कर चले गए कार्यकर्ता अब धीरे-धीरे घर वापसी कर रहे हैं। रवि ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व शीर्ष नेतृत्व सहित प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, हिमाचल भाजपा के संगठन महामंत्री सिद्दार्थन, विपक्ष के नेता व पूर्व सीएम जयराम ठाकुर का आभार जताया है। भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में मुझे जो दायित्व मिला है, उसके लिए मैं संगठन का हृदय से आभार और धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उन्होंने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए गर्व की बात है, और वह संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।



## लोकनृत्य प्रतियोगिता में बाबा वीर नाथ युवक मंडल गदेहड़ प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के अवसर पर भाषा कला व संस्कृति विभाग कुल्लू के सौजन्य से उत्सव समिति द्वारा लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन कुल्लू के लालचंद प्रार्थी कला केंद्र में प्रतिदिन हो रहे हैं। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन 15 सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। इसमें बाबा वीर नाथ युवक मंडल गदेहड़ प्रथम तथा भुट्टी बीवर्ज सांस्कृतिक दल द्वितीय स्थान पर रहा। प्रथम स्थान पर आने वाला दल शाम को मुख्यातिथि का स्वागत और अपनी प्रस्तुति देगा। द्वितीय स्थान पर आने वाला 7 तारीख को होने वाले फाइनल मुकाबले में भाग लेगा।

## औट-बंजार रूट पर ढाई माह बाद फिर दौड़ी एचआरटीसी की बस

**अनंत ज्ञान, बंजार**

प्राकृतिक आपदा के कारण बंद हुई औट-बंजार बस सेवा आखिरकार फिर से शुरू हो गई है। लंबे इंतजार के बाद पहली बस बंजार बस अड्डे तक पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

आपदा के कारण औट, बंजार से आगे एनएच 305 सड़क पर, भ्योट मोड़, छेत पानी, कोटलाधार सहित कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिसके चलते बस सेवा पूरी तरह ठप पड़ी थी, अब एनएच 305 की कड़ी मेहनत के बाद बंजार तक मार्ग बहाल कर दिया गया है। वहीं, एनएच 305 पर अभी चार स्थानों पर सड़क की हालत बेहद खराब पाई गई। कई जगह गहरी दरारें और मलबा होने के कारण बस का आगे बढ़ना जोखिम भरा माना गया। इस कारण फिलहाल बस को बंजार तक ही सीमित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस सेवा के दोबारा शुरू होने से अब उन्हें बाजार, स्कूलों और सरकारी कार्यालयों तक आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह किया है कि जल्द घियागी तक का मार्ग भी दुरुस्त किया जाए, ताकि नियमित यातायात पूरी तरह बहाल हो सके। उधर, बस अड्डा प्रभारी बंजार दीप चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि औट-बंजार बस सेवा करीब अढ़ाई माह बाद शुरू कर दी गई है। अन्य स्थानों पर भी सड़कें बहाल होते ही और लोनिवि की ओर से फिटनेस सर्टिफिकेट मिलते ही बस रूट बहाल कर दिए जाएंगे।




## देउरी में 26 साल बाद गूंजे ढोल-नगाड़े पारंपरिक बीस शौज मेले की धूम



जाबन क्षेत्र में देउरी माता मंदिर परिसर में बीस शौज मेले के मौके पर पहुंचे देवी-देवता।

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आनी उपमंडल के जाबन क्षेत्र में देउरी माता मंदिर परिसर में 26 साल बाद पारंपरिक बीस शौज मेला श्रद्धा व उत्साह के साथ शुरू हुआ।

देवता देउरी नाग और कुलक्षेत्र महादेव के मिलन व भव्य शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय इस ऐतिहासिक मेले का आगाज धार्मिक विधि-विधान से हुआ। कारदार ईश्वर दास ने बताया कि वर्ष 1997 में यह मेला कुछ कारणों से बंद कर दिया गया था, लेकिन आराध्य देवी पछला माता के आदेशानुसार इस वर्ष पुनः शुरू किया गया है। पहले दिन पारंपरिक नृत्य, ढोल-नगाड़ों की थाप और लोकगीतों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि धर्म देव शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम हैं। अगले दो दिनों में महिला मंडलों, स्कूली बच्चों व स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक संध्याएं सजेंगी। दूसरे दिन भाजपा नेता विवेक वर्मा और समापन अवसर पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा मुख्यातिथि रहेंगे। मेला कमेटी के प्रधान मस्त राम ठाकुर, मंदिर कमेटी के प्रधान बालकृष्ण, कारदार ईश्वर दास सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कल होगा महा रक्तदान शिविर का आयोजन

**शीला कौल, अनंत ज्ञान बंजार/कुल्लू।** कुल्लू के जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने कहा कि इस बार का दशहरा उत्सव आपदा से उत्सव की ओर थीम पर मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आपदा प्रभावित लोगों की मदद करना है। उन्होंने बताया कि दशहरा कमेटी और खेल समिति कुल्लू द्वारा पिछले दो सालों से खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हर क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस बार का दशहरा उत्सव आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए समर्पित है। दशहरा कमेटी और खेल समिति कुल्लू द्वारा खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। 7 अक्तूबर को ढालपुर में एकदिवसीय महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 800 से 1000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य है। जिला परिषद की कोशिश है कि दिवाली तक आपदा प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचा जा सके और उनकी मदद की जा सके। आप सभी से आग्रह है कि इस महा रक्तदान शिविर में अपना योगदान दें और इसे सफल बनाएं।



दशहरा उत्सव के चौथे दिन देवी-देवता देवलुओं के साथ झूमते हुए।

# विधायक ने रोंगटोंग पावर हाउस और नैकेट सिंचाई योजना का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

बारिश व बर्फबारी के बीच लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को स्पीति घाटी के रोंगटोंग बिजली परियोजना का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने 2 मेगावाट रोंगटोंग पावर हाउस का मौके पर जाकर विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। स्पीति क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बिजली आपूर्ति में आ रही रुकावटों को लेकर स्थानीय लोग लगातार विधायक से हस्तक्षेप की मांग कर रहे थे। जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक राणा ने आज रोंगटोंग बिजली परियोजना का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए। वहीं, विधायक ने नैकेट मैदान बहाव सिंचाई योजना के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि किसानों व स्थानीय जनता को लाभ मिल सके। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा के साथ कार्यकारी एडीसी शिखा, बीडीओ अंशुल, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार, बिजली बोर्ड अधिशाषी अभियंता मशीन आर्या, ब्लाक अध्यक्ष सरतोलो, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महिला, पूनम टीएसी, सन्नी, छेवांग रिगजिन, पूर्व सचिव लोब्जंग व पार्टी के गणमान्य कार्यकर्ता, काजा पंचायत प्रधान सोनम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अनुराधा राणा स्पीति के रोंगटोंग पावर हाउस और नैकेट सिंचाई योजना के निरीक्षण के दौरान।

**विरोध** | प्राथमिक शिक्षक संघ बंजार ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन कर जताया विरोध

# नई अधिसूचना से प्राथमिक शिक्षा के स्वतंत्र ढांचे पर खतरा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बंजार ने रविवार को अपनी मांगों और शिक्षकों के हितों से जुड़ी समस्याओं को लेकर एसडीएम बंजार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के सदस्यों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ बंजार के अध्यक्ष तिलक राज ठाकुर ने की। संघ ने ज्ञापन में शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर, 2025 को जारी की गई नई क्लस्टर प्रणाली संबंधी अधिसूचना का विरोध जताया।

शिक्षकों का कहना है कि यह अधिसूचना प्राथमिक शिक्षा के स्वतंत्र ढांचे व शिक्षकों के अधिकारों पर कुठाराघात है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा का अलग प्रशासनिक ढांचा कार्यरत हैं, जिससे राज्य ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। पिछले वर्ष असार रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश ने प्राथमिक शिक्षा में देशभर में पहला स्थान हासिल किया था, जबकि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में तीसरी कक्षा के स्तर पर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। संघ ने तर्क दिया कि इन उपलब्धियों का श्रेय प्राथमिक शिक्षकों और उनके अलग ढांचे को जाता है, न कि प्रिंसिपल को।

नई अधिसूचना में प्राथमिक शिक्षा का नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपल को देने का निर्णय किया गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। संघ ने कहा कि इससे मुख्य शिक्षक, केंद्रीय मुख्य शिक्षक व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जैसे पदों की प्रशासनिक शक्तियां सीमित होकर रह जाएंगी, जिससे भविष्य में ये पद निरर्थक हो सकते हैं। संघ ने इस अधिसूचना को 2024 में शिक्षा मंत्री के साथ हुई वार्ता और उस दौरान किए गए आश्वासनों के विपरीत बताया, जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि प्राथमिक शिक्षा के ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस अधिसूचना को तत्काल वापस लें। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुणे राम वर्मा, कोषाध्यक्ष मोहनलाल ठाकुर, महासचिव धनीराम ठाकुर सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।




## संघ ने नव परिसर प्रणाली पर जारी अधिसूचना को वापस लेने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने 23 सितंबर को शिक्षा विभाग द्वारा जारी नई नव परिसर प्रणाली संबंधी अधिसूचना को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की है।

इस संबंध में संघ ने आनी इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निहाल नेगी की अध्यक्षता में उपमंडलीय अधिकारी (नागरिक) आनी के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया। संघ ने ज्ञापन में कहा कि इससे पहले भी 29 नवंबर, 2023 को नए क्लस्टर निर्माण पर जारी अधिसूचना का विरोध किया गया था, जिसके बाद 13 फरवरी, 2024 को संशोधित अधिसूचना जारी हुई थी। उसमें यह तय हुआ था कि प्राथमिक शिक्षा (नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक) का प्रशासनिक नियंत्रण मुख्य शिक्षकों और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के पास रहेगा, जबकि छठी से बारहवीं तक की जिम्मेदारी प्रिंसिपल के अधीन रहेगी। संघ ने कहा कि नई अधिसूचना में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण प्रिंसिपल को देना शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात है। इससे न केवल प्राथमिक शिक्षा की स्वायत्तता खत्म होगी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि यह अधिसूचना शिक्षा मंत्री द्वारा पहले किए गए वादों के भी विपरीत है, जिसमें आश्वासन दिया गया था कि निदेशालय गठन के बाद प्राथमिक शिक्षा के ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। संघ ने आग्रह किया कि सरकार इस अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लेकर प्राथमिक शिक्षा की स्वतंत्र प्रणाली को बरकरार रखे। इस दौरान महासचिव रणवीर वर्मा, कोषाध्यक्ष नूतन, जिला कुल्लू पीटीएफ कोषाध्यक्ष नूर चंद, महिला विंग आनी की प्रधान इंदिरा देवी आदि मौजूद रहे।

## आनी के बटाला में पोषण दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** जिला युवा सेवा व खेल विभाग कुल्लू के तहत विकास खंड आनी के बटाला गांव में राष्ट्रीय पोषण अभियान (नवजात सप्ताह) बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम की सभी महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पारंपरिक पकवान बनाकर पोषण संदेश दिया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं। स्वयंसेवी रचना शर्मा ने बताया कि यह सप्ताह माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा ही समाज की मजबूत नींव है। इस अवसर पर महिलाओं को संतुलित आहार दूध, अंडे, हरी सब्जियों और मौसमी फलों के सेवन के लाभों के बारे में बताया गया। किशोरियों को आयरन कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों की जानकारी दी गई, ताकि वे कुपोषण से बच सकें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सभी माताओं को अपने बच्चों को नियमित रूप से टीकाकरण करवाना चाहिए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## ग्लोबल विलेज स्कूल में मनाया गया 74वां वाइल्ड लाइफ वीक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ग्लोबल विलेज स्कूल, हुरला, कुल्लू में वन विभाग हिमाचल प्रदेश के वाइल्ड लाइफ रेंज कुल्लू ने 74वें वाइल्ड लाइफ वीक के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का आगाज विशेष अतिथि रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर वीरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा ज्योति प्रज्वलन कर किया गया। प्रिंसिपल गणेश दत्त भारद्वाज ने अपने संबोधन में सबका स्वागत करते हुए कहा कि प्रकृति व वन्य प्राणी पृथ्वी पर जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। मानव व पर्यावरण का आपस में गहरा संबंध है। भारत में नब्बे हजार किस्म के जीव-जंतु हैं और सैंतालीस हजार प्रजातियां पेड़-पौधों की हैं। वन्य प्राणी, वनस्पति व मानव जीवन की आपस में निर्भरता महत्वपूर्ण है। स्कूल प्रशासक कैलाश गौतम ने विशेषातिथि व अन्य अतिथियों को सम्मानित किया। हिमानी व गीतांजलि ने मंच संचालन किया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का थीम ह्यूमन एंड एनिमल को-एग्जिस्टेंस है। इस कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज और नेचर वॉक करवाया गया। नेचर वॉक बीओ विनय कुमार के नेतृत्व में व स्कूल प्रशासक कैलाश गौतम के निरीक्षण में करवाया गया। इस नेचर वॉक को रोचक बनाने के लिए बच्चों से सवाल भी पूछे गए और सबसे अधिक और सही उत्तर देने के लिए नव्या कक्षा नौवीं, किंजल कक्षा नौवीं व राधिका कक्षा दसवीं को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी दिए गए। दिन भर के इस आयोजन में विशेषातिथि रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर वीरेंद्र कुमार शर्मा, ब्लॉक ऑफिसर विनय कुमार, ब्लॉक ऑफिसर रमेश कुमार, फॉरेस्ट गार्ड रिन कुमार, श्याम चंद, सुनील ठाकुर व धर्मवीर तथा वन मित्र आशु, सपना, शिवानी व गुलशन समेत 11 लोग मौजूद रहे।



# अभिभावक घर बैठे कर सकेंगे बच्चों की पढ़ाई का आकलन

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक घर बैठे स्कूल की पढ़ाई का आकलन कर सकेंगे। इसके लिए विभाग ने लिंक तैयार कर दिया है।

स्कूल में पढ़ाई जाने वाली बातों को सप्ताह के आधार पर अभिभावक बच्चों से पूछ सकेंगे। इससे यह पता लगेगा कि बच्चे को पढ़ाया गया विषय कितना समझ में आया है। इससे पहले बच्चों का आंकलन शिक्षक करते थे, लेकिन अब अभिभावकों का भी शिक्षा के लिए अहम योगदान रहेगा।



**प्रदेश** के स्कूलों में 10वीं कक्षा तक अभी बच्चों का साप्ताहिक आकलन अभिभावक कर सकेंगे। इसके लिए अभिभावकों को इन दिनों बताया जा रहा है। विषय को आसान बनाने के लिए यह किया जा रहा है, ताकि बच्चे साथ-साथ अभ्यास भी कर सकें। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो जाएगा।

**गोपाल चौहान, उच्च शिक्षा उपनिदेशक, सोलन।**

### शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार

**शिक्षा** विभाग की ओर से आगामी दिनों में यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। वहीं, स्कूकलों के परीक्षा परिणाम भी बेहतर आ सकेंगे। अभिभावकों को भी अपने बच्चों का भलीभांति पता लग सकेगा। संबंधित प्रश्न लिंक के माध्यम से पूछे जाएंगे। हर सप्ताह 12 प्रश्न प्रत्येक विषय के होंगे। ये प्रश्न अभिभावक स्वयं बच्चों से पूछेंगे और क्लिक करेंगे। अंत में सभी प्रश्न पूछने के बाद ये उत्तर सबमिट हो जाएंगे और परिणाम भी प्रदर्शित हो जाएगा। इससे अभिभावकों को भी यह पता लग जाएगा कि बच्चे ने कितना अभ्यास किया है।

### बनेगी अपार आईडी

**शिक्षा** विभाग ने पहले चरण में गणित, अंग्रेजी और विज्ञान विषय को लिंक से जोड़ा है। लिंक से जोड़ने के स्कूलों में अभिभावकों की अपार आईडी बनाई जा रही है। इसी अपार आईडी को अभ्यास के साथ जोड़ा गया है। सप्ताह बाद अभिभावक बच्चों का आकलन इसी आईडी के माध्यम से कर सकते हैं। स्कूल में विद्यार्थियों को सप्ताह में पढ़ाए गए विषय से संबंधित अभिभावक बच्चों की मॉनिटरिंग करेंगे।

# सोशल मीडिया के लाभ और हानि के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ऋषिशु विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल नाहन में सोशल मीडिया वरदान और अभिशाप विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सोशल मीडिया वरदान और अभिशाप विषय पर छात्रों की भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने उपस्थित जनसमूह को सोशल मीडिया के लाभ और हानि के बारे में जानकारी दी।

शिशु विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य कुंदन ठाकुर ने कहा कि युवाओं में बढ़ रही मोबाइल की लत को देखते हुए स्कूल में सोशल मीडिया वरदान व अभिशाप विषय पर एकश कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में मोबाइल की लत को कम करना था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में शिवम शर्मा प्रथम, सान्वी पुंडीर द्वितीय और जेस्मिन कौर स्थान पर रहे। इस अवसर पर यंगवार्ता के रमेश पहाड़ियों ने भी छात्रों को सोशल मीडिया के लाभ और हानि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल का आविष्कार जहां एक तरफ वरदान है। वहीं, दूसरी तरफ यह अभिशाप बनता जा रहा है, क्योंकि आज युवाओं द्वारा मोबाइल का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसके चलते न केवल युवा पीढ़ी मोबाइल की लत होती जा रही है, बल्कि इसके चलते आपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि मोबाइल का सही इस्तेमाल किया जाए, तो यह किसी वरदान से कम नहीं है, लेकिन यदि उसका गलत उपयोग हो तो यह अभिशाप बन जाता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज संचार का मुख्य साधन बन रहा है, लेकिन जिस प्रकार आज सोशल मीडिया द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है, उसके चलते इसकी क्रेडिबिलिटी कम होती जा रही है। कार्यकम में सतीश शर्मा ने सोशल मीडिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के उपप्रधानाचार्य के अलावा स्कूल के शिक्षक भी मौजूद रहे।

# सिरमौर के विकास कार्यों में धन का दुरुपयोग : भाजपा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** एक संयुक्त बयान में मुनीष चैहान, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला महामंत्री तपेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर व मीडिया सह संयोजक विक्रम वर्मा ने कहा कि सिरमौर जिला व नाहन विधानसभा क्षेत्र की जनता को कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के विधायक झूठ परोस रहे हैं और झूठ के आधार पर सत्ता में आई कांग्रेस लगातार पिछले तीन सालों से झूठ पर झूठ बोलकर सिरमौर की व नाहन की हर बहन को 1500 रुपए महीना मिलेगा और पहली कैबिनेट में मिलेगा, लेकिन आज तक एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। सिरमौर जिले के बेरोजगारों को नौकरी देने का न केवल झूठा वादा किया, बल्कि उनसे फॉर्म भरवाए गए कि कांग्रेस की सरकार के सत्ता में आते ही सबको सरकारी नौकरी मिलेगी और पक्की नौकरी मिलेगी, लेकिन सिरमौर जिला का बेरोजगार अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि झूठ की इंतहा हो गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बनाई जा रही सड़कों का झूठा श्रेय लेने का भरपूर प्रयास हो रहा है। जिला सिरमौर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सीआरएफ व केंद्रीय धन राशियों से सड़कों के निर्माण और रखरखाव का काम चला है और प्रदेश सरकार फूटी कौड़ी नहीं दे रही है।



भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मातर पंचायत में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों के लिए 35.50 करोड़ पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा दिए गए था, जिसे 3 साल तक जनहित में उपयोग नहीं किया गया और अब 3 साल बाद राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए उसी पैसे की घोषणा प्रदेश सरकार के नाम से की जा रही है। आदिबद्री से भेड़ों मातर सड़क निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपए पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिया गया था, जिसे अब कांग्रेस के नेता अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि नाहन मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए 261 करोड़ रुपए, नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपए और मातृ व शिशु अस्पताल के लिए 21 करोड़ रुपए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की सरकार को दिया गया है, लेकिन सारे कामों को बंद करके धन को दूसरी जगह खर्च किया जा रहा है, जो सिरमौर और नाहन की जनता के साथ धोखा है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजन व पथ संचलन

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**कसौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्मपुर खंड के तत्वावधान में रविवार को शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम कुमारहट्टी में राजा वीरभद्र कांप्लेक्स में आयोजित किया। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष की पृष्ठभूमि में आयोजित हुआ।



इसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में भाग लेकर अपने राष्ट्रीय दायित्व और संगठन के प्रति समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुषमा, अध्यक्ष आर्य समाज व अजय, प्रांत धर्म जागरण संयोजक, रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत शस्त्र पूजन से किया गया, जिसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा कुमारहट्टी बाजार में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मुख्य वक्ता अजय जी ने अपने उद्बोधन में संघ की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा शताब्दी वर्ष के पंच प्रणों का उल्लेख करते हुए कहा कि सशक्त समाज की सब ओर आदर और पूजा होती है, जबकि दुर्बल समाज की कोई रक्षा नहीं करता। अत: हिंदू समाज को संगठित होकर शक्ति-संपन्न बनना ही समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संघ का उद्देश्य केवल शाखा लगाना नहीं, बल्कि राष्ट्र को संगठित, संस्कारित और सशक्त बनाना है। संघ के स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा, शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान संघ गीत, प्रार्थना और शस्त्र पूजन की विधिवत प्रक्रिया संपन्न हुई। पथ संचलन के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से भारत माता की आरती कर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनो ने भाग लिया । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से खंड कार्यवाह इशांत शर्मा, खंड शारिरिक प्रमुख कुलदीप, खंड बौद्धिक प्रमुख अभिषेक, व्यवस्था प्रमुख देवेंद्र भंडारी, खंड संपर्क प्रमुख अजय मौजूद रहे। कार्यक्रम खंड संघचालक गुलाब सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में समापन हुआ।

# 'पंच परिवर्तन' अभियान के साथ समाज में घर-घर तक पहुंचेगा संघ

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माजरा ग्रामीण खंड के स्वयंसेवकों द्वारा संघ के 100 वर्ष पुरे होने पर स्वयंसेवकों द्वारा शताब्दी वर्ष बहुत ही सुंदर व भव्य तरीके के साथ मनाया।

इसमें कार्यक्रम अध्यक्ष गिरधारी लाल जो बिजली विभाग से अधिशाषी अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, वर्तमान में औषधीय चाय, चंदन, सिंदूर कि खेती पर विशेष ध्यान दिया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे संजय, आप वर्तमान में हिमाचल प्रांत के प्रांत प्रचारक हैं आप मुल निवासी दिल्ली के हैं 29 वर्षों से आप संघ के स्वयंसेवक हैं इससे पूर्व जम्मू कश्मीर में भी प्रचारक रहे हैं। विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए आप वर्तमान में प्रांत प्रचारक के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं, संजय ने संघ के 100 वर्षों की इस परिश्रम से भरी यात्रा पर टिप्पणी की साथ में उन्होंने बताया कि संघ के



स्वयंसेवक किस प्रकार से समाज में रहकर कार्य करते हैं साथ ही उन्होंने बताया कि संघ ने इस बार समाज के भीतर पंच परिवर्तन के अभियान के रूप में और लोगो के घर तक जाने का कार्य शुरू करना है। शताब्दी वर्ष के इस कार्यक्रम में आम समाज को भी निमंत्रण दिया गया था कार्यक्रम में गणवेश धारी स्वयंसेवकों कि संख्या 310 की रही । कार्यक्रम के उपरांत सभी लोगों के लिए भोजन कि भी व्यवस्था कि गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमिका रही सतीष अग्रवाल, विनीत वासुदेव, नंद किशोर, सौरभ धीमान, सुमित, नरेंद्र कुमार, संदीप शर्मा आदि स्वयंसेवकों की भूमिका रही।

# क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक अध्यापक महासंघ की सराहां व नारग खंड के अंतर्गत आने वाले अध्यापकों ने सराहां में एकत्रित होकर प्रदेश सरकार द्वारा गत दिनों जारी की गई उस अधिसूचना जिसमें प्राइमरी स्कूलों को क्लस्टर के तहत सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के अधीन रखा गया है, उसके विरोध में एक रोष रैली निकाली तथा एसडीएम पच्छाद के मार्फत शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया। अध्यापकों का मानना है कि जो व्यवस्था पहले थी, वह ज्यादा कारगर थी। उन्होंने दो टूक कहा कि इस क्लस्टर प्रणाली को लागू करने से बेहतर था कि सरकार स्कूलों में खाली पड़े पदों को भर्ती। उन्होंने सरकार द्वारा हाल ही में प्राइमरी स्कूलों में इंग्लिश माध्यम से पढ़ाई करवाने के फरमान की भी आलोचना की और कहा कि इस निर्णय को लेने से पहले अध्यापकों व अभिभावकों से चर्चा नहीं की गई।

# बाइक चोरी कर ले जा रहे तीन शातिर चढ़े ग्रामीणों के हाथ, किए पुलिस के हवाले

**अनंत ज्ञान, सराहां**

**कुछ बाइक और एक पिकअप हो चुकी है चोरी**

सिरमौर जिले के पच्छाद थाना क्षेत्र में शनिवार को एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जब दोपहर में 3 शातिर युवक एक नई बाइक पर हाथ साफ कर उसे ले जा रहे थे। भनक लगते ही ग्रामीणों ने इनकी घेराबंदी की। काफी मशक्कत के बाद एक युवक को उन्होंने दबोच लिया, जबकि 2 भागने में कामयाब हो गए।

मामला घिन्नीघाड़ की हरियाणा राज्य से सटी टिक्करी-कुठार पंचायत का है, जहां पहले भी वाहन चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। चोरों का पर्दाफाश न होने से ग्रामीण सहमे हुए थे। उन्हें हर समय अपने वाहनों की सुरक्षा का ड़र सताता रहता था। पंचायत प्रधान याद राम शर्मा ने बताया कि यहां से कुछ बाईक व एक पिकअप चोरी हो चुकी है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। चोरी की घटनाओं की शिकायतें पुलिस थाना पच्छाद में दी गई हैं, लेकिन शनिवार को हुई बाईक चोरी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 3 युवक शामिल थे, जो दिन के समय बाइक का लॉक तोड़कर व उसकी वायरिंग काटकर उसे चंडीगढ़- हरियाणा की तरफ ले जा रहे थे। भनक लगते ही स्थानीय लोगों ने उन्हें घेरा, जिसमें से गाड़ी में सवार 2 युवक फरार होने में कामयाब हो गए, जबकि एक को उन्होंने पकड़ लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। भागने में कामयाब हुए 2 शातीरों को लेकर ग्रामीण मुस्तैद थे, देर सायं जैसे ही उन्हें भनक लगी की वे इस तरफ आ रहे हैं उन्होंने दोनों को दबोच लिया। पुलिस के पहुंचने पर तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को दिखाई प्रेरणादायक फिल्म

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के इवेंट मैनेजमेंट क्लब ने कॉलेज के विद्यार्थियों को एक फिल्म द बॉय हू हार्नेसड विंड दिखाई, जो कि 13 साल के बालक की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है, जिसने कई चुनौतियों का सामना किया और अपने दृढ़ संकल्प और जुनून के साथ, सूखे से जूझ रहे अपने गांव की मदद की। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक ने बताया कि इस फिल्म दिखाने का उद्देश्य बच्चें में कड़ी मेहनत और संघर्ष से निपटने की प्रेरणा मिले। उन्होने कहा कि संघर्ष की जीवन है और विद्यार्थियों को संघर्ष करके ही अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए।

### नाहन से भगोड़ा घोषित, यमुना नगर से दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के पीओ सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए नाहन से फरार हुए एक मुजरिम को यमुना नगर से धर दबोचा है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पीओ सेल से मुजरिम विजय कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी गांव टसका खादर, डाकघर रादौर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर, हरियाणा को यमुनानगर से पकड़ा है। एसपी ने बताया कि मुजरिम नाहन की अदालत से भगौड़ा घोषित था। आईपीओ सेल सिरमौर की टीम में तैनात मानक नरदेव सिंह, आरक्षी इरफान ने यमुनानगर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मुजरिम को आज अदालत में पेश किया जाएगा ।

### भरली में साथी सैनिकों ने उठाई भाई की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के गिरि क्षेत्र के भोज के भरली गांव में हाल ही में एक ऐसा विवाह समारोह हुआ, जिसने पूरे गांव को भावुक कर दिया। यह शादी शहीद आशीष कुमार की बहन की थी, वह फौजी जो अगस्त, 2024 में अरुणाचल प्रदेश में ऑपरेशन अलर्ट 2024 के दौरान देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ था। बहन की विदाई के समय उसका भाई भले इस दुनिया में नहीं था, लेकिन उसके साथी सैनिकों ने भाई की भूमिका निभाते हुए उसकी विदाई की रस्म पूरी की। विदाई के क्षणों में जब दुल्हन की आंखें नम थीं, तो आशीष के साथी जवानों ने भाई की तरह फूलों की छतरी उठाकर उसकी विदाई की। यह दृश्य इतना भावुक था कि वहां मौजूद हर किसी की आंखें भर आईं। सैनिकों ने कहा फौज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार है। उन्होंने इस क्षण को भाईचारे और सम्मान के प्रतीक के रूप में यादगार बना दिया। शहीद आशीष के दो भाई खेती-बाड़ी करते हैं, लेकिन उनके बलिदान की स्मृति आज भी गांव में जीवित है। विवाह समारोह में जब सेना के जवानों ने बहन के सिर पर फूलों की छत्र लेकर उसे विदा किया, तो गांव में गूंज उठा जय हिंद, जय वीर सपूत। यह दृश्य साबित कर गया कि जब एक सिपाही शहीद होता है, तो पूरा फौजी परिवार उसके पीछे मजबूती से खड़ा रहता है।

### कथा श्रवण से होता है पापों का नाश : महाराज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** जहां भगवान की कथा होती है, वहां भक्ति मैया अपने पुत्रों ज्ञान और वैराग्य के साथ प्रकट हो जाती है। कथा श्रवण से पापों का नाश होता है। यदि कोई भूत-प्रेत की योनि में भी श्रवण कर ले, तो उसका भी कल्याण हो जाता है। यह विचार हरिद्वार के सुप्रसिद्ध संत शिव शंकर गिरी महाराज ने प्राचीन शिव मंदिर कुंदला में ब्रह्मलीन संत सच्चिदानंद सरस्वती जी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर व्यास पीठ से व्यक्त किए। उन्होंने संतों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि संत सदैव संसार के कल्याण के कार्य करते हैं और लोक में धर्म की ज्योति प्रज्वलित करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस घर में भक्ति होती है, वहां काम, क्रोध, लोभ आदि नहीं रहते। भक्ति भगवान को बांध लेती है और मनुष्य का कल्याण हो जाता है। संत महाराज ने कहा कि आज हम अपने बच्चों को सनातन की शिक्षा नहीं दे रहे, जिसके कारण वे अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। बच्चों को भी कथा का श्रवण कराना चाहिए, ताकि वे अपने धर्म को जान सकें और अपनी जड़ों से जुड़े रहें। यह श्रीमद् भागवत पुराण एवं शतचण्डी-रूद्री यज्ञ का आयोजन संत श्री राजन पुरी महाराज जी के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में 12 अक्तूबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश स्थापना से हुआ। प्रतिदिन प्रातः शतचंडी एवं रूद्री यज्ञ, मूल पाठ तथा दोपहर में कथा प्रवचन हो रहे हैं, जबकि सायंकाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है। 12 अक्तूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ आयोजन संपन्न होगा।

# पौष्टिक आहार लेने से एनीमिया रोकथाम के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**




सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की बाल विकास परियोजना कंडाघाट के साधुपुल वृत्त में पोषण व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभागों से वृत्त पर्यवेक्षक सुषमा शांडिल आयुष विभाग के फार्मासिस्ट लता, योग इंस्ट्रक्टर प्रियंका, विशाल और एलआरपी ललिता बतौर स्रोत व्यक्ति उपस्थित रहे।

पोषण माह के तहत की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। पोषण के पांच सूत्रों एक हजार सुनहरे दिन, पौष्टिक आहार लेने से एनीमिया रोकथाम, डायरिया प्रबंधन और स्वच्छता के बारे में बताया। प्रतिभागियों को ओबेसिटी यानी मोटापे की जानकारी दी गई। इससे होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को कम तेल, कम चीनी व कम नमक सेवन की सलाह दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में दो बेटियों को सम्मानित किया गया।

पोषाहार की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें बताया गया कि स्थानीय किसानों के फसल उत्पाद से कैसे पौष्टिक व्यंजन बनाए जा सकते है। इस मौके पर प्रधान ग्राम पंचायत तुंदल चित्ररेखा, कई पंचायतों की महिला पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाओं सहित 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# प्रदेश में हर जगह वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे की गूंज : अभिषेक ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश में वादा चोर-गद्दी छोड़ के नारे आज हर जगह गूंज रहे हैं। यह नारा पूरी तरह से वर्तमान सुक्खू की कांग्रेस सरकार पर लागू होता है। जनता का विश्वास इस सरकार से उठ चुका है, क्योंकि चुनाव से पहले किए गए बड़े-बड़े वादे आज तक अधूरे हैं। भाजपा सोलन के जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार ने युवाओं, कर्मचारियों, पेंशनरों और किसानों को निराश किया है। रोजगार देने, पुरानी पेंशन लागू करने, महंगाई कम करने और विकास को गति देने जैसे वादे केवल चुनावी जुमले बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब इन झूठे वादों से तंग आ चुकी है और वादा चोर-गद्दी छोड़ का नारा उनके मन की भावना को दर्शा रहा है। अभिषेक ने कहा कि मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगनी चाहिए और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बाकी है, तो उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देना चाहिए।

# दाड़लाघाट में श्रीजा गिफ्ट बॉक्स का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने दाड़लाघाट में श्रीजा गिफ्ट बॉक्स का शुभारंभ किया। यह गिफ्ट बॉक्स विकास खंड कुनिहार की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित स्वदेशी व पर्यावरण अनुकूल पूजा सामग्री से तैयार किया गया है। दीपावली पर्व के लिए विशेष रूप से तैयार यह बॉक्स ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरक कदम है। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं प्रदेश की महिला शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। इस मौके पर अर्की के विधायक संजय अवस्थी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में वोकल फॉर लोकल अभियान को मजबूत बनाएगी। इस दौरान बीडीओ कुनिहार तन्मय कंवर भी मौजूद रहे।




## खाने में देरी से लोग हुए नाराज, लगे नारे

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में आयोजित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यक्रम के समापन के बाद भोजन व्यवस्था में हुई देरी से स्थानीय लोग नाराज हो गए। मुख्यमंत्री के रवाना होने के बाद जैसे ही लोग धाम (भोजन) के लिए बैठने लगे, तब काफी देर तक भोजन परोसा नहीं गया। लंबे इंतजार से परेशान कुछ ग्रामीणों व बच्चों ने असंतोष जताते हुए नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि उन्हें कार्यक्रम में बुलाया गया था, लेकिन भोजन समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कार्यक्रम के बाद की अव्यवस्था व लोगों के रोष के दृश्य स्पष्ट रूप में देखे जा रहा हैं।

**आयोजन** ट्रक मालिकों व वाहन बेड़ा संचालकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया ऐप

# सीएम ने किया ट्रुक्सो ऐप का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट के युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर रॉबिन कंवर पुत्र राजेंद्र सिंह कंवर ने ट्रक मालिकों और परिवहन संचालकों के लिए एक अभिनव मोबाइल अनुप्रयोग ट्रुक्सो तैयार किया है।

यह ऐप विशेष रूप से छोटे और बड़े ट्रक मालिकों तथा वाहन बेड़ा संचालकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस ट्रुक्सो ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री सुक्खू ने दाड़लाघाट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, अर्की के विधायक संजय अवस्थी और दून के विधायक राम कुमार भी उपस्थित रहे। रॉबिन कंवर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट एडवर्ड स्कूल, शिमला से प्राप्त करने के बाद एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई (तमिलनाडु) से वर्ष 2023 में बीटेक की उपाधि हासिल की। तीन वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुभव व तकनीकी प्रयोग के बाद उन्होंने यह अनुप्रयोग विकसित किया है। इस मोबाइल अनुप्रयोग में जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) आधारित वास्तविक समय ट्रैकिंग, मार्ग इतिहास, गति व मूवमेंट अलर्ट तथा रिपोर्टिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके माध्यम से ट्रक मालिक यह जान सकेंगे कि उनका वाहन किस स्थान पर है, किस मार्ग से जा रहा है, उसकी औसत गति क्या रही और दिनभर में किन-किन गतिविधियों का संचालन हुआ। इन सभी जानकारियों से संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा निर्णय प्रक्रिया अधिक सटीक और सुगम होगी। रॉबिन कंवर ने बताया कि तीन साल की मेहनत का उद्देश्य यही था कि हर ट्रक मालिक चाहे वह छोटा हो या बड़ा एक सरल, भरोसेमंद और किफायती डिजिटल उपकरण के माध्यम से अपने वाहनों की पूरी जानकारी पा सके। हमारा लक्ष्य है कि परिवहन संचालन में समय और लागत दोनों की बचत हो। ट्रुक्सो के माध्यम से खाली लौटने वाली यात्राएं (रिटर्न ट्रिप्स) कम होंगी, बैकलोड (वापसी ट्रिप्स), बेहतर मार्ग नियोजन संभव होगा और ईंधन की बचत होगी। साथ ही इस प्लेटफॉर्म के विस्तार से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे, जैसे ट्रैकिंग सहायता, ग्राहक सेवा, आंकड़ा प्रविष्टि और क्षेत्रीय संचालन दल में कार्य के अवसर इससे हिमाचल प्रदेश के परिवहन क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा और मजबूती मिलेगी। रॉबिन कंवर अब ट्रुक्सो को और अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। वे निकट भविष्य में इसमें नए फीचर, लचीला सदस्यता मॉडल और प्रदेश स्तर पर स्मार्ट परिवहन नेटवर्क स्थापित करने की योजना पर काम कर रहे हैं, ताकि हिमाचल प्रदेश के ट्रकिंग क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सके।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सॉफ्टवेयर इंजीनियर रॉबिन कंवर का मॉडल देखते हुए।

# संतान परित्याग व गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया पर आशा वर्कर्स व मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सराहां**

जिला बाल संरक्षण ईकाई सिरमौर से संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत संतोष कुमारी व जिला बाल संरक्षण ईकाई से मनोज ठाकुर के द्वारा सीएचसी हॉस्पिटल संगड़ाह व सिविल हॉस्पिटल ददाहू श्री रेणुका जी का दौरा किया गया। संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी द्वारा सीएचसी हॉस्पिटल संगड़ाह व सिविल हॉस्पिटल ददाहू में लीगल एडॉप्शन के बारे में मौजूदा स्टाफ एवं आशा वर्कर्स को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जानकारी में बताया गया कि यदि कोई अभिभावक या अविवाहित माता अपनी संतान का परित्याग करना चाहती है, तो वह कानून के दायरे में ही ऐसा कर सकती हैं, जिसके लिए बच्चें का परित्याग करने वाली दंपति या अविवाहित माता को अपने बच्चे को जिला बाल संरक्षण ईकाई के समक्ष पेश करना होगा और बच्चे का परित्याग करने का कारण बताना होगा।

इसके बाद सी डब्लू सी माता-पिता को दो महीने अपने फैसले पर पुन: विचार के लिए देगी, कोई भी अपनी अनचाही संतान को कानून व्यक्तिगत तरीके से या पैसे के लालच में किसी दूसरे व्यक्ति को न सौंपे, यदि कोई स्वास्थ्य विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी ऐसा करते हुए पाया जाता हैं, तो यह दंडनीय हैं इसमें तीन वर्ष से सात वर्ष का कारावास व एक से तीन लाख तक जुर्माना होगा। कोई भी दंपति यदि निसंतान है ओर वह संतान की इच्छुक हैं तो वह सीएआरए की साइट पर carings .wcd.gov.in पर ऑनलाइन बच्चा गोद लेने के लिए एप्लाई करें, जिसमें दंपति को कानून के तहत संतान गोद दी जाती है, जहां पर बच्चे के सभी हितों पर ध्यान दिया जाता है, उसे वह सभी अधिकार दिए जाते हैं जो एक बच्चें को अपने जन्म देने वाले माता पिता से प्राप्त होते हैं, यदि किसी भी कर्मचारी या व्यक्ति को कोई गुमशुदा या माता पिता से बिछड़ा बच्चा मिल जाता है, तो यात्रा का समय न गिनते हुए 24 घंटे के भीतर वह बच्चा जिले में बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करना होगा या इसकी सूचना 1098, नजदीकी पुलिस स्टेशन, जिला बाल संरक्षण ईकाई को देनी होगी। एडॉप्शन से संबंधित सामाग्री सीएचसी हॉस्पिटल संगड़ाह व सिविल हॉस्पिटल ददाहू के प्रसुति कक्ष व हॉस्पिटल में पेस्ट की गई, ताकि आन-जाने वाली जनता व मेडिकल स्टाफ को मिल सके व कुछ सामग्री आशा वर्करों को वितरित की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### विधानसभा स्तर के खेलों का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फतेहाबाद के रतिया विधानसभा क्षेत्र के गांव फूला में रविवार को सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत विधानसभा स्तर के खेलों का शुभारंभ प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने की। इस प्रतियोगिता में रतिया, नागपुर और फतेहाबाद खंड के गांवों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे युवाओं की ऊर्जा, शक्ति और प्रतिभा का उत्सव है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खेलेगा भारत, तो खिलेगा भारत का आह्वान करके खेलों को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया है। खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियानों से देश में नई खेल संस्कृति का विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ देशभर में 21 सितंबर को किया गया था, जो 25 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित होगी। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन करीब 15 साल बाद राज्य स्तर पर बड़े पैमाने पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन 2 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक विभिन्न जिलों में होगा और इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गुरुग्राम से किया जाएगा।

### वोकल फॉर लोकल के साथ मनाएं दिवाली : राव नरबीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य तथा पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस बार हर देशवासी को 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प के साथ स्वदेशी दीपों से दिवाली मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर खर्च किया गया हर रुपया न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि रोजगार सृजन में भी योगदान देगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा। राव नरबीर सिंह गुरुग्राम जिला के फर्रुखनगर में प्रजापति कुम्भकार संघ द्वारा आयोजित 9वें मिशन माटी दीप महोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सामुदायिक केंद्र परिसर में एक साथ सामूहिक रूप से 5151 दीपों का प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने नगर पालिका फर्रुखनगर कार्यालय और लाइब्रेरी भवन का भी शिलान्यास किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल - लोकल फॉर ग्लोबल' दृष्टिकोण को आज देशभर में अद्भुत समर्थन मिल रहा है। हर नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह राष्ट्रहित में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे और विदेशी वस्तुओं की निर्भरता को कम करे। उन्होंने प्रजापति समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि 'प्रजापति समाज हमारी परंपराओं, संस्कृति और स्वदेशी पहचान का जीवंत प्रतीक है। उनके द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीए न केवल घरों में उजाला करते हैं बल्कि भारतीय कला और कौशल का संदेश भी देते हैं।'

### सूरजकुंड दिवाली मेले में दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशन में एवं राज्य के पर्यटन मंत्री श्री अरविन्द शर्मा के मार्गदर्शन में सूरजकुंड(फरीदाबाद) परिसर में आयोजित सूरजकुंड दिवाली मेला 2025 इस वर्ष आत्मनिर्भर भारत - स्वदेशी मेला की थीम पर आधारित है। यह मेला 7 अक्टूबर 2025 तक चलेगा और देश की विविध सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान और लोक कलाओं का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है। गत रात्रि मेले के सांस्कृतिक मंच पर वॉयस ऑफ पंजाब 2013 के विजेता गायक दीपेश राही ने अपनी दमदार और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दीपेश राही की प्रस्तुति मेले की प्रमुख आकर्षणों में से एक रही, जिसने पारंपरिक और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। श्री राही ने एक के बाद एक सुपरहिट गानों की प्रस्तुति दी, जिसमें 'सामने होवे यार ते नाचना पैंदा है', 'कजरा मोहब्बत वाला', 'गुड़ नाल इश्क मिट्ठा', 'चिट्टे सूट ते दाग पे गए', 'न जाई पीरा दे डेरे मस्त बना देंगे बिबा', 'डॉलर वांगू नी नाम सदा चलदा', 'दो गल्ला करिए बैजा', 'दिल चोरी साडा हो गया' और 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' जैसे गानों ने उपस्थित जनसमूह को झूमने और गुनगुनाने पर विवश कर दिया। उनके गीतों ने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि मेले में उपस्थित हर वर्ग के श्रोताओं को एक भावनात्मक और संगीतमय अनुभव प्रदान किया।

# सैनी ने चंडीगढ़ से शताब्दी ट्रेन दिल्ली की रवाना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज शताब्दी ट्रेन से चंडीगढ़ से दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की और अपने जापान दौरे तथा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 17 अक्तूबर को प्रदेश की वर्तमान सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है , इस समारोह में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पधारेंगे और अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। यह समारोह सोनीपत में आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने जापान के दौरे के बारे में बताया कि वे 6 से 8 अक्तूबर तक तीन दिवसीय जापान के दौरे पर रहेंगे। जापान में हरियाणा का पवेलियन लगाया गया है, जिसमें उनको शिरकत करनी है। इसके साथ ही वे कई निवेशकों से मुलाकात करेंगे और जापान में बसे हरियाणा के लोगों से भी संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की उद्योग नीति के मुताबिक जापान दौरा निवेश बढ़ाने और नए अवसर पैदा करने के लिए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश सरकार के 1 साल पूरा होने पर दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हरियाणा तीन गुना गति से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र के 42 वायदे पूरे हो चुके हैं और 90 पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य की करीब 19 लाख बहनों को मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिल रहा है। सरकार के तीसरे कार्यकाल में अब तक 25 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं।

सैनी ने बताया कि राज्य में पंचायत की जमीन पर 20 साल से कब्जा किए बैठे लोगों को मालिकाना हक दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 90% अंक लाने वाली अनुसूचित जाति की छात्राओं को 1.11 लाख रुपए की राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है। हर 10 किलोमीटर की दूरी पर सीबीएसई पैटर्न पर संस्कृति मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि एमएसपी को लेकर विपक्ष द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार लगातार किसानों के हित में फैसले ले रही है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के सारे आरोप हवा हो चुके हैं। कांग्रेस खत्म हो चुकी है और मोदी जी के मार्गदर्शन में देश एवं प्रदेश की सरकार लगातार जनहित के काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने एक साल बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाया है।

सीएलयू सीडी कांड के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामले कांग्रेस सरकार के समय होते थे। पूर्व सांसद श्री बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी ने हमेशा जोड़ने का काम किया है। चौधरी बीरेंद्र सिंह को मंत्री, उनके बेटे को सांसद और उनकी पत्नी को विधायक बनाया।

### मुख्यमंत्री सैनी जाएंगे जापान दौरे पर

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय औद्योगिक संबंधों को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा हरियाणा को वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा। भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, और हरियाणा इस अभियान का अग्रदूत बनकर विकसित भारत, विकसित हरियाणा के लक्ष्य को मजबूत आधार दे रहा है। 6 से 8 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय दौरे का उद्देश्य हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करना है। इस दौरान मुख्यमंत्री जापानी निवेश को आकर्षित करने, हरियाणा को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने और तकनीकी व विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने की दिशा में निवेशकों से रोडमैप साझा करेंगे। मुख्यमंत्री 6 अक्टूबर की सुबह टोक्यो पहुंचेंगे और आधिकारिक गतिविधियों की शुरुआत जापान के विदेश मंत्रालय तथा अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठकों से करेंगे।

# एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 में उमड़ा जनसैलाब



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

लखनऊ में हुई भव्य शुरुआत के बाद एसबीआई ग्रीन मैराथन सीज़न 6 की हरियाली की लहर रविवार को चंडीगढ़ पहुंची। मिर्ची के सहयोग से आयोजित इस आयोजन ने चंडीगढ़ क्लब को ऊर्जा, उत्साह और जिम्मेदारी के रंगों से भर दिया।

रन फॉर ए ग्रीनर इंडिया के नारे के साथ 4,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस और सामुदायिक एकजुटता का संदेश दिया। सेना के जवानों की उपस्थिति ने देशभक्ति का भाव बढ़ाया, वहीं व्हीलचेयर धावकों और विशेष रूप से सक्षम बच्चों की भागीदारी ने समावेश और साहस की भावना को नई ऊंचाई दी।

मैराथन को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के वरिष्ठ अधिकारियों मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा, महाप्रबंधक (नेटवर्क-2) नीरज भारती, महाप्रबंधक (नेटवर्क-3) विमल किशोर और महाप्रबंधक (नेटवर्क-1) मनमीत एस. छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनकी उपस्थिति ने पृथ्वी के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में एकता के महत्व को रेखांकित किया।

प्रतिभागियों को ऑर्गेनिक टी-शर्ट्स, प्लांटेबल बिब्स और कपड़े से बने हुए गुडी बैग्स दिए गए ताकि हर कदम सस्टेनेबल हो।

भारत में पहली बार धावकों को ब्लैक अल्कलाइन वॉटर प्रदान किया गया यह खनिजों से भरपूर पेय उच्च पीएच स्तर वाला है, जो थकान कम करने और रिकवरी में मदद करता है। वेस्ट मैनेजमेंट पार्टनर स्क्रैप ने आयोजन के बाद उत्पन्न कचरे को जिम्मेदारी से अलग किया और रीसाइक्लिंग सुनिश्चित की।

# एमके भाटिया ने 'फार्मा एक्स' प्लेटफार्म पर अमीषा से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



फिल्मी सितारों से मुलाकातों का सिलसिला जारी रखते हुए उत्तर भारत की फार्मा इंडस्ट्री के चर्चित नाम एम. के. भाटिया ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं।

इस बार उन्होंने 'गदर' और 'कहो ना प्यार है' जैसी सुपरहिट फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री अमीषा पटेल से 'फार्मा एक्स' के मंच पर विशेष भेंट की।

गौरतलब है कि एमके भाटिया न केवल फार्मा जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए हैं, बल्कि एंटरटेनमेंट की दुनिया में भी तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। अपने प्लेटफार्म मिट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले वे लगातार बॉलीवुड सितारों से मुलाकात कर रहे हैं और उद्योग जगत व मनोरंजन जगत के बीच एक नई कड़ी स्थापित कर रहे हैं।

भाटिया की इस नई पहल को लेकर चर्चा है कि वे जल्द ही फिल्म प्रोडक्शन हाउस के क्षेत्र में भी कदम रखने जा रहे हैं।

उनकी ऊर्जा और दूरदर्शी सोच से यह साफ है कि आने वाले समय में एम. के. भाटिया न केवल फार्मा सेक्टर, बल्कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में भी अपना विशेष स्थान बनाने में सफल होंगे।

### नई अध्यापक तबादला नीति को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा शिक्षा विभाग में अध्यापकों की ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू हो सकती है। नई संशोधित ट्रांसफर पॉलिसी को मुख्य सचिव की मंजूरी मिल चुकी है। मुख्य सचिव कार्यालय मंजूरी के बाद ट्रांसफर पॉलिसी की फाइल निदेशालय पहुंच गई है। अब निदेशालय द्वारा अंतिम मंजूरी के लिए वित्त विभाग के पास भेजा गया है। वित्त विभाग की मंजूरी के बाद प्रदेश में अध्यापकों के तबादले शुरू हो जाएंगे।

ट्रांसफर ड्राइव और शिक्षकों की मांगों को लेकर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंधु की अगुवाई में शिक्षा निदेशक जितेंद्र दहिया से मुलाकात कर ट्रांसफर ड्राइव की मांग प्रमुखता से उठाते हुए मांग कि लंबे समय शिक्षकों के ट्रांसफर अटके हुए हैं।

# स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव

**अनंत ज्ञान, पिंजौर**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पंचकूला सेक्टर 6, बेलाविस्टा के समक्ष और पिंजौर नगर में विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और पथ संचलन के कार्यक्रम अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुए। बेलाविस्टा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त आईएएस श्याम सुंदर ने शिरकत की,जबकि मुख्य वक्ता के रुप में जिला संघचालक बेअंत सिंह परमार मौजूद रहे।

दोनों कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों ने गणवेश में नगर के दस स्थानों पर पथ संचलन किया, वहीं दस स्थानों पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश, प्रबंध निदेशक, सेपियंट स्कूल तथा मुख्य वक्ता भूपेश कुमार, प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रहे। नगर संघ संचालक संजीव मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता भूपेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विजयादशमी का पर्व सत्य की असत्य पर विजय, धर्म की अधर्म पर जीत और आत्मबल के जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संघ ने अपने इतिहास में विरोध कालखंड से लेकर अपेक्षा कालखंड तक समाज में संगठन, सेवा और संस्कार की भावना को प्रबल किया है। भूपेश कुमार ने कहा कि किसी भी आपदा में संघ सदैव अग्रणी रहता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा में स्वयंसेवकों ने सेवा कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने 1962 और 1965 के भारत-पाक युद्धों के दौरान संघ के योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि राष्ट्रहित में किए गए कार्यों के चलते संघ को गणतंत्र दिवस की परेड में आमंत्रण प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता ने बेअंत सिंह परमार ने 'पंच परिवर्तन' स्वदेशी, स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वकर्तव्य और स्वाभिमान के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार बन सकता है।

## देश-विदेश

### पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार का खुलासा

# आतंकवादियों से चार बार मिला, मोबाइल चार्जर दिया

**एजेंसी, श्रीनगर**

पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था।



दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितंबर को अरेस्ट किया था। 26 साल का कटारी कुलगाम का रहने वाला है। कटारी ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। (अनंत ज्ञान)

### ऑपरेशन महादेव के दौरान गिरफ्तार हुआ था कटारी

**कटारी** की गिरफ्तारी ऑपरेशन महादेव के दौरान जब्त हथियारों की जांच की वजह से हुई। इससे पहले जून में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि तीन आतंकियों लश्कर कमांडर सुलेमान शाह, अफगान और जिबरान ने यह हमला किया था। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में इन तीनों आतंकियों को मार गिराया गया था।

### कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी। हालांकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ 11 मौतों की पुष्टि की है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाइयों को कंट्रोल करने वाली संस्था दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लिखेगा। (अनंत ज्ञान)

# गाजा में पीछे हटेगा इसराइल

## ट्रंप ने मैप जारी कर बताया-कहां तक हटेगी इसराइली सेना

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि इसराइल ने गाजा से पीछे हटने के लिए शुरुआती सीमा रेखा के लिए सहमति जताई है। ट्रंप ने इसराइल की वापसी को दिखाते हुए एक मैप भी शेयर किया। इसने उन्होंने पीली लाइन के जरिए बताया कि इसराइली सेना पहले चरण में वहां तक पीछे हटेगी। उन्होंने कहा, ये समझौता हमें 3 हजार साल पुराने संकट को खत्म करेगा। इससे पहले ट्रंप ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर हमास ने लड़ाई जारी रखी तो उसके सभी विकल्प खत्म हो जाएंगे। फिलहा, इसराइली सेना का गाजा के करीब 70% इलाके पर कब्जा है। मैप में दक्षिण गाजा के राफाह और फिलाडेल्फिया कॉरिडोर जैसे इलाकों को इसराइल के नियंत्रण में दिखाया गया है, जहां सुरक्षा बल बने रहेंगे। उत्तरी गाजा में बेइत हनून के आसपास का इलाका भी इसराइली सुरक्षा जोन के रूप में दिखाया गया है। गाजा सिटी और उसके आस-पास के शरणार्थी शिविरों को नक्शे में ऐसे इलाकों के रूप में दिखाया गया है, जहां फिलहाल पूरी तरह वापसी नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

### हमास के जवाब का इंतजार

**हमास** ने अब तक इस प्रस्ताव पर औपचारिक सहमति नहीं दी है। सोमवार से मिस्र में इनडायरेक्ट बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। अगर हमास इस योजना को मंजूरी देता है, तो ट्रंप प्रशासन पहले चरण की वापसी और शांति व्यवस्था लागू करने की तैयारी करेगा।

### अब यूपीआई से टोल पेमेंट करना हुआ सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने फास्टैग के नियमों में बदलाव किया है। जिन ड्राइवरों के पास वैलिड फास्टैग नहीं होगा और वे यूपीआईसे पेमेंट करते हैं, तो उन्हें रेगुलर टोल का 1.25 गुना देना पड़ेगा। वहीं, अगर कैश पेमेंट करते है तो पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। नए नियम 15 नवंबर से लागू होंगे। टेक्निकल खराबी या बैलेंस कम होने की स्थिति में ये नियम फायदेमंद होगा। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर राज्यों के बीच फास्टैग ठीक से न चलने पर डबल पेनल्टी देनी पड़ती है। अब उनके पास यूपीआई से पेमेंट का ऑप्शन होगा, जिसमें कम पेनल्टी लगेगी।

### टेक्सास में गोलीबारी, दो बच्चों की मौत

**एजेंसी, टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास के एंगलटन शहर के पास शनिवार को हुई गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्राजोरिया काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, अधिकारियों ने घटनास्थल पर 13 और 4 वर्ष के दो बच्चों को मृत पाया। 8 और 9 वर्ष के दो अन्य बच्चों को गंभीर हालत में हेलिकॉप्टर से अस्पताल भेजा गया। शेरिफ कार्यालय ने बताया, संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी कहां और किन परिस्थितियों में हुई।

### भारत-ब्रिटेन की नौसेनाओं ने किया अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ब्रिटेन की कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) ने पश्चिमी हिंद महासागर में भारतीय नौसेना के साथ 'कोंकण' अभ्यास शुरू किया है। ब्रिटिश सीएसजी का नेतृत्व एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कर रहा है। यह जानकारी ब्रिटिश उच्चायोग ने रविवार को साझा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारत और ब्रिटेन के बीच 'कोंकण' अभ्यास का मकसद दोनों नौसेनाओं की संयुक्त समुद्री और वायु क्षमताओं को बढ़ाना है। 2004 से प्रत्येक दो साल में यह अभ्यास होता आ रहा है। लेकिन यह पहली बार है, जब ब्रिटिश और भारतीय कैरियर स्ट्राइक ग्रुप संयुक्त समुद्री अभ्यास कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# रूस की यूक्रेन पर बमबारी में पांच की मौत

**एजेंसी, कीव**

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी संघर्ष में स्थिति और भयावह होती जा रही है। ध्यान देने वाली ये भी है कि अभी दूर-दूर तक इस संघर्ष के खत्म होने के आसार भी नहीं दिख रहे है। कारण है कि इन दिनों रूस का यूक्रेन पर हमला और तेज हो गया है। इस संघर्ष के ताजा अपडेट की बात करे तो शनिवार रात भर रूस ने यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर ड्रोन, मिसाइल और गाइडेड बमों से हमला किया, जिसमें कम से कम पांच आम नागरिक मारे गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार सुबह बताया कि रूस ने नौ अलग-अलग इलाकों में 50 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें और करीब 500 ड्रोन दागे। पश्चिमी शहर लविव में हुए एक संयुक्त ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच लोग की मौत हुई, जिनमें एक 15 साल का बच्चा भी शामिल है। इस हमले से दो इलाकों में बिजली गुलहो गई और सार्वजनिक यातायात भी कुछ घंटों के लिए बंद रहा। (अनंत ज्ञान)

# अब पाक के रक्षामंत्री ने भारत को दी गीदड़ भभकी

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है, ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। (अनंत ज्ञान)

### कहा-अब जंग हुई तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा

# नेपाल में लैंडस्लाइड से दो दिन में 47 लोगों की मौत

**एजेंसी, काठमांडू**



नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 47 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई। इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा कि रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकॉप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हॉलिडे घोषित किया है। (अनंत ज्ञान)

### सेना हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू में जुटी

**शटडाउन** सुरक्षा के लिए 8 दिन का फंड बाकी, 5 दिन से कामकाज ठप: अमेरिका ऊर्जा सचिव

# शटडाउन का अमेरिका के न्यूक्लियर हथियारों पर भी असर

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में 5 दिन से जारी शटडाउन के कारण नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन के पास देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए सिर्फ आठ दिन का फंड बचा है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सचिव क्रिस राइट ने चेतावनी देते हुए कहा, 'आठ और दिनों का फंडिंग, उसके बाद हमें आपातकालीन बंदी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा, जो देश की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा।' राइट ने एक इंटरव्यू में कहा कि फंड खत्म होने पर नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन को स्टाफ कम करना पड़ेगा।

गौर रहे कि रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच फंडिंग बिल पर सहमति न बन पाने के कारण अमेरिका में 1 अक्तूबर से शटडाउन शुरू हो गया था। ऊर्जा विभाग की हालिया शटडाउन योजना के अनुसार, कुल मिलाकर, ऊर्जा विभाग के 60% कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है।






हालांकि, वे कर्मचारी बने रहेंगे जो 'क्रिटिकल कंट्रोल ऑपरेशंस सिस्टम' चलाते हैं, जैसे कि न्यूक्लियर मटेरियल वाले सिस्टमों का रखरखाव या यूनिक उपकरणों की मॉनिटरिंग। इसके अलावा, परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे। योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं करवा सके ट्रंप

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए थे। इस वजह से देश में लगातार 5वें दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। इससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके।



### राहुल गांधी विदेश में देश विरोधी बयान देने वाले पहले नेता: रिजिजू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर विदेश में दिए गए अपने भाषण को लेकर चर्चा में है। भाजपा कोलंबिया में उनके द्वारा लोकतंत्र को लेकर कही गई बातों को देश विरोधी बताते हुए हमलावर है, जिसके चलते दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का बाजार भी गर्म हो गया है। ऐसे में अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी को आड़े-हाथ लेते हुए उनके बयानों की आलोचनी की है। रिजिजू ने कहा कि अब तक कोई भी विपक्ष के नेता (लीडर ऑफ द ऑपोजीशन) विदेश जाकर देश या सरकार के खिलाफ बयान नहीं देता था, लेकिन राहुल गांधी पहले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने विदेश में जाकर देश, हमारे सिस्टम और लोकतंत्र के खिलाफ बात की है। उन्होंने नाम लेकर इंदिरा गांधी, लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद पवार जैसे नेताओं का उदाहरण दिया। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने कोलंबिया में कहा कि भारत विश्व नेतृत्व नहीं कर सकता, यह बात पूरी तरह गलत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम चीन में दो मैत्री मैच खेलेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष टीम आठ और 10 अक्टूबर को चीन की अंडर-17 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए बीजिंग जाएंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली बिबियानो फर्नांडिज की भारतीय टीम गोवा में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है और छह अक्तूबर को चीन पहुंचेगी। मेजबान टीम के खिलाफ दोनों मैच चीन की राजधानी बीजिंग से लगभग 80 किमी दूर शियांगही के नेशनल फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर में खेले जाएंगे। ये मैत्री मैच भारत के एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी का हिस्सा है जो नवंबर में अहमदाबाद में खेला जाएगा। भारत को क्वालीफायर्स में फलस्तीन, चीनी ताइपे, लेबनान और ईरान के खिलाफ खेलना है। टीम इस प्रकार हैं, जिनमें गोलकीपर : आदिल, मानसज्योति बरुआ, मारूफ शफी, राजरूप सरकार। डिफेंडर : इंद्र राणा मागर, कोनथौजाम कोरोउ मैतेई, लॉमसांगजुआला, एमडी ऐमान बिन, युमनाम मालदीनो सिंह। मिडफील्डरः अबरार अली बाबा, डल्लालमुओन गंगटे, निंगथौजम मुकुंदो सिंह, थांगगौमांग टौथांग, थोकचोम डाइमंड सिंह, येंगखोम नितीशकुमार मैतेई। फारवर्ड : अजीम परवीज नजर, अजलान शाह, हीरंगनबा सेराम, ऋषिकेश चरण मनावथी, लेसविन रेबेलो, रहान अहमद, वांगखेइराकपम गुनलेइबा।

### 'कभी हार मत मानो' हेडबैंड के माध्यम से जर्मन एथलीट मार्जिलियर ने जताया आभार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स 2025 में पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले जर्मनी के फर्राटा धावक मैक्स मार्जिलियर ने बड़े अनोखे और भावनात्मक अंदाज में भारत में मिल रहे शानदार आतिथ्य के प्रति अपना सम्मान और आभार जताया। अपने फाइनल मुकाबले में मार्जिलियर ने सफेद रंग का हेडबैंड पहन रखा था, जिस पर केसरिया अक्षरों से 'कभी हार मत मानो' लिखा था। साथ ही बैंड के ऊपरी हिस्से में कमल का फूल भी उकेरा गया था, जो इस एथलीट के मुताबिक यह बौद्ध धर्म के प्रति उनके सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ-साथ पवित्रता और दृढ़ता का प्रतीक है। यह भारत को धन्यवाद कहने का उनका तरीका था। जापान के रयोटा फुकुनागा और बोत्सवाना के बोस मोकगवती को पछाड़ने के बाद मार्जिलियर ने बताया, हम एथलीटों का यहां बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया जाता है। मार्जिलियर के मुताबिक यह विचार उनके और जर्मन लंबी कूद एथलीट मार्कस रेम की कोच और ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट स्टेफी नेरियस से आया है। स्टेफी को शिष्टाचार के प्रतीक के रूप में हर मेज़बान देश की भाषा में लिखे शब्दों को पहनने की आदत थी। मार्जिलियर ने दिल्ली में उस परंपरा को अपनाया और उसे अपना बना लिया। हेडबैंड पर कमल के प्रतीक ने इसमें अर्थ की एक और रोचक परत जोड़ दी। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह लचीलेपन और शालीनता का प्रतीक है और ऐसे गुण चोट से उबरने के उनके अपने सफर को दर्शाते थे। वह कहते हैं, 'मुझे पता है कि बौद्ध धर्म में शालीनता और लचीलापन महत्वपूर्ण है। यह कठिनाइयों से बेदाग़ होकर आगे बढ़ने के बारे में है। मेरे लिए, यह एक आदर्श प्रतीक था। अंत में उन्होंने कहा, 'खेल में सम्मान उतना ही मायने रखता है, जितना परफार्मेंस।

### एना इवानोविच ग्लैमरस अंदाज में

**सर्बिया।** सर्बिया की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविच अपने टेनिस करियर के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। इवानोविच अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी चर्चा रहती हैं।



### कानपुर के होटल में खाना खाने से 4 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तबीयत बिगड़ी

**एजेंसी, कानपुर।** भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे एकदिवसीय मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम के चार खिलाड़ियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी को फूड पॉइज़निंग की शिकायत हुई जिसमें तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी तीन खिलाड़ियों को प्राथमिक इलाज और जांच के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों की तबीयत होटल के भोजन के सेवन के बाद बिगड़ी, हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि न तो अस्पताल प्रशासन और न ही ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट ने की है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि थॉर्नटन में तेज बुखार, उल्टी और डिहाइड्रेशन जैसे लक्षण देखे गए, जिसके चलते उन्हें निगरानी में रखा गया था। टीम मैनेजर ने बताया कि चार खिलाड़ियों को रूटीन मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया था। तीन की हालत सामान्य पाई गई और उन्हें छुट्टी दे दी गई। लेकिन थॉर्नटन में गंभीर लक्षण थे, जिसके कारण उन्हें भर्ती करना पड़ा। अब उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है और उन्हें भी अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। इस अप्रत्याशित घटना ने ऑस्ट्रेलिया-ए टीम की तैयारियों पर आंशिक रूप से असर डाला है। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन ने डाइट चार्ट में तत्काल बदलाव किए हैं। अब खिलाड़ियों को स्थानीय भोजन और पानी से परहेज करने की सख्त सलाह दी गई है। टीम के फिजियो और मेडिकल स्टाफ लगातार सभी खिलाड़ियों की सेहत पर नजर बनाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि जिन खिलाड़ियों की तबीयत खराब हुई थी वे सभी पहले वनडे मुकाबले में टीम का हिस्सा थे।

## चयनकर्ताओं का रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने पर खुलासा

# फॉर्म और फिटनेस पर नहीं रहा भरोसा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा को बीसीसीआई ने वनडे कप्तानी से हटा दिया। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम अनाउंसमेंट में सबसे चौंकाने वाला फैसला यही रहा। शुभमन गिल को टेस्ट के बाद वनडे टीम की कमान भी सौंप दी गई, वे भारत के 28वें वनडे कप्तान बने।

2022 में तीनों फॉर्मेट की कुल टाइम कप्तानी मिलने के बाद रोहित ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में टीम को फाइनल तक पहुंचाया। टीम ऑस्ट्रेलिया से खिताबी मुकाबला हार गई, लेकिन रोहित ने हार नहीं मानी और भारत को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बना दिया।

इतना ही नहीं, इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी भी जितवाई। 2 आईसीसी ट्रॉफी और 2 एशिया कप जिताने के बावजूद रोहित को 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक कप्तानी नहीं करने दी गई। ऐसे में सवाल उठता है कि उन्हें कप्तानी से आखिरी हटाया क्यों गया। चीफ सेलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो बातें कहीं उससे कप्तान बदले जाने के पीछे पांच कारण समझ में आते हैं।

### चयनकर्ताओं ने बताए ये पांच कारण

#### वनडे वर्ल्ड कप 2 साल दूर

वनडे वर्ल्ड कप अभी 2 साल दूर है। 2027 के अक्तूबर-नवंबर में यह टूर्नामेंट अफ्रीका में होना है। अगरकर ने कहा कि नया कप्तान बनाने का यह सही समय है। मैनेजमेंट शुभमन को वनडे कप्तान के रूप में समय देना चाहता है। ताकि वर्ल्ड कप तक उन्हें इस टीम को लीड करने की आदत हो जाए।

#### रोहित घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते

रोहित 2013 से पहले तक घरेलू क्रिकेट में रेगुलर थे, लेकिन इसके बाद से उनके मैच कम हो गए। उन्होंने 2018 में आखिरी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई के लिए लिस्ट-ए मैच खेला था। उसके बाद से वे घरेलू क्रिकेट से नदारद रहे।

सिलेक्शन कमेटी इस बात पर जोर भी दे चुकी है कि टीम का हिस्सा बनने के लिए हर खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट खेलना ही होगा। रोहित का घरेलू क्रिकेट छोड़ना भी उन्हें कप्तानी से हटाए जाने की वजह बना।

#### 38 साल से ऊपर की उम्र

रोहित 38 साल के हो चुके हैं, 37 साल की उम्र में टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जिताया था। भारत से अब तक महज 5 खिलाड़ी 38 साल की उम्र के बाद भी वनडे खेल पाए। इनमें मोहिंदर अमरनाथ ही इकलौते प्लेयर रहे, जिन्होंने 39 की उम्र तक वनडे खेला। टीम इंडिया वनडे फॉर्मेट में फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उम्रदराज प्लेयर्स को तवज्जो नहीं देती।

#### तीन अलग कप्तान नहीं चाहता बीसीसीआई

चीफ सेलेक्टर ने कहा कि तीन फॉर्मेट के लिए तीन अलग-अलग कप्तान बनाना मुमकिन नहीं है। इस समय गिल टेस्ट के और सूर्यकुमार यादव टी-20 टीम के कप्तान हैं। गिल को दो फॉर्मेट की कप्तानी दी गई है। माना जा रहा है कि गिल जल्द ही तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बन सकते हैं।

#### जगह लेने के लिए युवा तैयार

**रोहित** ने 2023 से अपनी बल्लेबाजी का अंदाज बदला था। उन्होंने ओपनिंग करते हुए पारी संभालने के बजाय बड़े शॉट्स खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाने पर फोकस किया। पिछले 2 साल से वे यही काम कर रहे हैं। इस कारण 2023 से 22 पारियों में उनके स्कोर 30 से 90 के बीच रहे।

### कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का रिजल्ट

- रोहित शर्मा ने भारत के लिए 56 वनडे मैचों में कप्तानी की है, 42 मैच जीते, 12 मैच हारे, 1 मैच टाई और 1 मैच का कोई परिणाम नहीं रहा।
- रोहित का वनडे क्रिकेट में बतौर कप्तान जीत प्रतिशत 75 का रहा है। 50 से ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाले भारतीय कप्तानों में अच्छा रिकॉर्ड है।
- रोहित की कप्तानी में भारत ने 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी जीता और भारत 12 साल बाद आईसीसी के वनडे फॉर्मेट में चैंपियन बना।
- रोहित शर्मा बतौर कप्तान 2 बार एशिया कप जीत चुके हैं ।
- 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में रोहित की कप्तानी में भारत फाइनल तक पहुंचा था।
- 2023 के वनडे वल्ड कप में रोहित ने 597 रन बनाए थे। सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

#### द्रविड़ की बराबरी

**वनडे** जिताने वाले कप्तानों में रोहित शर्मा राहुल द्रविड़ के साथ पांचवें नंबर पर रहे। एमएस धोनी 110 जीत के साथ टॉप पर हैं, उन्होंने 200 वनडे में टीम की कप्तानी की।

## महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को दी कड़ी चुनौती

**एजेंसी, कोलंबो**

कोलंबो में खेले जा रहे इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 32 और प्रतिका रावल ने 31 रन बनाए।

नंबर-8 पर बैटिंग करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए डायना बेग ने 4 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल को 2-2 विकेट मिले।

टॉस के दौरान रेफरी की गलती से भारत टॉस हार गया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल्स बोला। सिक्का जमीन पर हेड्स गिरा। साउथ अफ्रीका की मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज ने गलती से सना की कॉल को हेड्स सुन लिया था। उन्होंने पाकिस्तान को टॉस की विजेता घोषित किया।

टॉस के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले एशिया कप में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था।

भारतीय टीम ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी इनकार कर दिया था। इससे टीम को चैंपियन बनने के बाद भी बिना ट्रॉफी के लौटना पड़ा था।



## गोल्फर भुल्लर चौथे दौर में 74 के कार्ड के कारण खिताब से चूके

**एजेंसी, जकार्ता**



भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर का इंडोनेशिया में छठा खिताब जीतने का सपना जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के चौथे दौर में 74 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद खत्म हो गया।

तीसरे दौर तक खिताब के दौड़ में रहे भुल्लर आखिरी दिन तीन बर्डी के मुकाबले तीन बोगी और दो डबल बोगी कर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गए। ऑस्ट्रेलिया के वेड ओर्म्बसे ने सडन-डेथ प्लेऑफ में जिम्बाब्वे के स्कॉट विंसेंट को हराकर खिताब अपने नाम किया।

तीसरे दौर के बाद 45 साल के ओर्म्बसे, विंसेंट और भुल्लर 11 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर थे । भुल्लर ने जहां चार ओवर को निराशाजनक कार्ड खेला वहीं ओर्म्बसे और विंसेंट ने एक अंडर के कार्ड के साथ शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

## नाकामूरा ने गुकेश को 5-0 से दी शिकस्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हिकारू नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया जिससे अमेरिका के एर्लिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश ने भारत को 5-0 से रौंद दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को अंतरराष्ट्रीय मास्टर कारिसा यिप ने हराकर उलटफेर किया।

**दिव्या देशमुख को कारिसा यिप ने हराकर किया उलटफेर**

अंतरराष्ट्रीय मास्टर लेवी रोजमैन ने इसके बाद सागर शाह को हराया जबकि ईथन वैज को अंतरराष्ट्रीय मास्टर टेनी एडेवुमी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## पेरीकार्ड ने फ्रिट्ज को हराकर उलटफेर किया

**एजेंसी, शंघाई।** फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर रविवार को शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 , 6-3 से मात दी।

## पैरा खेलों को शौक के तौर पर किया था शुरू : कॉकरॉफ्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ब्रिटेन की मशहूर व्हीलचेयर रेसर हन्ना कॉकरॉफ्ट ने खेलों को शौक के तौर पर शुरू किया था लेकिन उन्होंने कभी रिकॉर्ड 19वां विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के बारे में नहीं सोचा था जिस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। कॉकरॉफ्ट ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में महिलाओं की 800 मीटर टी34 स्पर्धा में अपना 19वां विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने रिकॉर्ड एक मिनट 49.88 सेकेंड का समय निकाला।

कॉकरॉफ्ट ने कहा, ''मुझे असल में तब तक पता नहीं था कि यह मेरा 19वां विश्व खिताब है जब तक कि किसी ने मुझे रेस के बाद नहीं बताया। लेकिन मैं पूरी तरह से उत्साहित हूं। शायद इस प्रदर्शन पर मुझे सबसे अधिक गर्व है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे 15 साल की उम्र में व्हीलचेयर रेसिंग में हाथ आजमाने का मौका मिला था। मुझे यह बहुत पसंद आया और मैं इसे शौक के तौर पर करना चाहती थी।'' कॉकरॉफ्ट ने कहा, ''फिर मुझे 18 साल की उम्र में मेरी पहली विश्व चैंपियनशिप के लिए चुना गया और मैं बस अनुभव के लिए गई और फिर यही मेरा काम बन गया।''

मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने के दौरान दो चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाने वाली कॉकरॉफ्ट 2011 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के बाद से कोई बड़ा फाइनल नहीं हारी हैं। उन्होंने चार पैरालंपिक खेलों में भाग लिया है और नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते। कॉकरॉफ्ट ने कहा, ''मुझे यह बहुत पसंद है। मुझे आजादी पसंद है, मुझे गति पसंद है, मुझे दर्शकों की भीड़ और समर्थन पसंद है।

## कोहली के साथ अंडर-19 टीम में रहे तन्मय और अजितेश ऑस्ट्रेलिया ए शृंखला में कर रहे अंपायरिंग

**एजेंसी, कानपुर।** विराट कोहली की अगुवाई में 2008 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के अहम सदस्य रहे तन्मय श्रीवास्तव और अजितेश अर्गल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में मैदानी अंपायर की भूमिका निभा रहे हैं। पैंतीस साल श्रीवास्तव और 37 साल के अर्गल की इस तरह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी हो सकती है लेकिन इस बार वे खिलाड़ी की जगह अंपायर की भूमिका में दिखेंगे।

मध्यम गति के गेंदबाज अर्गल कुआलालंपुर में खेले गए अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैन ऑफ द मैच रहे थे। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज श्रीवास्तव ने 262 रन के साथ उस शृंखला में अपनी छाप छोड़ी थी। कोहली अपनी शानदार फिटनेस के बूते अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सक्रिय हैं और ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे की तैयारी कर रहे है तो वहीं श्रीवास्तव और अर्गल कानपुर में तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला के दौरान मैदानी अंपायर की भूमिका निभा रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट में घरेलू अंपायरों का स्तर वर्षों से खास अच्छा नहीं रहा है। इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि सिर्फ नितिन मेनन ही आईसीसी के एलीट पैनल का हिस्सा हैं। अर्गल और श्रीवास्तव के लिए हालांकि अभी ये शुरुआती दिन हैं लेकिन दोनो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर आईसीसी एमिरेट्स पैनल और फिर एलीट पैनल तक पहुंचने की कोशिश करेंगे।

## इंटर मिलान ने सिरी ए में क्रेमोनेस को हराया

**एजेंसी, मिलान**



लॉटेरो मार्टिन के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है।

मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ग्युसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं।

उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली (209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला। लीस ने पार्मा को 1-0 से हराया।

### रीयाल मैड्रिड ला लीगा में शीर्ष पर

**एजेंसी, मैड्रिड।** विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे जबकि चोटिल होने से पहले काइलियान एमबाप्पे ने भी एक गोल किया जिससे रीयाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल को शनिवार को यहां 3-1 से हराकर ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। फ्रांस के एमबाप्पे शनिवार को 81वें मिनट में गोल करने के कुछ देर बाद अपना दायां टखना पकड़कर बैठ गए और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। विनिसियस ने 47वें और 69वें मिनट में गोल किए। इस जीत से मैड्रिड ने गत चैंपियन बार्सीलोना को पछाड़कर अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के पास हालांकि रविवार को सेविला को हराकर फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिरोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जबकि एथलेटिक बिलबाओ ने मालोर्का को 2-1 से शिकस्त दी। लेवांते ने ओविएडो को 2-0 से हराया।

### आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर

**एजेंसी, लंदन ।** ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरूरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने सदरलैंड के खिलाफ जीत हासिल की। टोटेनहैम ने लीड्स को 2-1 से हराया और अब टीम अर्सेनल और लीवरपूल के बाद तीसरे स्थान पर है।

## ईरानी कप

### दुबे और ठाकुर की शानदार गेंदबाजी, विदर्भ ने तीसरी बार ईरानी कप जीता

# फाइनल में रेस्ट ऑफ इंडिया को 93 रन से हराया

**एजेंसी, नागपुर**



यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को यहां मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा।

बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया।

दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया। शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिये। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका।

ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुर्माना लगा सकते हैं। ठाकुर ने अगली ही गेंद पर आकाश दीप को बोल्ड किया और फिर पिछले साल रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच खत्म किया। शेष भारत के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, ''विदर्भ की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और वे जीत के हकदार थे। हमने परिस्थितियों का बेहतर आकलन नहीं किया। हम अगर ऐसा कर पाते तो उनके स्कोर के करीब पहुंच सकते थे।'' तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इस मैच से भारतीय गेंदबाज आकाश दीप अपनी फिटनेस साबित करने में सफल रहे। आकाश दीप इंग्लैंड दौरे पर ओवल टेस्ट के दौरान चोटिल हो गये थे। उन्होंने कंधे की चोट से उबरते हुए इस मैच में 29 ओवर गेंदबाजी (पहली पारी में 19 और दूसरी पारी में 10) में तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में अभिमन्यु ईश्वरन बड़े मैचों में लचर प्रदर्शन के तमगे को पीछे छोड़ने में फिर से नाकाम रहे। उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक लगाया लेकिन दूसरी पारी में 17 रन बनाकर आउट हो गए। वह दोनों पारियों में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे और दोनों बार एक ही तरह से बैकफुट पर पगबाधा आउट हुए।

## आज जीत का खाता खोलने उतरेंगे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका

**एजेंसी, इंदौर**

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें सोमवार को जब महिला विश्व कप के मैच में आमने-सामने होंगी तो अपने शुरुआती मुकाबलों में मिली करारी हार की निराशा को भुलाकर जीत का खाता खोलने का प्रयास करेंगी। न्यूजीलैंड को जहां अपनी गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होती तो वहीं दक्षिण अफ्रीका की नजरें अपनी बल्लेबाजों की फॉर्म पर होगी।

न्यूजीलैंड को पहले मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी तो वहीं दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड ने 10 विकेट से रौंद दिया।

दोनों ही मुकाबलों में हारने वाली टीम की बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की गेंदबाजों ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 22वें ओवर में पांच विकेट पर 128 रन करने के बावजूद उसे 326 रन बनाने दिए। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की और कप्तान सोफी डिवाइन की 112 रन की पारी के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच पाई। न्यूजीलैंड ने आखिरी पांच विकेट केवल 19 रन पर गंवा दिए।

दक्षिण अफ्रीका के मामले में उनकी टीम 69 रन पर आउट हो गई और उसकी केवल एक खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाई। प्रतिस्पर्धी बनने के लिए लॉरा वोलवार्ट, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और मारिजैन कैप के बल्ले से उम्मीद होगी।

दक्षिण अफ्रीका गुवाहाटी से आएगा और उसकी बल्लेबाज एक अच्छी पिच पर बल्लेबाजी करना चाहेंगी जहां गेंद आसानी से बल्ले पर आती हो। मैच दोपहर तीन बजे शुरू होगा।